CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28°C
न्यूनतम : 23°C

लखनऊ, गुरुवार 14 अगस्त 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 284 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 19 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्रः श्री बांके बिहारी मंदिर न्यास गठन अध्यादेश को मंजूरी पेज 2



भारत में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी को मंजूरी खेल टाइम्स



हर घर तिरंगा: राष्ट्रभक्ति का जनांदोलन और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक सम्पादकीय



दुश्मन एक बूंद पानी नहीं छीन सकता: शहबाज शरीफ पेज 2

# पुणे कोर्ट में वकील बोले राहुल की जान को खतरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/पुणे।** राहुल गांधी के वकील मिलिंद पवार ने बुधवार को पुणे कोर्ट में कहा कि राहुल की जान को खतरा है। सावरकर मानहानि केस की सुनवाई के दौरान राहुल के वकील मिलिंद पवार ने कोर्ट में लिखित सूचना देकर कहा कि वोट चोरी का मामला उजागर करने के बाद राहुल गांधी को खतरा बढ़ गया है।

यह बयान मीडिया में आने के बाद कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने एक्स पर लिखा कि राहुल गांधी के वकील ने बिना उनसे बात किए या उनकी सहमति लिए कोर्ट में लिखित बयान दाखिल करके उनकी जान पर खतरे का हवाला दिया था। इस बात से राहुल की घोर असहमति है। इसलिए कल (गुरुवार) उनके वकील इस बयान को कोर्ट से वापस लेंगे। राहुल के वकील ने एमपी/ एमएलए स्पेशल कोर्ट से अपील की थी कि राहुल के खिलाफ मानहानि की शिकायत करने वाले नाथूराम गोडसे के वंशज हैं। केस की निष्पक्ष सुनवाई के लिए राहुल को प्रिवेंटिव प्रोटेक्शन दी जाए। यह राज्य की संवैधानिक जिम्मेदारी है। मामले की अगली सुनवाई 10 सितम्बर को होगी। मिलिंद ने यह भी बताया कि बीजेपी नेता आरएन बिट्टू ने राहुल को आतंकवादी कहा था।



- **कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत बोलीं- वकील ने राहुल की सहमति के बिना बयान दिया, आज वापस लेंगे**

## सोनिया भारतीय नागरिक बनने से पहले वोटर बनीं: भाजपा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के वोटर लिस्ट में गड़बड़ी में आरोपों के बीच भाजपा की आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने बुधवार को दावा किया कि सोनिया गांधी का नाम भारत की वोटर लिस्ट में दो बार तब शामिल हुआ, जब वह भारतीय नागरिक भी नहीं थीं। वहीं, भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि रायबरेली में एक ही घर पर 47 वोटर्स कैसे रजिस्टर किए गए हैं, राहुल और सोनिया को कभी ये नाम नहीं दिखे। उन्होंने कहा कि राहुल दो बार चुनाव लड़े, प्रियंका एक बार चुनाव लड़ीं। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि वायनाड में कैसे नए वोटर्स की एडिशन हुई है। आपने तो तीन बार वोट ले लिया।

# एससी/एसटी आरक्षण में 'क्रीमी लेयर' लागू करने की याचिका स्वीकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एससी/एसटी आरक्षण में 'क्रीमी लेयर' लागू करने की मांग पर सुनवाई करने का फैसला किया है।

यह याचिका रामाशंकर प्रजापति ने दायर की है। उनका कहना है कि आरक्षण का फायदा ज्यादातर एससी/एसटी के अमीर और मजबूत वर्ग को मिल रहा है, जबकि गरीब लोग पीछे रह जाते हैं। याचिका में कहा गया है कि एससी/एसटी आरक्षण में दो स्तर हों, पहले आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को, फिर बाकी को मौका मिले। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है और 10 अक्टूबर को अगली सुनवाई होगी। याचिकाकर्ता ने 2024 के देविंदर सिंह केस का हवाला दिया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि एससी/एसटी में भी 'क्रीमी लेयर' यानी अमीर वर्ग की पहचान करके उन्हें आरक्षण से बाहर किया जा सकता है। अदालत ने माना था कि ऐसा करने से ही असली समानता आएगी। केंद्र सरकार ने 9 अगस्त 2024 को घोषणा की थी कि अनुसूचित जाति और जनजातियों (एससी/एसटी) के आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू नहीं किया जाएगा। कैबिनेट मीटिंग के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि एनडीए सरकार बीआर अंबेडकर के बनाए गए संविधान से बंधी है। इस संविधान में एससी/एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर का कोई प्रावधान नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने एक अगस्त 2024 को 20 साल पुराना अपना ही फैसला पलटते हुए कहा था कि राज्य सरकारें अब अनुसूचित जाति, यानी एससी के रिजर्वेशन में कोटे में कोटा दे सकेंगी।

**याचिकाकर्ता ने कहा: आरक्षण का फायदा ज्यादातर एससी/एसटी के अमीर और मजबूत वर्ग को मिल रहा**



## आवारा कुत्तों के मामले में दोबारा विचार करेंगे: CJI

**नई दिल्ली।** सीजेआई बीआर गवई ने दिल्ली-एनसीआर की सड़कों से आवारा कुत्तों पर लगे प्रतिबंध पर फिर से विचार करने आश्वासन दिया। सीजेआई ने कॉन्फ्रेंस फॉर ह्यूमन राइट्स (इंडिया) की याचिका पर सुनवाई करते हुए टिप्पणी की। एनजीओ की सचिव ननीता शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में मामले में सुनवाई के लिए जल्द तारीख तय करने की मांग की थी।

## विपक्ष भी उपराष्ट्रपति उम्मीदवार उतारेगा

**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेता उपराष्ट्रपति चुनाव के उम्मीदवार पर चर्चा के लिए 18 अगस्त को बैठक कर सकते हैं। राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इंडिया ब्लॉक के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत कर रहे हैं। उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए 9 सितम्बर को वोटिंग होगी और उसी दिन मतगणना भी होगी। उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है। 25 अगस्त तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है। दरअसल, जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अचानक देश के 14वें उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे दिया था।

## उरी सेक्टर में मुठभेड़, बिहार का जवान शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में बुधवार तड़के नियंत्रण रेखा के पास हुई मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उरी सेक्टर के चुरंडा इलाके में तड़के लगभग 3:30 बजे भीषण लेकिन संक्षिप्त गोलीबारी हुई। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान जवान गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में उसकी मृत्यु हो गई। शहीद जवान की पहचान बिहार के भागलपुर निवासी हवलदार अंकित कुमार के रूप में हुई है।

## यूपी के फर्रुखाबाद में नाव से पहुंची बारात


**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश-बिहार में जमकर बारिश हो रही है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, गोरखपुर समेत कई जिलों में बारिश जारी है। मुरादाबाद में बाढ़ में मंगलवार को बहे पुलिस सिपाही मोनू रामगंगा का शव 24 घंटे बाद बरामद हुआ। फर्रुखाबाद के 50 से ज्यादा गांवों में बाढ़ है। यहां के पंखियन की मड़ैया गांव में मुस्लिम परिवार में बेटी की शादी थी। ऐसे में दूल्हा करीब 50 लोगों के साथ नाव से गांव पहुंचा। तब जाकर निकाह हुआ।

# पहलवान सुशील कुमार की जमानत रद्द

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के एक मामले में पहलवान सुशील कुमार की जमानत रद्द कर दी है। कोर्ट ने उन्हें एक हफ्ते के अंदर आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया है। ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार पर पहलवान सागर धनखड़ की हत्या का मामला दर्ज किया गया था।

दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी थी। पहलवान सुशील कुमार मामले में शिकायतकर्ता की वकील जोशीनी तुली ने कहा कि बुधवार को सुशील कुमार को दी गई जमानत एक त्रुटिपूर्ण आदेश होने के कारण रद्द कर दी गई। इसीलिए पीड़ित के पिता अशोक धनखड़ की अपील पर हाईकोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया गया है। हमने उस आदेश को इस आधार पर चुनौती दी थी कि वह एक त्रुटिपूर्ण आदेश था। यह कानूनन सही नहीं था, क्योंकि सुशील कुमार ने जब भी अंतरिम जमानत ली थी, तब गवाहों से छेड़छाड़ की थी। मुख्य गवाह ने मामले का समर्थन किया था। घटना का वीडियो फुटेज भी मौजूद था, इसलिए यह अपील स्वीकार कर ली गई। सुशील कुमार जब भी अंतरिम जमानत पर बाहर आए, उन्होंने घायल गवाहों सहित सभी सरकारी गवाहों से छेड़छाड़ की।



- **सुप्रीम कोर्ट ने एक हफ्ते के अंदर आत्मसमर्पण करने का दिया आदेश**

## रूडी ने कांस्टीट्यूशन क्लब के चुनाव में संजीव बालियान को हराया

**नई दिल्ली।** कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के मौजूदा सांसद राजीव प्रताप रूडी ने जीत हासिल कर इस पद पर अपना दबदबा बरकरार रखा है। श्री रूडी ने अपनी ही पार्टी के पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान को चुनाव में मात दी। बुधवार सुबह घोषित हुए चुनाव परिणाम में उन्होंने श्री बालियान को 100 से अधिक वोटों से हराया। श्री रूडी को 392 वोट मिले हैं, जबकि श्री बालियान को 290 वोट हासिल हुए हैं। बिहार की सारण लोकसभा सीट से भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी पिछले 25 साल से सचिव पद पर हैं। इस बार श्री बालियान ने उन्हें चुनौती दी थी। श्री रूडी ने पहली बार 1999 में सचिव पद का चुनाव जीता था। श्री रूडी ने कहा कि मैं 100 से ज्यादा वोटों से जीता हूं।






## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र अभियान शुरू होगा

**नई दिल्ली।** पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग पेंशनभोगियों की पेंशन जारी रखने के लिए नवंबर में राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान संचालित करेगा, जिसके तहत 1850 से अधिक जिलों, शहरों और कस्बों में शिविर लगाए जाएंगे। पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग के सचिव वी. श्रीनिवास ने इस अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए बुधवार को बताया कि इसके लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक अपने 1.8 लाख डाकियों और ग्रामीण डाक सेवकों के विशाल नेटवर्क के माध्यम से 1600 जिला तथा उप-मंडल डाकघरों में शिविर आयोजित करेगा। यह बैंक घर-घर जीवन प्रमाण पत्र देने की सेवायें भी प्रदान करता है।

### सात परियोजनाओं का आकलन

**नई दिल्ली।** बड़ी अवसंरचनात्मक परियोजनाओं की तैयारी और कार्यान्वयन के लिए विभागों के बीच पूर्ण तालमेल के साथ काम करने के लिए विकसित प्रधानमंत्री गतिशक्ति के सिद्धांत के तहत अधिकारियों के समूह ने बिहार, छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र और तमिलनाडु से जुड़ी तीन रेल-मार्ग परियोजनाओं सहित बुनियादी क्षेत्र की सात परियोजनाओं का आकलन किया है। इनमें सड़क, लॉजिस्टिक्स और वस्त्र क्षेत्र की भी परियोजनाएं शामिल है।

### हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ

**लखनऊ।** सीएम योगी ने बुधवार को हर घर तिरंगा अभियान 13-15 अगस्त का शुभारंभ किया। इस मौके पर राष्ट्रभक्ति के गीतों की धुनों के बीच मुख्यमंत्री ने तिरंगा यात्रा का नेतृत्व करते हुए अपने आवास से यात्रा को रवाना किया।

### सिंधु जल संधि मुद्दे को लेकर भड़के पाक पीएम, 48 घंटे में तीन पाक नेताओं ने दी धमकी

# दुश्मन एक बूंद पानी नहीं छीन सकता: शहबाज शरीफ

**इस्लामाबाद, वार्ता**



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सिंधु जल संधि को स्थगित करने पर भारत को धमकी दी है। राजधानी इस्लामाबाद में हुए एक कार्यक्रम में शरीफ ने कहा- दुश्मन (भारत) पाकिस्तान से एक बूंद पानी भी नहीं छीन सकता। आपने हमें पानी रोकने की धमकी दी। अगर ऐसा करने की कोशिश की, तो पाकिस्तान आपको ऐसा सबक सिखाएगा, जिसे जिंदगीभर नहीं भूलेंगे।

शरीफ ने कहा कि भारत अगर पाकिस्तान की तरफ बहने वाला पानी रो. कने की कोशिश करता है, तो यह सिंधु जल संधि का उल्लंघन होगा। उन्होंने धमकी देते हुए कहा कि इसका जवाब निर्णायक तरीके से दिया जाएगा। पाकिस्तानी पीएम ने आगे कहा कि पानी पाकिस्तान की लाइफलाइन है और अंतर्राष्ट्रीय समझौतों के तहत देश के

**■ ऐसा सबक सिखाएंगे जिंदगीभर याद रहेगा**

अधिकारों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। शहबाज शरीफ से पहले पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो भारत को युद्ध की धमकी दे चुके हैं। सोमवार को दिए एक बयान में बिलावल ने कहा था कि अगर भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित रखा, तो पाकिस्तान के पास जंग के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। भुट्टो ने सिंध प्रांत की सरकार के एक कार्यक्रम में कहा था कि मोदी सरकार के कदमों ने पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचाया है। हमें एकजुट होकर इन आक्रामक नीतियों का जवाब देना होगा। भुट्टो ने दावा किया था कि पाकिस्तान के लोग 6 नदियों को वापस लेने के लिए जंग करने में सक्षम हैं।

### पाक पीएम को ओवैसी का जवाब हमारे पास है ब्रह्मोस, बकवास न करें



**नई दिल्ली।** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने एक बार पाकिस्तान को जमकर खरी-खोटी सुनाई है। उन्होंने पाकिस्तान और उनके प्रधानमंत्री समेत अनाप-शनाप बयान देने वाले लोगों को चेतावनी भी दी। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के कथित बयान श्कोई पाकिस्तान से पानी की एक बूंद भी नहीं छीन सकताश पर एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि ब्रह्मोस है हमारे पास उन्हें ऐसी बकवास नहीं करनी चाहिए। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि मैं क्रिकेट मैच देखने नहीं जा रहा हूं। मेरी अंतरात्मा, मेरा दिल इसकी इजाजत नहीं देता। हमें उस देश के लोगों के साथ क्रिकेट क्यों खेलना है, जो हमें हर दिन धमकी दे रहे हैं? आप पानी देना बंद कर चुके हैं। पानी से बड़ी कोई जरूरत है क्या? आपने बार्डर बंद कर दिए। आपने व्यापार बंद कर दिए। कितना नुकसान होगा, 300 करोड़-400 करोड़? मेरा जमीर गवारा नहीं करता। भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ पर ओवैसी ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति को यह तय करना होगा कि वह उस देश के साथ व्यापार करेंगे, जहां आतंकवाद एक व्यापार है, या भारत के साथ।

# राजस्थान में यूपी के 11 श्रद्धालुओं की मौत

**दौसा/एटा।** एटा के कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव असरौली पर गम का पहाड़ टूट पड़ा। राजस्थान के दौसा में बुधवार को हुए सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत हुई है। इनमें 9 असरौली और दो फिरोजाबाद निवासी रिश्तेदारों की हादसे में जान चली गई। गांव से दो पिकअप वाहनों में 42 लोग खाटू श्याम के दर्शन करने गए थे।

दर्शन करने के बाद सभी लौट रहे थे। रास्ते में लौटते समय यह हादसा हुआ। सूचना मिलते ही गांव में चीत्कार मच गया। सूचना मिलने के बाद डीएम प्रेम रंजन सिंह, एसएसपी श्याम नारायण सिंह, एएसपी राज. कुमार सिंह, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश सहित तमाम प्रशासनिक और पुलिस अधिक. ारी गांव में पहुंच गए। डीएम ने बताया कि मृतकों, घायलों की सूची तैयार की गई है। दौसा जिला प्रशासन से लगातार संपर्क में हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह बेहद व्यस्त रोड है इसलिए आम तौर पर यहां गाड़ियां ओवरटेक नहीं कर पाती, लेकिन संभवतरू रात में नींद की झपकी आने की वजह से यह हादसा हो गया।

### पीएम ने की राहत राशि देने की घोषणा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के दौसा में एक हादसे में हुए जान माल के नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परि. जनों को दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे।

# उत्तर प्रदेश विधान परिषद से छह विधेयक पारित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन बुधवार को विधान परिषद से कुल छह विधेयक सर्वसम्मति से पारित किए गए। यह विधेयक विधानसभा से पहले ही पारित हो चुके हैं।

परिषद के सभापति मानवेन्द्र सिंह की तरफ से आज कार्यवाही के दौरान कुल छह विधेयक पेश किए गए। जिसे उपस्थित सदस्यों ने सहमति से पास कर दिया है। इन विधेयकों में उत्तर प्रदेश निरसन विधेयक, 2025, उत्तर प्रदेश निजी विश्व. विद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2025, उत्तर प्रदेश निजी विश्व. विद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2025, उत्तर प्रदेश मोटर यान कराधान (संशोधन) विधेयक, 2025, उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2025 और उत्तर प्रदेश लोक अभिलेख विधेयक, 2025 शामिल है।

### देश में विकसित होगा उत्तर प्रदेश: खन्ना

**लखनऊ।** संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने उम्मीद जाहिर की कि आजादी की 100वीं वर्षगांठ तक उत्तर प्रदेश देश का सबसे विकसित राज्य के तौर पर उभरेगा। विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के विजन डॉक्यूमेंट पर 24 घण्टे की चर्चा में भाग लेते हुए खन्ना ने कहा कि जब आजादी की 100वीं वर्षगांठ मनाई जाए तो देश में सबसे विकसित राज्य के रूप में यूपी हो, इसके लिए हम काम करेंगे।

### विकसित भारत, विकसित यूपी पर सदन में 24 घंटे की चर्चा शुरू

# श्री बांके बिहारी मंदिर न्यास गठन अध्यादेश को मंजूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र के तीसरे दिन बुधवार को श्री बांके बिहारी मंदिर निर्माण अध्यादेश को मंजूरी प्रदान कर दी गई।

सदन में आज सुबह 11 बजे विकसित भारत, विकसित यूपी विजन डॉक्युमेंट 2047 पर लगातार 24 घंटे की चर्चा शुरू हो गई है। इसमें सरकार विभागवार उपलब्धियां और विजन रख रही है, जबकि विपक्ष के सवालों का दौर भी जारी है- सत्र में बांके बिहारी कॉरिडोर आर्डिनेंस विधेयक भी पास हो गया है। अध्यादेश स्पष्ट करता है कि मंदिर के चढ़ावे, दान और सभी चल-अचल संपत्तियों पर न्यास का अधिकार होगा। इसमें मंदिर में



**■ श्री बांके बिहारी मंदिर के चढ़ावे, दान और सभी चल-अचल संपत्तियों पर न्यास का अधिकार होगा**

स्थापित मूर्तियां, मंदिर परिसर और प्रसीमा के भीतर देवताओं के लिए दी गई भेंट/उपहार, किसी

पूजा-सेवा-कर्मकांड-समारोह-धार्मिक अनुष्ठान के समर्थन में दी गई संपत्ति, नकद या वस्तु रूपी अर्पण, तथा मंदिर परिसर के उपयोग के लिए डाक/तार से भेजे गए बैंक ड्राफ्ट और चेक तक शामिल हैं। मंदिर की संपत्तियों में आभूषण, अनुदान, योगदान, हुंडी संग्रह सहित श्री बांके बिहारी जी मंदिर की सभी चल एवं अचल संपत्तियां सम्मिलित मानी जाएंगी। स्वामी हरिदास के समय से चली आ रही रीति-रिवाज, त्योहार, समारोह और अनुष्ठान बिना किसी हस्तक्षेप या परिवर्तन के जारी रहेंगे। न्यास दर्शन का समय तय करेगा, पुजारियों की नियुक्ति करेगा और वेतन, भत्ते/प्रतिकर निर्धारित करेगा।

### विजन नहीं, रीजन डाक्यूमेंट पर चर्चा करे सरकार: अखिलेश



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में योगी सरकार के विजन डाक्यूमेंट पर जारी चर्चा के बीच समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार को विजन नहीं रीजन डॉक्यूमेंट को निकालकर बताना चाहिए कि उन्होंने किस वजह से अपना एक भी वादा पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह से फेल हो चुकी है। इन्होंने नौ साल में भ्रष्टाचार लूट, बेईमानी की। सरकार कानून व्यवस्था, बाढ़ नियंत्रण, शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास हर मामले में असफल हो गई है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड टूट गए है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की नफरत और भेदभाव की राजनीति से जनता में भारी आक्रोश है। भाजपा की नकारात्मक कार्यप्रणाली को जनता समझ गई है। इस सरकार में अन्याय, अत्याचार चरम पर है। किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। भाजपाई गरीबों की और सरकारी जमीनों पर कब्जा कर रहे है। जनता की गाड़ी कमाई से आया बजट का बंदरबांट कर लिया। पूरे प्रदेश का माहौल भाजपा के खिलाफ है। जनता भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने को तैयार हैं, भाजपा सरकार जनता का सामना करने से डरी हुई है।



**सेंसेक्स** 80539.91
**निफ्टी** 24619.35



**सोना रु.** 100057
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 114850
प्रति किलो



# बैंकिंग, ऑटो सेक्टरों में लिवाली से 304 अंक चढ़ा सेंसेक्स

**मुंबई।** ट्रम्प-पुतिन वार्ता में युक्रेन संघर्ष पर विराम की संभावनाओं के बीच विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी रही। प्रमुख सूचकांकों में बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 304.32 अंक (0. 38 प्रतिशत) की तेजी में 80,539.91 अंक पर पहुंच गया। निफ्टी-50 भी मंगलवार की तुलना में 131.95 अंक यानी 0.54 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,619.35 अंक पर बंद हुआ।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के बीच अमेरिका के अलास्का में 15 अगस्त को बैठक होनी है। इस बैठक में युक्रेन-रूस संघर्ष पर विराम पर सहमति बनने की संभावना से दुनिया भर के शेयर बाजारों में तेजी



देखी जा रही है। संसेक्स 256.58 अंक की मजबूती के साथ 80,492. 17 अंक पर खुला और पूरे दिन हरे निशान में बना रहा। इसका दिवस के निचला स्तर 80,319 अंक और उच्चतम स्तर 80,683.74 अंक रहा। इसी तरह निफ्टी-50 भी 98.80 अंक चढ़कर 24,586.20 अंक पर खुला। यह नीचे 24,535.25 अंक और ऊपर 24,664.55 अंक तक गया। ऑटो, फार्मा और धातु सेक्टरों में ज्यादा लिवाली हुई। स्वास्थ्य सेवाओं, निजी बैंकों और रियलिटी सेक्टरों के सूचक. ांक भी रहे निशान में रहे। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और एफएमसीजी के सूचकांकों में गिरावट देखी गई। संसेक्स की 30 में से 22 कंपनियों के शेयर हरे निशान में बंद हुए। बीईएल का शेयर सबसे अधिक 2.25 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इटरनल में 2.08 फीसदी की तेजी रही। कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर 1. 56 फीसदी, टाटा मोटर्स का 1.48 प्रतिशत और महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1. 42 प्रतिशत चढ़ा। पावर ग्रिड, भारती एयरटेल और सनफार्मा में भी एक प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। अडानी पोर्ट्स का शेयर सबसे अधिक 0.78 प्रतिशत गिर गया। आईटीसी में 0.58 प्रतिशत और अल्ट्राटेक सीमेंट में 0.46 प्रतिशत गिरावट दर्ज की गई।

### सोना फिर एक लाख रुपए के पार, चांदी भी तेज

**नई दिल्ली।** बुधवार को सोने का भाव एक लाख रुपये के पार हो गया है। चांदी के दाम में भी तेजी देखी गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोना का दाम 387 रुपए बढ़कर 1,00,057 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 99,670 रुपए पर था। चांदी की कीमत भी 1,537 रुपए बढ़कर होकर 1,14,850 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,13,313 रुपए पर थी।

देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,015,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,015,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 रही। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 रही, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 रही। ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है।

# पांच-छह साल में 30-35 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा मोबाइल फोन उद्योग

**नई दिल्ली, वार्ता**

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रसारण मंत्रालय के निदेशक निर्मोद कुमार ने बुधवार को कहा कि पिछले 10 साल में देश के मोबाइल फोन उद्योग का आकार 27 गुना हो गया है और आने वाले पांच-छह साल में यह औसतन 30 से 35 प्रतिशत सालाना की दर से बढ़ेगा। कुमार ने यहां दूरसंचार क्षेत्र की विनिर्माण कंपनी ऑप्टिमस इंफ्राकॉम के एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि पिछले एक दशक में देश के इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की औसत विकास दर 20 प्रतिशत सालाना रही है। इस दौरान मोबाइल फोन उद्योग में जबरदस्त तेजी दर्ज की गई और इसका आकार 27 गुना हो गया। वहीं मोबाइल निर्यात 120 गुना बढ़ा जो यह दिखाता है कि इस क्षेत्र में किस गति से प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि अगले पांच-छह साल में मोबाइल उद्योग में 30 से 35 प्रतिशत औसत वार्षिक विकास दर की रफ्तार से बढ़ने की संभावना है। इंडिया सेलुलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) के अध्यक्ष पंकज मोहिंद्रू ने कहा कि अब तक भारतीय कंपनियों ने अमेरिकी बाजार को ध्यान में रखकर सारी योजनाएं बनाई, अब इसमें बदलाव लाने और नए सिरे से सोचने की जरूरत है। कार्यक्रम के दौरान ऑप्टिमस ने देश का पहला एंटी-माइक्रोबियल बीआईएस स्टैंडर्ड 'राइनोटेक' टेंपर्ड ग्लास पेश किया जिसे सितंबर में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में बाजार में उतारा जाएगा। यह शुरूआत में सिर्फ प्रीमियम स्मार्टफोन मॉडल के लिए उपलब्ध होगा।

# किसी को भी स्वास्थ्य से वंचित नहीं होने देगी सरकार: मंत्री मयंकेश्वर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मानसून सत्र के तीसरे दिन बुधवार को उत्तर प्रदेश विधान परिषद में समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने स्वास्थ्य व्यवस्था का मुद्दा सदन में उठाया।

सपा के सदस्य मुकुल यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की उत्तर प्रदेश की वर्तमान सरकार के 8 वर्ष से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में उत्तर प्रदेश का स्थान सबसे नीचे है। मुकुल यादव ने कहा कि लोहिया संस्थान लखनऊ और केजीएमयू लखनऊ जैसे बड़े स्वास्थ्य संस्थानों में गम्भीर मरीजो का इलाज नहीं हो पा रहा है। इन संस्थानों से गम्भीर मरीजो को निजी अस्पतालों मे दलालों के माध्यम से इलाज हेतु भेज दिया जाता है। आज जिला चिकित्सालय भ्रष्टाचार के केन्द्र बन गए है। जिला चिकित्सालयों मे उच्चीकरण / सुदृढ़ीकरण हेतु उपकरणों / साज सज्जा खरीद में भारी भ्रष्टाचार व्याप्त है। सपा के सदस्य बलराम यादव ने कहा कि अमर शहीद राजा जयपाल सिंह 100 शैय्या संयुक्त जिला चिकित्सालय अतरौलिया जनपद आजमगढ़ के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेन्द्र कुमार ध्रुव द्वारा वर्ष 2023-24 में उक्त चिकित्सालय के उच्चीकृत हेतु जेम निविदा द्वारा मनमाने तरीके से एक करोड़ 76 लाख की खरीदारी की गई है। जिसकी शिकायत शासन में हुई। इसके तहत तत्कालीन जिलाधिकारी द्वारा त्रि-सदस्यीय समिति (मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य कोषाधिकारी, आजमगढ़) गठित की गई जिसमें समिति द्वारा डा. सुरेन्द्र कुमार ध्रुव दोषी पाए गए। 2 फरवरी, 2024 को जांच आख्या शासन को प्रेषित की गई, तत्पश्चात निदेशक, प्रशासन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा दिनांक 29 जून 2024 को डा. सुरेन्द्र कुमार ध्रुव को आरोप प्रत्र दिया गया, परन्तु एक वर्ष से अधिक का समय बीत जाने के उपरान्त भी उनके विरुद्ध अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। सपा सदस्यों द्वारा उठाए गए प्रश्नों के जवाब में उत्तर प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि एसजीपीजीआई, केजीएमयू में वेंटिलेटर पर्याप्त मात्रा में हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेगा। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# लखनऊ में माध्यमिक शिक्षकों का आंदोलन

## अब आर-पार की तैयारी, ऑफलाइन तबादला सूची जारी होने तक धरना जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी के पार्क रोड स्थित माध्यमिक शिक्षा निद. शालय के कैंप कार्यालय पर एडेड माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। सोमवार से शुरू हुए इस आंदोलन का एकमात्र उद्देश्य ऑफलाइन स्थानांतरण सूची को तत्काल जारी कराना है।

शिक्षक नेताओं का कहना है कि यह मामला लंबे समय से लटका हुआ है और बार-बार आश्वासन मिलने के बावजूद सूची जारी नहीं की गई। प्रदेश अध्यक्ष सोहनलाल वर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को प्रतिनिधिमंडल ने माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी से मुलाकात की,



जिसमें संगठन के सुरेश त्रिपाठी, राजीव यादव, श्रवण कुमार और शिक्षिका तृप्ति पहाड़ी भी शामिल रहे। बैठक में मंत्री ने पंद्रह दिन में निस्तारण और एक-दो दिन में मुख्यमंत्री से चर्चा का आश्वासन दिया, किंतु शिक्षक नेताओं ने स्पष्ट कर दिया कि इस बार केवल आश्वासन से धरना समाप्त नहीं होगा और सूची जारी होने के बाद ही आंदोलन खत्म किया जाएगा। शिक्षकों का कहना है कि इससे पहले भी माध्यमिक शिक्षा निदेशक और प्रशासन ने कई बार आश्वासन दिया, लेकिन नतीजा शून्य रहा। विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने पच्चीस अगस्त से पहले सूची जारी करने की मांग रखते हुए कहा कि लिखित और तिथि-बद्ध निर्णय ही स्वीकार होगा।

धरनास्थल पर मौजूद शिक्षक लगातार यह दोहरा रहे हैं कि जब तक ठोस निर्णय नहीं हो जाता, निद. शालय का घेराव और धरना दोनों जारी रहेंगे। मंत्री गुलाब देवी ने कहा है कि मामला विचाराधीन है और सरकार स्तर पर चर्चा कर समाधान निकाला जाएगा, जबकि शिक्षक

# लखनऊ में एनएसयूआई का उग्र प्रदर्शन, बैरिकेडिंग तोड़ी, पुलिस ने घेरकर इको गार्डन भेजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश की राजधानी में बुधवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई ने क्षेत्रीय अध्यक्ष अनस रहमान के नेतृत्व में निर्वाचन आयोग कार्यालय के घेराव के लिए जोरदार प्रदर्शन किया। भाजपा पर वोट चोरी और निर्वाचन आयोग पर पक्षपात के गंभीर आरोप लगाते हुए कार्यकर्ता सुबह से ही हजरतगंज में जुटने लगे। प्रशासन को पहले से आंदोलन की जानकारी थी, लिहाजा पूरे इलाके में भारी पुलिस बल और महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत एनएसयूआई कार्यकर्ता जब चुनाव आयोग कार्यालय की ओर बढ़े तो पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोक दिया। प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग तोड़ने का प्रयास किया। नेताओं का दावा है कि वे अब पीछे हटने वाले नहीं हैं।

# लखनऊ में गांजा तस्करी का बड़ा खुलासा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी में नशे के कारोबार का एक बड़ा मामला सामने आया है।

नगराम थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन तस्करों को चार किलो सात सौ ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी विवेक कुमार चौधरी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में सरोजनी नगर निवासी मनीष यादव, कांशी राम कॉलोनी निवासी देव रावत उर्फ देवेश रावत और नगराम के खेड़ा गांव निवासी जगदीप यादव उर्फ बब्लू यादव शामिल हैं। गांजे की इतनी बड़ी खेप राजधानी में पकड़े जाने से नशे के कारोबार की गंभीरता एक बार फिर उजागर हुई है। सवाल यह है कि जब प्रदेश की राजधानी में इस स्तर पर तस्करी हो रही है, तो अन्य जिलों में हालात का अंदाजा सहज लगाया जा सकता है। नशे और नशीले पदार्थों की तस्करी युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेल रही है,

बावजूद इसके यह सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस प्रकार के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन तस्करों के नेटवर्क और खतरनाक तरीके से फैलते इस नशे के कारोबार को जड़ से खत्म करने के लिए और सख्त कदम उठाने होंगे। गांजे जैसी खतरनाक लत को 'सूखा नशा' कहकर बेचने वाले न केवल कानून तोड़ रहे हैं, बल्कि समाज और नई पीढ़ी के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं।

# भाजपा सरकार के विजन में सिर्फ दिखावा, बेरोजगारी, महंगाई व भ्रष्टाचारः आराधना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता श्रीमती आराधना मिश्रा मोना ने कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार का विकास विजन सिर्फ इवेंट और दिखावे तक सीमित है, इसमें जनता की बुनियादी जरूरतों के समाधान की कोई ठोस इच्छाशक्ति नहीं दिखती।

विधानसभा के मॉनसून सत्र के दौरान चर्चा में हिस्सा लेते हुए उन्होंने कहा कि दस वर्ष के कार्यकाल में योगी आदित्यनाथ सरकार ने स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, रोजगार और कृषि जैसे क्षेत्रों में वादों के विपरीत नाकामी ही दी है। उन्होंने कहा कि कृषि प्रधान उत्तर प्रदेश में कृषि बजट मात्र तीन दशमलव दो प्रतिशत है, जबकि कई राज्यों में यह छह प्रतिशत से अधिक है। गन्ना किसानों का बकाया भुगतान लंबित है, उर्वरक की कीमतें बढ़ गई हैं, और ट्रैक्टर पर कार जितना टैक्स लगाना अन्नदाता के साथ अन्याय है। स्वास्थ्य सेवाओं में छह प्रतिशत बजट होने के बावजूद इलाज के अभाव में मरीज दम तोड़ रहे हैं और आयुष्मान योजना में एक सौ उनतालीस करोड़ से अधिक के फर्जी क्लेम पकड़े गए हैं। सड़कों के निर्माण पर आवंटित बजट का आधा भी खर्च न होने से दुर्घटनाओं में उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है। बेरोजगारी दर नौ दशमलव आठ प्रतिशत पहुंच गई है और लगभग तीस लाख युवाओं ने रोजगार की तलाश छोड़ दी है। दस लाख से अधिक कर्मचारी आउटसोर्सिंग व अनुबंध पर हैं, जबकि कई विभागों में वर्षों से भर्ती नहीं हुई। बिजली के निजीकरण और स्कूलों में डेढ़ लाख शिक्षकों की कमी के बावजूद सरकार स्कूल बंद कर रही है। उन्होंने कहा कि नमामि गंगे और जल जीवन मिशन जैसे फ्लैगशिप कार्यक्रम तय समय में पूरे नहीं हुए और योजनाओं में गड़बड़ियां सामने आईं। कानून-व्यवस्था ध्वस्त है, दलितों और महिलाओं पर अत्याचार बढ़ रहे हैं। ऐसे में भाजपा का 2047 का विकास विजन खोखला है और प्रदेश की जनता के साथ छलावा मात्र है।

# रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**जगदीशपुर अमेठी।** रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव पड़ा देख घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ सुल्तानपुर रेल ट्रैक पर स्थित बड़गांव के निकट सुबह एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान अल्ताब नीवासी मोहब्बतपुर थाना जगदीशपुर के रूप में की आवश्यक कार्य वाई के उपरांत पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। इस सम्बंध में जगदीशपुर थाना प्रभारी राघवेंद्र ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या का लग रहा है फिलहाल शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है।

# यूपी में साइबर क्राइम पर हो रही सख्त कार्रवाईः एडीजी

शाह टाइम्स संवाददाता

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश में तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस विभाग ने व्यापक स्तर पर कदम उठाए हैं। लखनऊ जोन के एडीजी सुजीत पांडेय ने बुधवार को अमेठी में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान इसकी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और डीजीपी के निर्देश पर प्रदेश के सभी थानों में साइबर हेल्प डेस्क स्थापित की गई है। इन हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिस कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि साइबर अपराध के मामलों में त्वरित कार्रवाई संभव हो सके। एडीजी ने बताया कि साइबर अपराधियों की पहचान के लिए अत्याधुनिक फोटो



लैब की स्थापना की गई है। इसके साथ ही, ऐसे सभी अपराधियों का विशेष डोजियर तैयार किया जा रहा है, जिनका आपराधिक रिकॉर्ड है या जो उत्तर प्रदेश में रहकर अन्य राज्यों में भी साइबर अपराध करते हैं। यह डोजियर अपराधियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखने में सहायक होगा। प्रदेश के सभी थानों को निर्देश दिए गए हैं कि साइबर अपराधियों के खिलाफ कड़ी और त्वरित कार्रवाई करें। इसके लिए, पुलिस विभाग ने एक समन्वित तंत्र तैयार किया है, जिससे साइबर धोखाधड़ी करने वालों की तत्काल पहचान कर उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके। एडीजी सुजीत पांडेय ने अमेठी पुलिस की सराहना करते हुए कहा कि जिले की पुलिस अपराध नियंत्रण में सक्रिय और प्रभावी भूमिका निभा रही है।

इसके चलते कानून-व्यवस्था की रैंकिंग में अमेठी को बेहतर स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने भरोसा जताया कि साइबर अपराध के खिलाफ यह सख्त अभियान प्रदेश में डिजिटल सुरक्षा को मजबूत करेगा और आमजन को राहत प्रदान करेगा।

# अमेठी में डायल-112 की टक्कर से महिला की मौत

### हादसे में पुलिस वाहन पलटा

शाह टाइम्स संवाददाता

**तिलोई/अमेठी।** बुधवार को कोतवाली मोहनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा चेतरा बुजुर्ग में बुधवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें डायल-112 पुलिस वाहन की टक्कर से 34 वर्षीय महिला की मौत हो गई।

हादसे में पुलिस वाहन बेक. बू होकर पलट गया, जिसे बाद में ट्रैक्टर-हाइड्रा और जेसीबी की मदद से बाहर निकाला गया।मृतका की पहचान अंजुम बानो पत्नी इसराइल, निवासी



चेतरा बुजुर्ग, के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सुबह लगभग 4 बजे अंजुम बानो सड़क किनारे शौच कर रही थीं। तभी बहादुरपुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही डायल-112 की गाड़ी (यूपी 32 डीजी 6913) ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वाहन सड़क किनारे पलटकर खाई में जा गिरा।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अमेठी, क्षेत्राधिकारी तिलोई, थाना प्रभारी मोहनगंज राकेश सिंह समेत भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा।

गंभीर रूप से घायल महिला को ग्रामीणों की मदद से तुरंत 200 बेड के रेफरल अस्पताल, तिलोई ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। क्षेत्राधिकारी तिलोई ने बताया कि हादसे के समय क्षेत्र में घना कोहरा था। पुलिस वाहन को देखकर महिला सड़क किनारे से हटने की कोशिश कर रही थीं, इसी दौरान यह दुर्घटना हुई। उन्होंने कहा कि मृतका के परिजनों को हर संभव आर्थिक और कानूनी सहायता दी जाएगी। मृतका के परिवार में तीन नाबा. लिग बेटियांख़ुशुनमा (13), सहबीन (9) और शहरीनव्र शामिल हैं, जिनके सिर से मां का साया उठ गया है।

यह घटना पूरे गांव में शोक का माहौल पैदा कर गई।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पलटे हुए डायल-112 वाहन को मौके से हटाकर थाने पहुंचाया गया है। घटना के बाद से ग्रामीणों में पुलिस की लापरवाही को लेकर नाराजगी भी देखने को मिल रही है।

# दारोगा की पिटाई से हुई युवक की मौत

## सिधौली के भण्डिया चौकी प्रभारी पर परिजनों ने लगाया आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**सीतापुर।** सिधौली कोतवाली इलाके के जसवंतपुर गांव निवासी सत्यपाल यादव उम्र 26 वर्ष पुत्र सोबरन की क्षेत्र के जाफरीपुरवा में परचून की दुकान है। बताया जा रहा है कि वह रात में दुकान में सो रहे थे।

चचेरे भाई अमित यादव ने बताया कि सत्यपाल दुकान में सो रहे थे। इसी दौरान गश्त पर निकले भण्डिया चौकी इंचार्ज मणिकांत श्रीवास्तव वहां पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सत्यपाल को जगाकर पूछताछ की।आरोप है कि उसे बहुत मारा गया। इसके बाद दरोगा मौके से चले गए। सत्यपाल को पिटाई में गंभीर चोटें आईं। इसके बाद परिजनों को मामले की जानकारी रात 3 बजे हुई।

वह सत्यपाल को रात में सीएचसी सिधौली लाये। वहां से सुबह 9 बजे मरणासन्न हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने सत्यपाल को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पारी जिन्होंने सबक जमकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजन आरोपी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। सूचना पाते ही पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने परिजनों को उचित कार्रवाई का भरोसा देकर शांत किया।

अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश सिंह ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है। घटना में कार्रवाई की जा रही है।

# चित्रकूटः ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत डकैत छोटू उर्फ छुटवा कोल को छह वर्ष की सजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**चित्रकूट।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशन में चल रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप मानिकपुर थाना क्षेत्र के कुख्यात डकैत छोटू उर्फ छुटवा कोल को विशेष न्यायाधीश एण्टी डकैती कोर्ट द्वितीय/अपर सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज और जबरन वसूली के आरोप में छह वर्ष के सश्रम कारावास तथा नौ हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

यह मामला थाना मानिकपुर में पंजीकृत मुकदमा संख्या एक सौ सोलह/दो हजार सोलह, धारा 452, 386, 323, 427, 504, 506 भादवि एवं 12/14 डीए एक्ट से सम्बंधित है। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्रीप्रकाश यादव व विनोद कुमार शुक्ला, पैरोकार आरक्षी अजय तथा रवि प्रकाश, मॉनिटरिंग सेल प्रभारी प्रभुनाथ यादव व उनकी टीम ने गहन पैरवी की। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता गोपाल दास की प्रभावी प्रस्तुति और बहस से अदालत ने दोष सिद्ध कर यह सजा सुनाई।

# ससुर और साले ने की थी युवक की हत्या, गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**सीतापुर।** थाना सन्दना इलाके के नहोइया गांव निवासी सौरभ रक्षाबंधन पर्व पर अपनी ससुराल सन्दना थाना क्षेत्र के ग्राम हुसैनपुर निवासी सोहनलाल के घर गया था। इसी दौरान उसकी हत्या कर दी गई थी। उसका शव कोठावां गांव के करीब पाया गया था। घटना को लेकर सौरभ के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया था।

इसी मामले में जांच पड़ताल करते हुए पुलिस ने सौरभ के ससुर संजना थाना क्षेत्र के ग्राम हुसैनपुर निवासी सोहनलाल पुत्र झब्बू तथा सोहनलाल के पुत्र रोहित को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि ससुराल में खाने के दौरान सौरभ का विवाद हो गया था। इसके बाद सौरभ नाराज होकर घर से चल दिया था। इसके बाद सोहनलाल और उनके पुत्र रोहित बांका लेकर सौरभ की तलाश में घर से निकले। रास्ते में श्रीराम धर्मकांटा के पास



सौरभ मिला तो गाली-गलौज करने लगा। इस पर तैश में आकर सोहनलाल और रोहित ने सौरभ पर बांके से हमला कर दिया। जिसकी वजह से सौरभ की मौत हो गई। सौरभ की हत्या करने के बाद इन दोनों लोगों ने शव कोठावां के निकट छोड़ दिया और बांका एक पन्नी में रखकर गाड़ी के अन्दर डाल दिया। पुलिस ने हत्या की घटना का खुलासा करते हुए दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

# महमूदाबाद से सपा के आमिर और मिश्रित से भाजपा की सीमा जीती

शाह टाइम्स संवाददाता

**सीतापुर।** महमूदाबाद और मिश्रित नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के उपचुनाव के नतीजे आ गए हैं। मिश्रित नगर पालिका अध्यक्ष पद पर भाजपा की सीमा भार्गव जीती है, महमूदाबाद नगर पालिका अध्यक्ष पद पर सपा के आमिर अराफात जीते हैं। सीमा भार्गव को कुल 6512 वोट मिले।

सपा की राम देवी को 3365 वोट मिले हैं। यहां 3147 वोटों से भाजपा की सीमा भार्गव जीती हैं। मिश्रिख से सपा की रामदेवी और निर्दलीय प्रत्याशी आकांक्षा को हार का सामना करना पड़ा। वहीं महमूदाबाद सीट पर सपा फिर से रिपीट हुई है। सपा प्रत्याशी आमिर अराफात ने जीत हासिल की है। उनको 8906 वोट मिले हैं। 575 वोटों के अंतर से उन्होंने जीत दर्ज की है। इस सीट पर सबसे कम वोट भाजपा प्रत्याशी संजय वर्मा को मिले। उनको 1352 वोट मिले हैं। इसके अलावा निर्दलीय प्रत्याशी अतुल वर्मा को 8331 वोट मिले हैं। अतुल वर्मा दूसरे स्थान पर रहे वह भाजपा के बागी प्रत्याशी थे। इस सीट पर पहले निर्दलीय प्रत्याशी अतुल वर्मा ने जीत दर्ज की थी।

# बारिश के बीच नगर निगम के वाहन पर गिरा पोल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में बुधवार सुबह से हो रही रिमझिम बारिश के बीच नगर निगम की कूड़ा गाड़ी पर अचानक से बिजली का पोल गिर गया, ग़नीमत रही कि उस वक्त बिजली कटी हुई थी नहीं तो एक बड़ा हादसा हो सकता था। नगर निगम की कूड़ा उठाने वाली ट्रक मिर्ज़ा ग़ालिब रोड की तरफ से आ रही थी कि अचानक चलती गाड़ी पर बिजली का खंबा गिर गया, हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन इसमें बिजली विभाग की सबसे बड़ी लापरवाही सामने आई हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार बिजली के पोल जर्जर हालत की सूचना विभाग को दी गई।

# भाकियू ने राष्ट्रपति को संबोधित 11 सूत्री ज्ञापन सौंपा

**इन्हौना अमेठी।** कॉरपोरेट खेती और बहुराष्ट्रीय कंपनियों की नीतियों के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के सैकड़ों किसानों ने मंगलवार को इन्हौना कस्बे में जोरदार प्रदर्शन किया।

महिला जिला अध्यक्ष शमीना खान के नेतृत्व में किसानों ने ट्रैक्टरों के साथ तिरंगा मार्च निकाला और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को संबोधित 11 सूत्री मांग पत्र भेजा स मार्च के दौरान किसानों ने सरकार को चेता. वनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो यह आंदोलन गांव-गांव से उठकर दिल्ली तक पहुंचेगा और पहले से भी बड़ा रूप लेगा मांग पत्र में एसकेएम ने सेटा और अमेरिका के साथ एफटीए को समाप्त करने की मांग की है, जिसे किसानों ने भारत की आर्थिक संप्रभुता पर हमला बताया। इसके साथ ही एनपीएफएएम और नई राष्ट्रीय सहकारी नीति को तत्काल रद्द करने की बात कही गई, जिसे उन्होंने किसानों को कॉरपोरेट के जाल में फंसाने की साजिश करार दिया।सभी फसलों के लिए स्व+50: फार्मूले पर एमएसपी कानून, 100: सरकारी खरीद, माइक्रोफाइनेंस कंपनियों पर लगाम, ब्याज दर 4: से अधिक न रखने, ग्रामीण उपभोक्ताओं को 300 यूनिट मुफ्त बिजली और लंबित बिल माफी की भी मांग की गई।इसके अलावा लैंड पूलिंग नीति समाप्त कर 2013 का भूमि अधिग्रहण अधिनियम लागू करने, वृद्ध, विधवा और विकलांगों को रु10,000 मासिक पेंशन, पुराने ट्रैक्टरों पर से प्रतिबंध हटाने, आदिवासी अधिकारों की रक्षा, जंगल कटाई और खनन पर रोक लगाने, प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने की योजना रद्द करने, साम्प्रदायिक हिंसा, बुलडोजर कार्रवाई और झूठे मुकदमों में फंसे निर्दोषों की रिहाई की मांगें शामिल हैं।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, दो घायल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**औरैया।** उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के अजीतमल क्षेत्र में बुधवार सुबह एक सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र के चपटा गांव निवासी हृदयेश (30) सबमर्सिबल लगाने का काम करता था, अपने दो साथियों मुकेश और भानु के साथ बाइक से मुरादग. ज जा रहा था। सेंगनपुरा गांव के पास एक गेस्ट हाउस के सामने उनकी बाइक किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गई। हादसे के बाद, तीनों गंभीर घायलों को तुरंत साम. दायिक स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल लाया गया। वहां डॉक्टरों ने हृदयेश को मृत घोषित कर दिया।

# शंकरगंज में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

**अमेठी।** बुधवार को तिलोई क्षेत्र के कस्बा शंकरगंज में हर घर तिरंगा अभियान के तहत एक भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।

प्रमुख तिलोई के पुत्र अखण्ड प्रताप सिंह की अगुवाई में निकली इस रैली में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों तथा भाजपा पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली की शुरुआत देव ऑटो फ्यूल्स, शंकरग. ज से हुई, जो पूरे कस्बे में भ्रमण करते हुए लोगों को अपने घरों, दुक. नों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करती रही। इस दौरान कस्बा 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' जैसे देशभक्ति नारों से गूंज उठा। अखण्ड प्रताप सिंह ने कहा कि रैली का मुख्य उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा फहराकर देशभक्ति का संदेश घर-घर तक पहुंचाना है। उन्होंने लोगों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और उसे सही तरीके से फहराने के महत्व से भी अवगत कराया। कार्यक्रम में भाजपा नेता धर्मेश मिश्रा, दिग्विजय सिंह, गुड्डू सिंह, डॉ. सुरेन्द्र सिंह, राम कुमार बाजपेई, रघुराज प्रताप सिंह, रूप नारायण तिवारी, राहुल पाठक, वीर सिंह, अनादि मिश्रा, दिवाकर सिंह, सोनू सिंह समेत कई ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उ.प्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# इन्वेस्टर्स मीट में 249 करोड़ में एमओयू पर हस्ताक्षर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** हाईवे स्थित श्री वेंक्टेश्वरा यूनिवर्सिटी में आयोजित इन्वेस्टर्स मीट 2025 में दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, मध्यप्रदेश आदि से आए पांच उद्योगपतियों ने 249 करोड़ के एमओयू पर हस्ताक्षर किए। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद एवं उपायुक्त उद्योग शैलेंद्र कुमार सिंह ने इन्हें एमओयू सौंपे।



मंगलवार की देर शाम श्री वेंक्टेश्वरा यूनिवर्सिटी में आयोजित इनवेस्टर्स मीट का शुभारंभ डीएम निधि गुप्ता वत्स, एसपी अमित कुमार आनंद, एडीएम (न्यायिक) धीरेंद्र प्रताप सिंह, सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, उपायुक्त उद्योग शैलेंद्र कुमार सिंह, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति डॉ.कृष्णकांत दवे, जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित, इन्वेस्ट यूपी से आई यशी चौहान आदि के साथ ही एमओयू पर हस्ताक्षर करने वाले प्रियांक गर्ग, अनिल कुमार जैन आदि ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। इससे पूर्व डीएम एवं एसपी के साथ ही आमंत्रित अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर उनका अभिनन्दन किया गया। डीएम ने बताया कि जनपद में निवेशकों का रूझान तेजी से बढ़ रहा है। सरकार द्वारा एकल खिड़की व्यवस्था शुरू किए जाने से उद्यमियों का शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है। उन्होंने बताया कि जनपद में संगम मेडिसर्व प्राइवेट लिमिटेड के हरिओम शरण द्वेदी ने 40 करोड़, श्री बाहुबली फ्लोर मिल्स प्राइवेट लिमिटेड के अनिल कुमार जैन ने 33 करोड़, वेजमोर स्नेक्स प्राइवेट लिमिटेड केे प्रियांक गर्ग ने 125 करोड़, तीर्थांकर टेक्सटाइल एक्सपोर्ट एलएलपी के समिश जैन ने 41 करोड़ एवं प्रेम एंड विक्रम के प्रेम सिंह ने 10 करोड़ के एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। एसपी अमित कुमार आनंद ने आमजन के साथ ही सभी उद्यमियों को पूर्ण सुरक्षा का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में मौजूद निवेशकों ने डीएम निधि गुप्ता वत्स की कार्यशैली की काफी प्रसंसा की। कहा कि उनके व्यवहार एवं कार्य करने के तरीके से वे काफी प्रभावित हैं। कार्यक्रम के दौरान वहां मौजूद उद्यमियों ने अपने-अपने अनुभव भी साझा किए, साथ ही कुछ इन्वेस्टर्स ने अपनी समस्याएं भी रखीं। गजरौला के गांव दरियापुर बुजुर्ग में चौधरी करतार सिंह हास्पीटल के संचालक अशोक चौधरी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी द्वारा एनओसी देनें में उन्हें अकारण परेशान किया जा रहा है। जबकि पूर्व में एनओसी दी गई थी। कार्यक्रम के अंत में श्री वेंक्टेश्वरा यूनिवर्सिटी के प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने जनपद के विकास के लिए अधिकारियों के साथ ही यहां आने वाले उद्यमियों का आभार व्यक्त किया। इन्वेस्टर्स मीट 2025 का संच. ालन श्री वेंक्टेश्वरा यूनिवर्सिटी के डॉ. मनीष ने किया। इस अवसर पर जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन के मेडिकल हेड डॉ.सुजिंदर फोगाट, रूपेश गुप्ता आदि भी मौजूद रहे

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर निकाली प्रभात फेरी

## कई स्थानों पर लोगों ने किया भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर**। श्री राम सेवा समिति के तत्वाधान में मनाई जा रहे श्री कृष्ण जन्म उत्सव के तहत बुधवार को नगर के मुख्य मार्गो पर लगातार तीसरे दिन भक्तों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी का नगर में कई स्थानों पर स्वागत किया गया। नगर की राजपूत कॉलोनी स्थित राजीव गुप्ता के मकान से शुरुआत तेरी प्रारंभ हुई और रहरा रोड स्थित मुदित अग्रवाल के आवास पर जाकर संपन्न हुई। जहां पर बांके बिहारी 24 घंटे आराम करेंगे। जहां रात को बांके बिहारी लाल का कीर्तन किया जायेगा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष पंकज भटनागर, रानू रस्तोगी,विजय पारछा, मुकुल अग्रवाल,टुन्नू बाबा,प्रशांत शर्मा, प्रमोद



अग्रवाल,आकाश अग्रवाल, जतिन गुर्जर, दामोदर शर्मा, पंकज अग्रवाल, राजीव चौहान,राहुल शर्मा, हर्ष भटनागर,पवन चौहान, राजीव कुमार गुप्ता, बबलू पाल,जय अग्रवाल, बीना शर्मा,सुनीता शर्मा, प्रशांत शर्मा, नयन अग्रवाल, निखिल कश्यप, मनु अग्रवाल,काव्य चंद्र, नीरज अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल आदि भगवान श्री कृष्ण जी के भक्त मौजूद रहे।

## कारमेल में जन्माष्टमी का पर्व मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** कारमेल पब्लिक स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने श्री कृष्ण व राधा के रूप में नाट्य प्रस्तुति देकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रबंधक विक्रम सिंह चौहान ने कहा कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हमारे मन में आस्था व उल्लास के भाव पैदा करता है। इस दिन भगवान श्री कृष्ण ने पृथ्वी पर जन्म लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुधांशु विश्नोई, उप प्रधानाचार्य आरपी सिंह, चन्द्रपाल सिंह, संध्या, प्रीति चौहान, अनीता भटनागर, संजय सिंह, आशुतोष, धनवंत सिंह, ममता अग्रवाल, कमलेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# मकबरे पर हमला करने वालों पर कार्रवाई हो

## एमआईएम ने की कड़ी कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर**। मजलिस इतहादुल मुस्लिमीन ने फतेहपुर में मकबरे पर असामाजिक तत्वों द्वारा हमला किये जाने की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए आरो. पियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

बुधवार को नगर के मोहल्ला लाल. बाग में मजलिस इत्तेहादुल मुस्लिमीन के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश का असामाजिक तत्व माहौल बिगड़ने का प्रयास कर रहे हैं। फतेहपुर में मकबरे पर हमला करना इस बात का सबूत है। उन्होंने कहा कि इस कार्य को अंजाम देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाये। उन्होंने कहा कि बाईपास मार्ग स्थित सड़क पर फैली गंदगी को साफ कराया जाने की मांग को साफ कराया जाये। पुलिया टूटी होने के कारण नाले का गंदा पानी सड़क पर जमा हो गया है उन्होंने बताया कि इस सड़क पर दो मस्जिद हैं हजारों लोग प्रतिदिन नमाज पढ़ने के लिए जाते हैं। जिससे नमाजियों को यहां से निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन करने वालों में बाबा फरीद, अशरफ जफर, मोहम्मद आसिफ, फहीम, फईम अहमद, जहीर खान, इस्माइल, यूनुस, दिलदार, आमिर, दानिश, यूनुस आदि मौजूद रहे।

## तिरंगा यात्रा में गूंजे देशभक्ति के नारे



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**जोया**। अब्दुल रज्जाक डिग्री कालेज के छात्र-छात्राओं द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ महाविद्यालय से हुआ। जो ईदगाह रोड, मौहल्ला मुंशियान, खेड़ा, मौहल्ला चौधरियान होते हुए महाविद्यालय पर आकर ही समाप्त हुई। रैली में शामिल छात्र-छात्राएं देशभक्ति के नारे लगाते चल रहे थे। उन्होंने लोगों से अपील की कि वह स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अपने घरों पर तिरंगा जरूर फहराये। रैली में डा. तिलक, डा. मौ. इमरान, डा. मौ. आवेश, डा. दीपक वर्मा, डा. एमजे सिंह, समा परवीन, डा. शहनाज परवीन मौजूद रहीं।

# हर्षोल्लास से निकाली गई तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर**। शासन के निर्देश पर स्वतंत्रता दिवस से पहले हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत नगर स्थित स्कूलों एवं राजनीतिक दलों के द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। छात्र-छात्राओं ने तिरंगा लहराकर भारत माता की जय और राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए प्राणों की आहुति देने वाले बलिदानी अमर रहे के नारे बुलंद किये। नगर की श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज से छात्र-छात्राओं द्वारा एक तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा को प्रधानाचार्य मुकेश बाबू द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। तिरंगा यात्रा नगर के मुख्य मार्ग पर भ्रमण करती हुई श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज पहुंचकर संपन्न हुई। वही नगर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा एक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया तिरंगा यात्रा के दौरान सभी छात्राएं हाथ में तिरंगा लिए हुए देशभक्ति के नारे लगाते हुए चल रही थी। तिरंगा यात्रा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों पर भ्रमण करती भी वापस कॉलेज प्रांगण में पहुंचकर संपन्न हुई। वही नगर के राजपूत कॉलोनी स्थित रामसरन सुशीला आनंद हाई स्कूल प्रशासन द्वारा भी स्कूली बच्चों के साथ एक तिरंगा यात्रा का प्रबंधक सुशील चंद्र सक्सेना एवं अध्यक्ष पंडित रविशंकर शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

## तिरंगा यात्रा से दिया देशभक्ति का संदेश




**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। एएसएम मार्डन एकेडमी खाता के छात्र-छात्राओं ने तिरंगा यात्रा निकाल देशभक्ति का संदेश दिया। यात्रा का शुभारंभ एकेडमी से हुआ। यहां से यात्रा पूरे गांव में घूमी। रैली में शामिल बच्चों ने ग्रामीणों से 15 अगस्त पर अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की। उन्होंने सुंदर झांकियां भी बनाई। जिन्हें देखकर ग्रामीण मंत्रमुग्ध हो गये। रैली में भारत माता के जयकारें को गूंज दूर तक सुनाई दे रही थी। अक्षा, यशी, असमी, मानवी, सारा, श्याम, शुभी शर्मा, अवनी अवाना, अनुष्का आदि ने ग्रामीणों को देशभक्ति के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य आभा रस्तौगी रविन्द्र कुमार, विशाल वर्मा, अंकित कुमार, हारिस पाशा, मौ. उबैद, रजनीश, चनम सिंह, पिंकी त्यागी, रूचि गुप्ता, संतोष सहगल, गीता रस्तोगी आदि मौजूद रहीं।

# ज्योति शिक्षा सदन के तीन छात्रों का राज्य स्तर पर चयन

## हैंडबाल अंडर 17 में बिजनौर को हराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा**। ज्योति शिक्षा सदन की टीम ने अंडर 17 में बिजनौर को हराकर हैंडवाल प्रतियोगिता अपने नाम की। जबकि अंडर 14 में कालेज के तीन छात्रों कन्हैया, अंश और मयंक का चयन राज्य स्तर के लिये हुआ है। रामपुर के राजकीय फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर में मंडल स्तरीय हैंडवाल प्रतियोगिता का आयोजन 12 अगस्त को किया गया था। जिसमें अंडर 17 में कालेज की टीम ने बिजनौर को हराकर अपना दबदबा कायम रखा। इसके अलावा कालेज की टीम ने अंडर 14, 17 और 19 में प्रथम स्थान हासिल किया। तीन छात्र कन्हैया, अंश व मयंक का चयन अंडर 14 में राज्य स्तर के लिये किया गया है। बालिका वर्ग में परी, अंशिका, तृप्ति, खुशी आदि ने अपना शानदार प्रदर्शन किया। जबकि टीम की कप्तान प्रतिज्ञा तिवारी ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। 21 अगस्त को राज्य स्तर पर टीम आगरा में होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। कालेज की निर्देशिका भावना सैनी ने सभी बालि. काओं को बधाई दी। प्रधानाचार्य सुमन सैनी ने मेडल पहनाकर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर कोच मिनाक्षी यादव भी मौजूद रहीं।

# भारत को फिर अखंड बनाने का लिया संकल्प

## हिन्दू समाज की एकजुटता पर दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडी धनौरा**। बुधवार को नगर के अमर सिंह डिग्री कॉलेज में अखंड भारत संकल्प दिवस का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री विश्व हिंदू परिषद व अखिल भारतीय गौ रक्षा प्रमुख दिनेश उपाध्याय का तलवार भेंट कर जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भारत इतिहास में जितनी बार खंडित हुआ है, उसका घाव आज भी हिंदू समाज महसूस करता हैं। अब बजरंग दल के कार्यकर्ता हिंदू समाज को एकजुट कर भारत को फिर से अखंड बनाने का कार्य करेंगे, उन्होंने कहा हिंदू समाज को तोड़ने के हर प्रयास को नाकाम करेंगे। राजनीतिक दल जातिवाद का जहर घोलकर समाज को कमजोर करना चाहते हैं, लेकिन हम इसे सफल नहीं होने देंगे। यह देश तभी मजबूत होगा, जब समाज जात-पात से ऊपर उठकर एकजुट होगा।




प्रांत गौ रक्षा प्रमुख हेमंत सारस्वत ने कहा गौ रक्षा सिर्फ धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि हिंदू संस्कृति और आत्मसम्मान का प्रतीक है। हमें अपनी परंपरा और संस्कृति की रक्षा के लिए हर कीमत पर एकजुट रहना होगा। जिलाध्यक्ष अशोक सैनी ने कहा विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल का लक्ष्य स्पष्ट है हिंदू समाज की एकता और राष्ट्र की अखंडता। जब समाज एकजुट होगा, तभी भारत अखंड भारत बनेगा। इस दौरान कार्यक्रम अध्यक्ष चिंतामणि अग्रवाल, चंद्रशेखर गर्ग, जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, विपिन शर्मा, कुशल चौधरी, हेमंत सारस्वत, रकम सिंह सहित विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभा स्थल पर अखंड भारत और हिंदू एकता जिंदाबाद के नारों से वातावरण गूंजता रहा। उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि हिंदू समाज की एकजुटता के लिए हर स्तर पर काम करेंगे और भारत को फिर से अखंड बनाएंगे

# 15 अगस्त को लाल किले पर भाषण देंगी मनु यादव

## फौलादपुर की ग्राम प्रधान को शासन ने मिला न्यौता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा**। गांव फौलादपुर की ग्राम प्रधान मनु यादव 15 अगस्त को दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस पर होने वाले कार्यक्रम में भाषण देंगी। उन्हें मुख्य वक्ताओं की सूची में शामिल किया गया है।

ग्राम प्रधान मनु यादव को स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली के लाल किले पर होने वाले कार्यक्रम के मुख्य वक्ताओं की सूची में शामिल किया गया है। वह दिल्ली के लिये रवाना हो गई। पूरे देश से 200 जबकि प्रदेश से मात्र 29 विशिष्ट अतिथियों को इस कार्यक्रम का निमंत्रण दिया गया है। बीते दिन प्रशासन ने मनु यादव को सूचित किया था। ग्राम प्रधान अपने जिले की बात मंच से देश के सामने रखेगी जबकि ग्रामीण क्षेत्र व महिलाओं का विकास उनका मुख्य मुद्दा होगा। धनौरा ब्लाक के गांव फौलादपुर की मनु यादव एमएससी, बीएड है तथा उनके पति अभिनव यादव ने बीटेक किया है। मनु यादव को प्रदेश सरकार द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने गांव में बिना भेदभाव के विकास कार्य कराये है। गांव में टंकी, पुस्तकालय, राशन दुकान आदि की सुविधा ग्रामीणों को मिल रही है।

# हर घर तिंरगा अभियान के तहत निकाली रैली




**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडी धनौरा**। आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देश में जोश और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को ब्लॉक प्रमुख आशा चन्द्रा और बीडीओ नरेंद्र गंगवार के नेतृत्व में कस्बे में भव्य तिरंगा यात्रा निक. ाली गई। यात्रा में जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारी, कर्मचारी, ग्राम प्रधान, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्री तक सभी की मौजूदगी ने माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।

ब्लॉक प्रमुख आशा चन्द्रा ने कहा तिरंगा हमारा अभिमान है। यह यात्रा देशभक्ति का संदेश देने के साथ-साथ हर नागरिक को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों की याद दिलाने का प्रयास है। मुझे खुशी है कि इसमें सभी वर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बीडीओ नरेंद्र गंगवार ने कहा हर घर तिरंगा अभियान से लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना प्रबल हो रही है। हमारा लक्ष्य है कि इस 15 अगस्त को गांव-गांव हर घर पर तिरंगा लहराए, ताकि एकता और गौरव का संदेश पूरे देश में गूंजे। यात्रा के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से पूरा कस्बा गूंज उठा। हर हाथ में तिरंगा और हर चेहरे पर देशभक्ति की चमक ने इसे एक यादगार आयोजन बना दिया। तिरंगा यात्रा में सीडीपीओ कृष्णपाल सिंह, एडीओ आईएसबी मनोज कुमार, पंचायत सचिव अशोक कुमार, संदीप चौधरी, राजकुमार सैनी, बंटी सिंह, सुदेश कुमार, सुमित कुमार, महेश सैनी, मोहम्मद नासिम, राजीव गिल, रामगोपाल सिंह, रोहित चौधरी, राजकुमार सिंह, आंचल कुमारी, यशवीर सिंह, रहीश मंसूरी, गुरवचन सिंह, कमल सिंह, अलीमुद्दीन सैनी, लोकेंद्र सिंह, एडीओ विकास कुमार, ग्राम प्रधान उधम गिल, धर्मवीर भाटी, रुद्र प्रताप समेत अन्य ग्राम प्रधान, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्री बड़ी संख्या में शामिल हुईं।

## तिरंगे के सम्मान की शपथ ली



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। नगर के वाई.एम.एस. (पी.जी.) कॉलेज में बुधवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्राचार्य डॉ. ए.के. सिंह ने तिरंगे को राष्ट्रीय गौरव, आशा और आकांक्षाओं का प्रतीक बताते हुए कहा कि राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और भावनाएं व्यक्त करना आत्मविश्वास को बढ़ाता है तथा हर भारतीय के मन में देशभक्ति की लौ जलाए रखता है। कार्यक्रम में डॉ. शीबा फरीदी, डॉ. नाहीद परवीन, डॉ. मनु सिंह, शमा अख्तर, डॉ. त्रेता देवी, सुरेंद्र सिंह, श्री सोहन सिंह, नीरज गहलोत, सतेंद्र सिंह, मौ० हनीफ, अंजू पनेरा सहित कॉलेज के अन्य शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे। छात्र-छात्राओं ने तिरंगे के सम्मान और राष्ट्र की एकता-अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया

# सलोनी ने उत्तीर्ण की सीएमए की परीक्षा

## कड़ी मेहनत और अनुशासन से मिली कामयाबी, क्षेत्रा का नाम किया रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** गजरौला के मौहल्ला लक्ष्मी नगर निवासी होनहार बेटी सलोनी गोयल ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर परिवार और शहर का मान बढ़ा दिया। राजीव कुमार गोयल की पुत्री सलोनी ने द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICMAI) द्वारा जून 2025 में आयोजित प्रतिष्ठित कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट (CMA) परीक्षा में सफलता पाई है। यह सफलता सलोनी के लिए इसलिए भी खास है, क्योंकि वह अपने परिवार की पहली सदस्य हैं, जिन्होंने CMA की कठिन परीक्षा



पास कर यह मुकाम हासिल किया। **दिन-रात की मेहनत लाई रंग.** सलोनी ने बताया कि यह उपलब्धि कठिन परिश्रम, अनुशासन और परिवार के निरंतर समर्थन का परिणाम है। उन्होंने परीक्षा से पहले कई महीनों तक रोजाना 10 से 12 घंटे पढ़ाई की। तैयारी के दौरान उन्होंने विषय की गहराई तक जाने के लिए ऑनलाइन संसाधनों का भी सहारा लिया। **परिवार और गुरुओं को दिया श्रेय** अपनी सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए सलोनी ने कहा, यह उपलब्धि मेरे पिता, माता, परिवार, गुरुओं और साथियों के अटूट सहयोग के बिना संभव नहीं थी। **क्षेत्र में खुशी की लहर** सलोनी की सफलता की खबर फैलते ही मोहल्ले और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। रिश्तेदार, मित्र और पड़ोसी उनके घर पहुंचकर मिठाई खिलाकर बधाइयाँ दे रहे हैं। लोग सलोनी को क्षेत्र की युवतियों के लिए प्रेरणा मान रहे हैं।

# शोभित विवि में हर घर तिरंगा अभियान के तहत भव्य देशभक्ति रैली का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ ने आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक भव्य एवं उत्साहपूर्ण देशभक्ति रैली का आयोजन किया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य देशवासियों में राष्ट्रीय गर्व, एकता और अखंडता की भावना को प्रबल करना तथा प्रत्येक नागरिक को अपने घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना था। रैली में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. वी.के. त्यागी, कुलसचिव, डॉ. गणेश भारद्वाज सभी संकाय सदस्य एवं सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा थामे वंदे मातरम, भारत माता की जय जैसे गगनभेदी नारों से वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। मार्ग में जगह-जगह पर स्थानीय नागरिकों ने रैली का स्वागत किया और तिरंगे के महत्व को समझते हुए अभियान से जुड़ने का संकल्प लिया।



# आहार की जांच के बाद ही दें वन्य प्राणियों को खानाः योगी

## मुख्यमंत्री योगी ने एच5 एवियन इंफ्लुएंजा के संभावित खतरे को गंभीरता से लिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** एच5 एवियन इंफ्लुएंजा (बर्ड फ्लू) के संभावित खतरे को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को संबंधित विभागों को त्वरित और समन्वित कार्रवाई के निर्देश दिए है।

उन्होंने कहा कि संरक्षित पशु-पक्षियों की सुरक्षा प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी स्तर पर लाप. रवाही स्वीकार्य नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रदेश के सभी प्राणी उद्यानों, पक्षी विहारों, नेशनल पार्कों, वेटलैंड क्षेत्रों और गो-आश्रय स्थलों में सुरक्षा उपायों को और मजबूत किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राणी उद्यान परिसरों के सभी वन्य जीवों और पक्षियों की स्वास्थ्य जांच अनिवार्य रूप से हो और उनके आहार की गहन जांच के बाद ही भोजन उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि बाड़ों में नियुक्त कर्मचारियों की ड्यूटी जोखिम के स्तर को देखते हुए तय की जाए, ताकि सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन हो सके। उन्होने निर्देश दिए कि सभी कर्मचारियों को एवियन इंफ्लुएंजा के लक्षण, संक्रमण के तरीके और उससे बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी जाए। साथ ही उन्हें पीपीई किट सहित सभी आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं, जिससे वे सुरक्षित रहकर अपने दायित्व का निर्वहन कर सकें। पोल्ट्री सेक्टर पर विशेष ध्यान देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी पोल्ट्री फार्मों की मानकों के अनुरूप कड़ी निगरानी की जाए और पोल्ट्री उत्पादों के आवागमन पर निरंतर नियंत्रण रखा जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को यह भी निर्देश दिया कि एच5 एवियन इंफ्लुएंजा के मानव स्वास्थ्य पर संभावित प्रभावों का गहन अध्ययन कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, ताकि संक्रमण की कोई श्रृंखला मानव समाज तक न पहुंच सके।



## सरकार का दावा, प्रदेश में उर्वरक की कमी नहीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने एक बार फिर साफ किया है कि राज्य में कहीं भी उर्वरकों की दिक्कत या कमी नहीं है। किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। सरकार ने खाद के अनावश्यक भंडारण न करने की अपील की है।

कृषि विभाग ने सभी 18 मंडलों में खाद की उपलब्धता व बिक्री की जानकारी दी। कृषि विभाग के मुताबिक खरीफ सत्र में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अभी तक अधिक खाद की बिक्री हुई है। पहली अप्रैल से 12 अगस्त तक जहां 29 लाख 52 हजार 305 मीट्रिक टन उर्वरक की बिक्री हुई है, वहीं पिछले वर्ष (2024) में इस अवधि में यह आंकड़ा 24 लाख 80 हजार 904 मीट्रिक टन था। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अब तक 4,71, 401 मीट्रिक टन अधिक बिक्री हो चुकी है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जनपदों में निरंतर मॉनीटरिंग कर किसानों को सहजता से खाद उपलब्ध कराया जाए। शाही ने कहा कि प्रदेश में खाद की कोई कमी नहीं है। कृषि मंत्री ने किसानों से अपील की कि खाद का भंडारण न करें। जितनी आवश्यकता है, उतना खाद लें, जब-जब आवश्यकता है, तब-तब खाद लें। हर जनपद में शिकायत प्रकोष्ठ है। किसी भी परेशानी की स्थिति में अवगत कराएं। कृषि मंत्री ने उर्वरक की ओवररेटिंग, कालाबाजारी करने वालों को कड़ी चेतावनी भी दी है। उन्होंने जनपद में तैनात अधिकारियों को समय-समय पर निरीक्षण करने, किसानों से संवाद स्थापित करने और समस्याओं का निस्तारण करने का निर्देश दिया है।

## लखनऊ फॉल्कंस ने लॉन्च किया ऑफिशियल एंथम

**लखनऊ।** यूपी टी-20 लीग में धमाल मचाने को तैयार लखनऊ फॉल्कंस टीम ने अपना ऑफिशियल एंथम लॉन्च किया।

इस अवसर पर टीम के कप्तान एवं भारतीय क्रिकेटर भुवनेश्वर कुमार के साथ खिलाड़ी प्रियम गर्ग, कृतज्ञ कुमार सिंह, किशन सिंह, आराध्या यादव, अभिनंदन सिंह, कोच कमलकांत कनौजिया, कोच वक़ार सर तथा संस्थान के वाइस चेयरमैन पीयूष सिंह चौहान मौजूद रहे। एंथम लॉन्च के मौके पर भुवनेश्वर कुमार ने कहा कि यह सीजन हमारे ऑफिशियल एंथम की तरह ही बेहद धमाकेदार होने वाला है। हमारी टीम पूरी तरह तैयार है और किसी भी चैलेंज का सामना करने के लिए रेडी है।ह छात्रों का उत्साह देखकर उन्होंने कहा कि हलखनऊ में क्रिकेट केवल खेल नहीं, बल्कि एक जुनून और धर्म है। भुवनेश्वर कुमार ने छात्रों को ऑटोग्राफ दिए, उनके साथ सेल्फी ली और मैदान में क्रिकेट खेलते हुए एक शानदार शॉट लगाकर टीम के आत्मविश्वास का संदेश दिया कि इस बार यूपी टी-20 लीग का खिताब लखनऊ फॉल्कंस के नाम होगा। इस मौके पर पीयूष सिंह चौहान ने कहा, हलखनऊ फॉल्कंस टीम को अपने बीच पाकर हम सभी बेहद उत्साहित हैं। खिलाड़ियों की तैयारी देखकर विश्वास है कि इस बार खिताब लखनऊ फॉल्कंस ही जीतेगी।

# उत्तर प्रदेश को विकसित राज्य बनाने का संकल्प मंत्रियों ने दोहराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन बुधवार को 'विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश' के विजन 2047 पर ऐतिहासिक चर्चा शुरू हुई। 24 घंटे तक चलने वाली चर्चा के दौरान सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों ने प्रदेश की आर्थिक प्रगति, सामाजिक न्याय, पर्यावरण संरक्षण और बुनियादी ढांचे के विकास पर अपने विचार रखे। इस दौरान मंत्रियों ने 2047 तक उत्तर प्रदेश को देश का सबसे विकसित राज्य बनाने का संकल्प दोहराया।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर और कानून-व्यवस्था की स्थिति दयनीय थी। हत्या, डकैती, और बलात्कार जैसे अपराधों को सरकारी संरक्षण प्राप्त था। लेकिन अब उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक एक्सप्रेस-वे हैं, और 75 जिलों को फोर-लेन सड़कों से जोड़ा गया है। पहले केवल 5 जिलों में बिजली उपलब्ध थी, जबकि अब सभी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति में सुधार हुआ है।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश गेहूं, दुग्ध, और चीनी उत्पादन में देश में नंबर एक है। स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जिसमें 80 मेडिकल कॉलेज, रायबरेली और गोरखपुर में एम्स, और 5,250 एमबीबीएस सीटें शामिल हैं। आयुष्मान भारत योजना के तहत साढ़े पांच करोड़ कार्ड बनाए गए हैं। मच्छर जनित रोगों पर नियंत्रण पा लिया गया है और 2047 तक टीबी, मलेरिया और जल जनित रोगों का पूर्ण उन्मूलन करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि हर मंडल में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर स्थापित किए जाएंगे। डायबिटीज, हाइपरटेंशन, और कैंसर जैसे रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए रोग निगरानी और रोकथाम प्रणाली विकसित की जाएगी। जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न स्वास्थ्य जोखिमों के प्रति भी सजगता बरती जाएगी। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने विधानसभा में बताया कि पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने आर्थिक क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। राज्य की सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 29-87 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी है और चालू वित्तीय वर्ष में इसे 35 लाख करोड़ रुपये तक ले जाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि 40 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें पूर्वांचल और बुंदेलखंड जैसे क्षेत्रों में उद्योग स्थापित हो रहे हैं।

खन्ना ने 2047 तक उत्तर प्रदेश को देश का सबसे विकसित राज्य बनाने का लक्ष्य रखा। इसके लिए जीरो पॉवर्टी, सबसे पसंदीदा निवेश गंतव्य, विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर, स्पेस टेक्नोलॉजी और आईटी हब स्थापित करने की योजना है। ग्रामीण क्षेत्रों में कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा, और पर्यावरण संरक्षण के लिए 242 करोड़ पेड़ लगाए जा चुके हैं। नदियों के चैनलाइजेशन, सौर ऊर्जा पर शोध, और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थायी सुरक्षा को मजबूत करने की योजनाएं भी प्रस्तुत की गईं। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य कहा जाता था, जहां निवेशक और व्यापारी पलायन कर रहे थे। लेकिन अब प्रदेश ने राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्राप्त किया है।

उन्होंने जल शक्ति विभाग की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि 76,527 किलोमीटर नहरों के माध्यम से 1 करोड़ 4 लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचाई उपलब्ध कराई गई है। केन-बेतवा लिंक परियोजना शुरू हो चुकी है, जो बुंदेलखंड में सिंचाई के लिए महत्वपूर्ण है। प्रदेश में 8 मुख्य नदियां, 58 छोटी नदियां, और 15,225 किलोमीटर की नदी प्रणाली है। 523 तटबंधों के माध्यम से बाढ़ से सुरक्षा प्रदान की जाती है।

## कौशांबी में कच्चा घर गिरा, चार घायल

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र में बुधवार को बारिश के चलते एक कच्चा घर गिर गया जिसके मलबे में गर्भवती महिला सहित चार लोग दबकर घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के गोराजू गांव का गुलाम अपनी मां शाहजहां (52), गर्भवती पत्नी तरन्नुम (28) और पुत्र शहजाद (4) के साथ सुबह घर में बैठे थे, तभी उनका कच्चा मकान अचानक भर भरा कर गिर गया जिसमें चारों लोग दब गए। पड़ोसियोंकी मदद से मलबे में दबे सभी लोगों को बाहर निकला गया। इस हादसे में घायल चारों व्यक्तियों उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## एक नजर

### जौनपुर में बस और ट्रक में भिड़ंत, पांच लोगों की मौत, 12 घायल

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के खेतासराय क्षेत्र में रोडवेज बस और ट्रक की टक्कर में दो महिलाओं समेत पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य घायल हो गये। घायलों में एक की हालत गंभीर है जिसे इलाज के लिये ट्रामा सेंटर वाराणसी भेज दिया गया है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि वाराणसी डिपो की रोडवेज की बस मंगलवार की देर रात जौनपुर से सवारी लेते हुए शाहगंज की तरफ जा रही थी कि खेतासराय थाना क्षेत्र के गुरैनी बाजार के पास भुड़कुड़हा पेट्रोल पम्प के समीप बस को चालक ने अचानक दाहिने तरछ मोड़ दिया, जिससे सामने से आ रही ट्रक में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों ही गाड़ियों के परखचे उड़ गए। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को पहले जिला अस्पताल भिजवाया, जहां पर दो महिलाओं एक बच्ची और दो पुरुष को मृत घोषित कर दिया गया जबकि 12 लोगों का इलाज हो रहा था, जिसमें से एक की हालत को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर वाराणसी भेजा गया है। मृतकों में देवी प्रसाद (32 और मीना देवी (59) की पहचान हो चुकी है जबकि तीन अन्य की शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं।

### बीएचयू प्रोफेसर पर हमला कराने वाला गिरफ्तार

**वाराणसी।** काशी लहदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में 28 जुलाई को तेलुगु विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो- सी-एस- रामाचंद्र मूर्ति पर हमला कराने वाले आरोपी को मंगलवार रात लंका थाना क्षेत्र के नुआव में पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। तेलुगु विभाग के एक प्रोफेसर ने निजी मनमुटाव के कारण प्रो- मूर्ति पर हमले की साजिश रची थी। इस प्रोफेसर ने दक्षिण भारत के तेलंगाना निवासी अपने पूर्व शोध छात्र के माध्यम से प्रयागराज के प्रमोद उर्फ गणेश पासी को इस काम के लिए तैयार किया। प्रमोद ने गाजीपुर के दो बदमाशों के जरिए इस घटना को अंजाम दिलवाया। पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) सरवणन टी- ने बताया कि 28 जुलाई को बीएचयू परिसर में प्रो- मूर्ति पर हुए हमले में उन्हें गंभीर चोटें आई थीं। मंगलवार को गोपनीय सूचना के आधार पर लंका पुलिस को जानकारी मिली कि हमला करवाने वाला आरोपी नुआव इलाके में मौजूद है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए क्षेत्र की घेराबंदी की। इस दौरान अपराधी ने पुलिस पर गोली चलाई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अपराधी के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। घायल अपराधी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी पहचान प्रयागराज के मेजा निवासी प्रमोद उर्फ गणेश पासी के रूप में हुई है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है और उसके आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है। उसके पास से एक तमंचा भी बरामद किया गया है।

### केसी वेणुगोपाल ने की कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात

**वाराणसी।** बिहार में कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की प्रस्तावित 'मतदाता अधिकार यात्रा' को सफल बनाने और इसकी तैयारियों का जायजा लेने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) व राज्यसभा सांसद के-सी- वेणुगोपाल तथा राष्ट्रीय महासचिव व उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय बुधवार को बाबतपुर हवाई अड्डे पर पहुंचे। बाबतपुर हवाई अड्डे पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने दोनों नेताओं का स्वागत किया। दोनों नेताओं ने कार्यकर्ताओं से कुछ देर मुलाकात की। इसके बाद वे सड़क मार्ग से बिहार के लिए रवाना हो गए, जहां वे पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर यात्रा के संबंध में अंतिम रणनीति तय करेंगे। बाबतपुर हवाई अड्डे पर उनके स्वागत के लिए जिला अध्यक्ष राजेश्वर पटेल और महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। फूल-मालाओं, नारों और ढोल-नगाड़ों के बीच नेताओं का भव्य स्वागत किया गया। हवाई अड्डा परिसर में राहुल गांधी जिंदाबाद और कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारे गूंजते रहे।

### अमेठी में किशोरी से पांच माह तक बलात्कार

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश में अमेठी जिले के पीपर थाना क्षेत्र में एक किशोरी के साथ दरिंदों ने बलात्कार किया और वीडिओ बना कर ब्लैक मेल करके पांच माह तक लगातार रेप करते रहे। किशोरी अब पांच माह की गर्भवती बताई जा रही है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरु कर दी है। पीड़ित किशोरी के पिता ने सोमवार को पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि उसकी पंद्रह वर्षीय पुत्री के साथ रामपुर निवासी राम खेलावन मौर्य ने अपने एक अज्ञात साथी के साथ रेप किया।

## ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट की स्थापना पर सहकारी समितियों को मिलेगा अनुदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** कृषि विभाग ने वर्ष 2025-26 के लिए भी एफपीओ व सहकारी समितियों के लिए बड़ा कदम उठाया है। 10 टन ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट की स्थापना पर एफपीओ/सहक. ारी समितियों को अनुदान मिलेगा।

इसका लाभ प्राप्त करने के लिए 14 से 31 अगस्त तक पोर्टल पर आवेदन करना होगा। अनुदान स्वरूप प्रोजेक्ट की कीमत का 33 प्रतिशत या अधिकतम 9.90 लाख रुपये का अनुदान मिल सकेगा। इसके लिए एफपीओ/सहकारी समितियों को एग्रीदर्शन-यूपी-जीओवी-इन पर पंजीकरण अनिवार्य है।

अनुदान प्राप्त करने वाले एफपीओ व सहकारी समितियों के पास तीन वर्ष का अनुभव व 200 किसानों का सदस्य होना अनिवार्य है। अपर कृषि निदेशक (तिलहन/दलहन) अनिल कुमार पाठक ने बताया कि एग्रीदर्शन-यूपी-जीओवी-इन पर 14 से 31 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल (ऑयलसीड्स) वर्ष 2025-26 के तहत कृषि विभाग के पोर्टल एग्रीदर्शन- यूपी-जीओवी-इन पर पंजीकृत एफपीओ व सहक. ारी समितियों के लिए 10 टन क्षमता की ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट की स्थापना कराए जाने पर उक्त अनुदान प्राप्त होगा।

फसल के उपरांत तिलहन संग्रह, तेल निष्कर्षण व पुनप्राप्ति की दक्षता बढ़ाने, सार्वजनिक-निजी उद्योगों, एफपीओ व सहकारी समितियों को इंफ्रास्ट्रक्चर की क्षमता या दक्षता में सुधार सहित कटाई के बाद के इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना के लिए मिशन द्वारा निम्न मानदंड/शर्तें आवश्यक है।

## 15 अगस्त को बंद रहेगा बड़ा व छोटा इमामबाड़ा

**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राजधानी लखनऊ स्थित बघ इमामबाघ, छोटा इमामबाघ व पिक्चर गैलरी को बंद रखने का निर्णय हुसैनाबाद ट्रस्ट ने लिया है। इसके पीछे वजह ट्रस्ट ने चेहल्लुम का त्योहार बताया है। जिसको देखते हुए प्रभारी अधिकारी, हुसैनाबाद एवं सम्बद्ध ट्रस्ट, लखनऊ ने एक आदेश जारी कर कहा है कि गतवर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 15 अगस्त अर्थात 20 सफर, 1447 हिजरी को चेहलुम के अवसर पर भूलभुलैया एवं बाउली (बड़ा इमामबाड़ा), शांही हम्माम (छोटा इमामबाड़ा) तथा पिक्चर गैलरी पर्यटकों के लिये बन्द रहेंगे।

## बच्चे की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में वाराणसी जिले के रामनगर क्षेत्र में बच्चे की हत्या के आरोप में उसकी मां के प्रेमी को पुलिस ने एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि सोमवार से लापता दस वर्षीय बच्चे सूरज का शव मंगलवार रात दस बजे बावन बीघा में झाड़ियों से बरामद किया गया था।

हत्या के आरोप में बच्चे की मां सोना शर्मा के प्रेमी फैजान को पुलिस ने बीती रात करीब 11:30 बजे मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपायुक्त (काशी जोन) गौरव बंसवाल ने बताया कि सूरज की मां ने ही उसके अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सूरज ने सोमवार को दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था, जिसके कारण फैजान ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी और शव को झाड़ियों में फेंक दिया। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो फैजान ने हत्या की बात कबूल कर ली। पुलिस फैजान को घटनास्थल पर ले जाकर साक्ष्य एकत्र कर रही थी। इसी दौरान आरोपी ने पुलिस से पिस्तौल छीनकर गोली चलाई और भागने का प्रयास किया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस मुठभेड़ में फैजान गोली लगने से घायल हो गया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## महोबा में दामाद ने की सास की हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**महोबा।** उत्तर प्रदेश में महोबा के सदर कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को एक महिला की उसके दामाद ने चाकू घोंप कर हत्या कर दी।

पुलिस उप अधीक्षक दीपक दुबे ने बताया कि भटीपुरा निवासी श्याम बाई (52) कजली मेला देखकर घर वापस लौट रही थी- तभी घर के पास पहले से घात लगाए बैठे उसके दामाद जालम रायकवार ने एकाएक साथ लिए चाकू से उस पर हमला बोल दिया। ताबघ्तोघ किये गए प्रहार से महिला बुरी तरह जख्मी होकर मोके पर गिर गई- आसपास मौजूद लोगो ने तब ललकारते हुए हमलावर की और झपटे तो जालम अपनी सास श्याम बाई को लहू लुहान हालत में छोघ कर भाग गया। श्याम बाई को इलाज के लिए तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, चिकित्सकों ने हालत नाजुक देख उसे हायर सेंटर के लिए रिफर कर दिया, लेकिन झांसी ले जाते समय उसकी रास्ते में मौत हो गई।

मृतक की पुत्री सुनीता ने बताया कि उसका अपने पति जालम से विवाद चल रहा था। जालम द्वारा पिछले दिनों उसके पास जमा कोई दस लाख की रकम उघ ले जाने से उनके बीच तकरार और बढ़ गई थी। सुनीता की मां श्याम बाई अपने दामाद को घर नहीं आने देती थी।

## कुत्तों ने युवती को नोच-नोचकर मार डाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश में कुशीनगर जिले के हाटा कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार रात खूंखार कुत्तों ने एक अर्धविक्षिप्त युवती को नोच कर मार डाला। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सूचना मिली थी कि क्षेत्र के अर्जुन डुमरी गांव में गोरख पटेल की पुत्री माधुरी (30) का शव गांव के पंचायत भवन के समीप धान के खेत में पड़ा है। आवारा कुत्ते उसे नोच रहे हैं। पुलिस कर्मियों ने डंडा पीटकर शव नोच रहे कुत्तों को भगाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक राम सहाय चौहान ने बताया कि युवती मनासिक रूप से अर्धविक्षिप्त थी।



मंगलवार को गांव के बाहर पंचायत भवन के पीछे गई होगी, किन्हीं कारणों से उसकी मौत हो गई होगी। कुत्ते उसका शव नोच रहे थे। लोगों का कहना है कि अर्धविक्षिप्त युवती गांव में घूमा करती थी। सोमवार को अचानक गायब हो गई। युवती के परिजनों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। मंगलवार को धान के खेत में उसका शव कुत्ते नोच रहे थे। कुत्ते उसके शरीर के कुछ हिस्से को नोच कर खा गए थे। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में कुत्तों का काफी आतंक है। कुत्तों ने ही मानसिक रूप से बीमार युवती पर हमला कर उसे मार डाला। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। इस मामले में एसडीएम हाटा योगेश्वर सिंह ने बताया कि युवती की कुत्तों के नोंचने से मौत होने की सूचना मिली है। बीडीओ को भेज कर मामले की जानकारी कराई जा रही है। पीड़ित परिवार को हर संभव मदद दिलाई जाएगी।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर दिखेगी ब्रज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** ब्रज क्षेत्र के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। भगवान श्रीकृष्ण के 5252वें जन्मोत्सव पर मथुरा और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर है।

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के अनुसार, इस वर्ष केवल मथुरा में ही 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। श्रद्धालुओं की भीघ और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्थानीय प्रशासन ने विशेष व्यवस्थाएं की हैं। शहर में छोटे-बड़े मंच सजाए गए हैं, जिन पर एक हजार के करीब कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मथुरा-वृन्दावन में तीन दिन शहर के मुख्य मार्ग से लेकर गलियों तक भव्य शोभा यात्राएं निकलेंगी। उत्सव के दौरान पारंपरिक झांकियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और विविध गतिविधियों के माध्यम से ब्रज की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया जाएगा। दरअसल, 15 से 17 अगस्त तक तीन दिन की लगातार छुटी होने से बघी संख्या में श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया है। विभाग का अनुमान है, इस वर्ष मथुरा-वृंदावन क्षेत्र में देशी-विदेशी पर्यटकों का सैलाब उमड़ेगा। उन्होने बताया कि मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन, बरसाना और गोकुल में भव्य तैयारियां की गई हैं।

जिनके माध्यम से श्रद्धालु और पर्यटक भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुघी लीलाओं का साक्षात अनुभव कर सकेंगे। हमारा प्रयास है, कि यहां आने वाला हर व्यक्ति भक्ति, आनंद और अद्भुत आध्यात्मिक अनुभव के साथ लौटे। ब्रज की समृद्ध विरासत दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचे। जयवीर सिंह ने बताया कि मथुरा, वृंदावन, बरसाना, नंदगांव और गोवर्धन में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर भक्ति का माहौल चरम पर है। मथुरा की गलियों में श्रीकृष्ण बाल लीलाओं की झांकियां सज रही हैं। वहीं, मंदिरों को फूलों, फसाड लाइटिंग, रंगोली और दीपों से सजाया जा रहा है। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर श्री कृष्ण जन्मभूमि से भव्य शोभायात्रा निकलेगी। मथुरा की गलियों से लेकर वृंदावन, बरसाना, नंदगांव और गोवर्धन मंदिरों शोभायात्रा की श्रृंखला भक्तिमय वातावरण तैयार करेगी। राधा-कृष्ण मंदिरों को फूल, रंगोली और दीपों से सजाया जा रहा है।

## गृहक्लेश में दंपति ने खाया जहर, पत्नी की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**औरैया।** उत्तर प्रदेश में औरैया जिले की अजीतमल कोतवाली क्षेत्र में घरेलू विवाद के चलते पति-पत्नी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। इलाज के दौरान पत्नी की मौत हो गई जबकि पति की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि गौहानी कलां निवासी शैलेंद्र सिंह (40) का अपनी पत्नी बसंती (36) के साथ मंगलवार रात किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। बताया जा रहा है कि शैलेंद्र शराब का आदी है और नशे में होने के कारण उसने परिजनों और फिर पत्नी से विवाद किया। इसी विवाद के चलते दोनों ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उनकी तबीयत बिगड़ गई।

## सांप्रदायिक सदभाव बिगाड़ने की कोशिश

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद जिले के शिकोहाबाद क्षेत्र में मलिखानपुर गांव में मंगलवार की रात में कुछ शरारती तत्वों ने धार्मिक स्थल पर तोड़फोड़ कर वहां पर मूर्ति लगाने का प्रयास किया गया। मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने यथा स्थिति को नियंत्रित कर स्थिति को संभाला है।

पुलिस ने बताया कि मलिखानपुर गांव में मंगलवार की रात को कुछ शरारती तत्वो द्वारा सड़क किनारे बनी हुई पीर बाबा की मजार पर तोडफोड कर उसके स्थान पर हनुमान जी की मूर्ति लगाने का काम कर शांत माहौल को बिगड़ने की कोशिश की जा रही थी। जिसको लेकर समुदाय विशेष के लोगों मे आक्रोश प्राप्त हो गया। जानकारी मिलने पर प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर और त्वरित कार्रवाई करते हुए मजार की स्थिति को यथावत कराकर माहौल को नियंत्रित करने का काम किया गया। संबंधित मामले में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण त्रिगुन विसेन ने जानकारी देते हुए बताया कि कुछ शरारती तत्वों द्वारा माहौल बिगड़ने की कोशिश करते हुए पीर बाबा की मजार के साथ छेड़छाड़ करने का काम किया गया। जिला प्रशासन के कारण मौके पर यथा स्थिति बनकर उनको नियंत्रित कर दिया है, वहीं शरारती तत्वों को चिन्हित कर उनके तलाश की जा रही है उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## बाराबंकी में सड़क हादसे में सगे भाइयों की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो सगे भाइयों की मृत्यु हो गई। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के सिकोहना गांव निवासी सुरेश चन्द्र के छह बेटों में अंशू (36) सबसे बड़े और विजय कुमार (16) सबसे छोटे थे। दोनों लखनऊ के अवनारी बेहटा में ट्रैक्टर चालक का काम करते थे। अंशू और विजय करीब साल भर से वहीं रह रहे थे। रक्षाबंधन के मौके पर दोनों अपने गांव आए थे। मंगलवार देर शाम लखनऊ जाते समय माती गांव के पास यह हादसा हो गया।

# चोर समझकर पीटे युवक की उपचार के दौरान मौत

## हत्या का मुकदमा दर्ज, चार आरोपी हिरासत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** रक्षाबंधन के मौके पर दिल्ली से रात्रि में घर आये दलित युवक को गांव में पहरा लगा रहे लोगों ने बिना सोचे समझे अंजान व्यक्ति समझकर लाठी डंडों से हमला बोल दिया। हमले में दलित युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौत की सूचना पर ग्रामीणों ने सोमवार की रात्रि एंव मंगलवार की सुबह भनेड़ा पुलिस चौकी पर हंगामा किया। सीओ नजीबाबाद एवं एसपी ग्रामीण ने चौकी पहुंच कर आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझाया।

तीन दिन पूर्व रक्षाबंधन पर राखी बंधवाने रात्रि में गांव पहुंचे एक दलित युवक की गांव भनेड़ा में चोरों से पहरेदारी कर रहे युवकों ने लाठी डंडों व धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया था। जिसकी उपचार के दौरान सोमवार की रात्रि अस्पताल में मौत हो गई। मृतक के भाई ने चार आरोपियों को नामजद करते हुए मुक. दमा दर्ज कराया है। पुलिस ने चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। गांव भनेड़ा निवासी दलित युवक मनोज (28 वर्ष) पुत्र ऋषिपाल दिल्ली में रहकर रंगाई पुताई का काम करता है। बीती 9 अगस्त को रक्षाबंधन पर मनोज दिल्ली से सुबह करीब चार बजे भनेड़ा बस स्टेंड पर उतरकर पैदल ही गांव में पहुंचा। जैसे ही वह बुद्ध बाजार में पहुंचा वैसे ही पहले से मौजूद पहरेदारी कर रहे कुछ युवकों ने अंजान व्यक्ति समझकर उसके ऊपर लाठी डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर दिया, जिससे मनोज गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक के भाई मिथुन ने बताया कि गंभीर रूप से घायल भाई को वह उपचार के लिए पहले सामुदायिक अस्पताल किरतपुर, फिर बिजनौर ले गए। जहां से उसकी गंभीर हालत देखते हुए उसे मेरठ रैफर कर दिया। तीन दिन बाद उपचार के दौरान मनोज की मौत हो गई। मृतक मनोज के भाई मिथुन ने चार आरोपियों शाने आलम, जावेद अली, अबु तालिब व मौ. जाहिद को नामजद करते हुए हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि नामजद चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। गांव में पूर्ण रूप से शांति है।

# विकास संबंधी कई प्रस्ताव पारित

## एसबीडी महिला महाविद्यालय में प्रबंध समिति की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय की प्रबंध समिति की बैठक मंगलवार को पदेन अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी द्वारा नामित उपजिलाधिकारी धामपुर रितु रानी की अध्यक्षता में महाविद्यालय परिसर स्थित व्यवस्थापक कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि करते हुए महाविद्यालय के विकास एवं व्यवस्थाओं को लेकर कई अहम प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।

बैठक में महाविद्यालय की रंगाई-पुताई, बाउंड्रीवाल का निर्माण, विज्ञान संकाय में चामुंडा देवी मंदिर समिति से जुड़े विवाद को रोकने, नवीन कोर्स बीसीए एवं बीएससी (कंप्यूटर) शुरू करने, अस्थायी शिक्षकों की नियुक्ति हेतु समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी करने, स्थायी शिक्षिकाओं की नियुक्ति, आवश्यक फर्नीचर, बैटरी, सोलर पैनल की व्यवस्था एवं नैक की दृष्टि से लाइब्रेरी में सुधार जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। एसडीएम रितु रानी ने छात्राओं की पढ़ाई की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए लाइब्रेरी का नवीनीकरण कराने पर विशेष जोर दिया।

बैठक में उपाध्यक्ष सुनील कुमार अग्रवाल, व्यवस्थापक रेणु गोयल, कोषाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार, उपमंत्री अजय कुमार माहेश्वरी, सदस्य सुधीर कुमार, राजीव अग्रवाल, गोपाल मोहन माहेश्वरी, शोभा अग्रवाल, विशेष अतिथि पवन कुमार अग्रवाल, अवनि सिंह, प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान, शिक्षक प्रतिनिधि प्रो. बिमला सिंह, डॉ. अर्चना, शिक्षणेत्तर प्रतिनिधि अमित कुमार सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## एक नजर

### विश्व हाथी दिवस मनाया




**रेहड़।** विश्व हाथी दिवस के अवसर पर मंगलवार दोपहर टीम टाइगर सेवन समिति द्वारा गांव देवानंदपुर गढ़ी में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों से हाथियों के सामने आने वाले अनेक खतरों से उन्हें बचाने और संरक्षित करने की अपील की गई। अमानगढ़ टाइगर रिजर्व की सीमा से सटे गांव देवानंदपुर गढ़ी में विश्व हाथी दिवस के मौके पर टीम टाइगर सेवन समिति द्वारा ग्रामीणों को जागरूक किया गया। टीम टाइगर सेवन समिति के अध्यक्ष व वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर एआर रहमान ने बताया कि वन से निकलकर हाथी अक्सर खेतों व आबादी में आ जाते हैं। जिससे वह फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं और मानव वन्य जीव संघर्ष का खतरा बना रहता है। फसलों में होने वाले नुकसान से बचने के लिए किसान वन क्षेत्र के निकट गन्ने की खेती न करें। हाथियों से हमेशा दूरी बनाए रखें जिससे मानव वन्य जीव संघर्ष की घटना न हो। इस अवसर पर गुरप्रीत सिंह, सुखवीर सिंह, हरविंदर सिंह, अजमेर सिंह, अंकित कुमार, शिवम कुमार, परमजीत सिंह लोग मौजूद रहे।

### तिरंगा यात्रा व बाइक रैली निकाली



**कोतवाली देहात।** किरतपुर ग्रामीण मंडल में मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा तथा बाइक रैली निकाली गई। यात्रा शिव मंदिर गोपालपुर से आरंभ होकर ग्राम पुरुषोत्तमपुर, ब्रह्मजीतपुर चंदा, कलाबुजुर्ग, मुबारकपुर खोसा, औरंगपुर नंदलाल, कुम्हेडा, जलालपुर, नंदपुर, हकीकतपुर होते हुए शिव मंदिर गोपालपुर पर पूर्ण हुई। इस दौरान भारत माता के जयकारे लगे। यात्रा में निवर्तमान मंडल अध्यक्ष नगीना नीरज बिश्नोई, रविंद्र सिंह, डॉ. बेगराज, तूफान सिंह, दयानंद शर्मा, मनोज बालियान, देवेंद्र सिंह तोमर, आकाशदीप, विक्रांत देशवाल, शिवलाल कश्यप, हेमंत मलिक आदि मौजूद रहे।

### धूमधाम से निकाली तिरंगा यात्रा



**हल्दौर।** भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में मंगलवार को तिरंगा यात्रा का शुभारंभ नगर पालिका परिषद कार्यालय के मुख्य द्वार से किया गया। तिरंगा यात्रा महाराणा प्रताप चौक, टाटमोहरा बाजार, मुख्य बाजार आदि से होकर बड़ी धूमधाम से निकाली गई, जिसका समापन नगर स्थित शहीद स्मारक पर किया गया। इस अवसर पर महाराणा प्रताप चौक पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव सिसोदिया, मंडल अध्यक्ष पीयूष चौहान, दर्पण रावल, महावीर सैनी, नौनिहाल सिंह, अनिल सिंह, संजीव बैंस, रेखा यादव, दीपक चौहान चानू, शुभम रस्तौगी, दीप रस्तोगी, नानक प्रजापति, शाश्वत रस्तोगी, धीरज सैनी, वरुण प्रताप आदि रहे।

### बीसीए द्वितीय सेमेस्टर में वंश प्रथम

**बिजनौर।** कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस का बी.सी.ए. द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बीसीए विभाग के विभागाध्यक्ष अंकुश गुप्ता ने बताया कि वंश चौहान पुत्र अमित कुमार ने 80.28 प्रतिशत अंकों को प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर कौशेन्द्र कुमार पुत्र ऐशराज सिंह ने 78.71 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं तथा इन्दु पुत्री अमित कुमार 74.00 प्रतिशत अंकों को प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही है।

# भव्य तिरंगा यात्रा निकाली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** सब्जी मंडी से निकाली गई तिरंगा यात्रा में लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। तिरंगा यात्रा चांदपुर चुंगी पर जाकर संपन्न हुई।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को सब्जी मंडी से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी व मंडल प्रभारी अनिल चौहान ने संयुक्त रूप से किया। तिरंगा यात्रा सब्जी मंडी, महकमा, पीर शहीद काला, होली चौक, धर्मशाला, बाग. वान, नकटा से होते हुए चांदपुर चुंगी पर जाकर संपन्न हुई। इस अवसर पर एडवोकेट अर्पित गुप्ता, शोभित त्यागी, सभासद मुकेश गुप्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष सिद्धांत जैन, डा. शंशाक गौतम, अभिनव जैन, देवराज चौधरी प्रमोद शर्मा शुभम त्यागी, प्रशांत वर्मा, राजीव अहलावत, बृजपाल प्रजापति डॉ. एके दक्ष, कृष्णा वर्मा, अंक्षित जैन, विनिता शर्मा, राजेश चंद्रा, शिवम त्यागी, ट्विंकल डबास, बृजपाल प्रजापति, पीके शर्मा, दीपक शर्मा, अनुज धीमान, सावन वाल्मीकि, शुभम चौधरी, तेजपाल सैनी आदि मौजूद रहे।

# मालन तटबंध कार्य का निरीक्षण

## शीघ्र पूरा करने के निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज मालन नदी के तटबंध की मरम्मत के कार्य का निरीक्षण किया गया और विभागीय अधिकारियों को कार्य को पूर्ण गुणवत्ता एवं तेजी के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर, सिंचाई विभाग के अभियंता एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मालन नदी के तटबंध का निरीक्षण करते हुए सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मरम्मत कार्य को तेजी से संपादित करें और पूर्ण गुणवत्ता के साथ कार्य को अंजाम दें, ताकि फसलों आदि को और अधिक नुकसान न होने पाए। सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा मिट्टी न मिलने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने दारानगर गंज स्थित नहर से निकाली गई मिट्टी को उपयोग में लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कण्व आश्रम का भी निरीक्षण किया और उपस्थित अधिकारियों को पानी की निकासी एवं निर्मित भवनों की समुचित सुरक्षा के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# अफजलगढ़ में बड़ा हादसा टला

## दफीना से लौट रहे लोगों को बेकाबू कार ने रौंदा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** बीती रात्रि नगर में उस समय हड़कंप मच गया, जब नशे में धुत बेकाबू कार चालक ने दफीना कर लौट रहे लोगों को रौंद डाला। गनीमत यह रही कि जसपुर तिराहे से लोग दोनों ओर को अपने-अपने घर की तरफ वापसी कर रहे थे, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

प्राप्त समाचार अनुसार सोमवार को नगर निवासी शराफत हुसैन का इंतकाल हो गया था। जिनका बीती रात दस बजे बस स्टैंड कब्रिस्तान से दफीना कर वापस लोग लौट रहे थे। काशीपुर की ओर से आ रही एक बेकाबू कार नंबर यूपी 32 ईके 0413 ने अफजलगढ़ से अपने ग्राम भज्जावाला जा रहे बहार आलम की कार में टक्कर मार दी। उसी दौरान अब्दुल सलाम पेट्रोल पंप के समीप दफीना में शिरकत कर वापसी कर रहे। कार ने मौहम्मद उस्मान व मौहम्मद ताहिर निवासी कांठ, जनपद मुरादाबाद को टक्कर मारकर घायल कर दिया। उसके बाद बेकाबू कार ने मौहल्ला नेजो सराय निवासी इकारमुदीन पुत्र मौहम्मद उमर को रौंद डाला। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जहां चिकित्सक द्वारा घायल को हायर सैंटर रैफर कर दिया। नशे में धुत कार चालक को लोगों ने रोकने का प्रयास किया, जो मौके से फरार हो गया। लोगों ने बताया कि कार चालक नशे में धूत था। वह द्वारिकेश शुगर मिल का कर्मचारी बताया जा रहा है।

# काशीवाला में गन्ने की दशा का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** गन्ना अधिकारियों व कृषि वैज्ञानिकों की टीम ने क्षेत्र के कई गांवों में गन्ना खेतों का निरीक्षण कर गन्ने की दशा को जाना। जांच में अगेती गन्ना प्रजाति को - 0238 के खेतों में शुरूआती तौर पर लाल सड़न रोग का प्रभाव दिखाई दिया।

जिला गन्ना अधिकारी के निर्देश पर बढ़ापुर क्षेत्र में गन्ना खेतों का निरीक्षण करने आई जिला गन्ना विकास विभाग के अधिकारियों व कृषि वैज्ञानिकों की ने टीम ने क्षेत्र के ग्राम बासोवाला में गन्ना किसान बुद्ध सिंह, रसूलपुर मुजफ्फरनगर में हरि प्रसाद, गोपीवाला में अब्दुल रब, काशीवाला में गुरमेल सिंह व कोटजवाना में ओमेंद्र कुमार के गन्ना खेतों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण में पाया गया कि जिन किसानों के गन्ना खेतों में अगेती गन्ना प्रजाति को - 0238 की फसल खड़ी है। उन खेतों में एक- प्रतिशत लाल सड़न रोग की उपस्थिति पाई गई जो गन्ने का कैंसर मानी जाने वाली बीमारी लाल सड़न रोग की शुरुआत हैं। निरीक्षण में अन्य गन्ना प्रजाति के गन्ना खेत सामान्य स्थिति में मिले। कृषि वैज्ञानिकों ने गन्ना प्रजाति को 0238 के लाल सड़न रोग से प्रभावित गन्ना खेत स्वामी किसानों को रोग के उपचार व रोग से बचाव की तकनीकी जानकारी दी। निरीक्षण टीम में कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के डॉ. केके सिंह, गन्ना विकास विभाग बिजनौर के डॉ. पिंटू कुमार, सहकारी गन्ना विकास समिति नगीना के सचिव विजयपाल, गन्ना पर्यवेक्षक नंदलाल, सहदेव सिंह, द्वारिकेश चीनी मिल बुंदकी के उप महाप्रबंधक गन्ना लवकुश सिंह, सहायक प्रबंधक गन्ना यशपाल सिंह, गन्ना अधिकारी रामवीर सिंह, कुल. वीर सिंह व आलोक कुमार शामिल रहें।

# मुन्नी देवी 60 साल के बाद पहुंची बहन के घर, आतिशबाजी से स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** हीमपुर दीपा में एक बहन के घर 60 साल बाद पहुंची खोई हुई दूसरी बहन का जोरदार ढंग से स्वागत किया गया। गुब्बारों से घर को सजाया गया और आतिशबाजी से माहौल को त्यौहारनुमा बना दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कम्भौर निवासी मुन्नी देवी पुत्री भगवाना सिंह आज से करीब 60 वर्ष पूर्व जब नौ वर्ष की थी तब दारानगर गंज के प्रसिद्ध गंगा स्नान मेंले में परिवार के साथ स्नान करने पहुंची थी। जहां भगदड मचने के चलते एक बुढ़िया बच्ची को उठा ले गई और उसे फर्रुखाबाद के एक परिवार को बेच दिया था। मुन्नी देवी ने बताया कि उसे उठाने के नौ वर्ष बाद उसका विवाह फर्रुखाबाद में ही कर दिया गया। विवाह के बाद उसने अपने पति से भी कई बार अपने गांव और परिवार का जिक्र किया परंतु पुलिस केस और अन्य भागादौडी के झंझट में न पड़ने के चलते कभी उन्होंने इस ओर ध्यान ही नहीं दिया। बताया जाता है कि करीब 25 वर्ष पूर्व मुन्नी देवी के पति का भी स्वर्गवास हो गया था। मुन्नी देवी ने बताया कि वह एक दिन अपने पोते प्रशांत की जिद पर उसे अपने विषय में कहानी सुना रही थी, जिसे सुनने के बाद उनके पोते प्रशांत को नींद नहीं आई और उसने नेट पर जिला बिजनौर के गाँव कंभौर को खोजना शुरू कर दिया और वह यहां आ भी पहुंचा तथा पूछताछ करते हुए परिवार से जा मिला जहां उसका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। बताया जाता है कि परिवार की खोजबीन कर प्रशांत वापस फर्रुखाबाद पहुंच गया और फिर अपनी दादी मुन्नी देवी को लेकर ग्राम कंभौर उनके परिवार से मिलाने पहुंचा। इसी क्रम में मुन्नी देवी मंगलवार की शाम हीमपुर दीपा निवासी अपनी बहन शोभा देवी पत्नी राजेश सिंह से मिलने उनके घर पहुंची जहां उन्होंने शाह टाइम्स प्रति. निधि परीक्षित गुप्ता से हर पहलू पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि उनकी शादी के बाद उनके पांच बच्चे हुए जो अब सभी शादीशुदा है। उनका कहना था कि 60 सालों बाद उन्हें अपने परिवार, अपनी बहन और उनके परिवार से मिलकर बहुत खुशी हो रही है। मुन्नी देवी ने बताया कि पहले तो किसी ने उन्हें नहीं पहचाना हालांकि जब वह सबके सवालों के जवाब और पहचान बताती चली गई तब जाकर सबको यकीन हुआ। उधर 60 सालों बाद अब मुन्नी देवी का रंग रूप, आवाज और रहन सहन सबकुछ बदल चुका है।

# छात्रों ने ली नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के बीसीए विभाग में छात्रें एवं अध्यापकों ने भारत सरकार द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम में प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने कहा कि नशा एक सामाजिक अभिशाप है तथा छात्रों को इससे दूर रहने की सलाह दी और बताया कि नशे रूपी जहर से युवा पीढ़ी को सतर्क रहते हुए परिवार समाज व देश को एक होकर इस अभियान को सफल बनाने में योगदान देना होगा । नशे से पीड़ित व्यक्ति घर-परिवार व समाज पर बोझ बन जाता है । जिसमें युवाओं की अधिक भागीदारी एक चिन्तनीय विषय है। विभागाध्यक्ष अंकुश गुप्ता ने सभी छात्रों को किसी भी प्रकार के नशे जैसे शराब, सिगरेट, तम्बाकु , भांग, गांजा इत्यादि से दूर रहने की शपथ दिलाई। संस्था के चेयरमैन मनोज कुमार ने छात्रों से इस सामाजिक बुराई को जड़ से दूर करने के लिए संकल्प लेने की प्रेरणा दी एवं नशे से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में विस्तृत रूप से बताया और छात्रों को न केवल स्वयं नशे से दूर रहने की सलाह दी बल्कि परिवार व समाज के लोगों को भी इससे दूर रखने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम में संस्था के चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, कृष्णा इंस्टीट्यूट की प्राचार्या डा. सीमा शर्मा एवं बीसीए विभाग के विभागाध्यक्ष अंकुश गुप्ता व सहायक प्रवक्ता शबनम परवीन, शिल्पी रानी, करूणा धीमान व विभु चौहान आदि की उपस्थिति में सभी छात्र-छात्राओं को नशे से मुक्त होने की शपथ दिलाई गयी।

# शहीदों के बलिदान को उलेमाओं ने किया याद

## आजादी का पर्व सौहार्द के साथ मनाएं






**मुजाहिद फारूकी**

**नूरपुर।** उलेमाओं व प्रमुख हस्तियों ने कहा कि आजादी का पर्व सौहार्द के साथ मनाए। यह आजादी हमें तमाम उलेमाओं की कुर्बानियों के बाद मिली है।

भारत छोड़ो आंदोलन व स्वतंत्रता दिवस की सालगिरह पर इमरान मिराजी ने स्वतंत्रता संग्राम के सुनहरे इतिहास और बलिदानों की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि अगस्त क्रांति हमें यह सिखाती है कि आजादी एक बार हासिल करके भुला देने की चीज नहीं है, बल्कि हर दौर में इसे सुरक्षित और मजबूत रखना वर्तमान पीढ़ी की जिम्मेदारी है। मिराजी ने स्वतंत्रता सेनानियों के जज्बे और बलिदानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इन्हीं के संघर्ष और कुर्बानी के परिणामस्वरूप हमें आजाद भारत मिला है। अब यह हमारी जिम्मेदारी है कि संविधान, लोकतंत्र और देश की रक्षा के लिए हम किसी भी स्तर की कुर्बानी देने के लिए हर समय तैयार रहे। मौलाना अबरार अहमद कासमी ने कहा कि यह आजादी हमें किसी एक व्यक्ति के कारण नहीं, बल्कि हिंदू-मुस्लिम एकता के बल पर मिली है। उन्होंने बताया कि मौलाना हुसैन अहमद मदनी, मौलाना मौहम्मद अली जौहर, मौलाना हिफ्जुर्रहमान स्योहारवी सहित सैकड़ों उलेमाओं ने अपनी जानें कुर्बान की, तब जाकर हम आजाद जीवन जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि 1942 में अंग्रेजों ने गांधी के साथ अनेक स्वतंत्रता सेनानियों को जेल में डालकर जनता की आवाज दबाने की कोशिश की थी, लेकिन आजादी की वह चिंगारी ठंडी होने के बजाय और तेजी से भड़कती चली गई। शहर काजी मौलाना मौहम्मद अली, मास्टर मौहम्मद इलियास मकरानी और कारी मौहम्मद राशिद हमीदी ने कहा कि इतिहास गवाह है, जिस देश की जनता उठ खड़ी होती है, वहां क्रांति आ जाती है और सबसे बड़ा शासक भी गिर जाता है। देश के लोग जब एकजुट हुए, तो अंग्रेजों की गुलामी से मुक्ति मिली। उन्होंने विश्वास जताया कि वह दिन दूर नहीं जब भारत पूरी दुनिया में शक्तिशाली देशों में गिना जाएगा। उन्होंने कहा कि लोग स्वतंत्रता सेनानियों की याद में विभिन्न स्थानों पर बड़े-बड़े आयोजन, जलसे व जुलूस करते हैं और बिना किसी भेदभाव के देश के लिए दी गई कुर्बानियों को याद करते हैं। लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट रहने का संकल्प लेते हैं। उलेमाओं न स्वतंत्रता दिवस पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाने की जनता से अपील की है।

# नशा मुक्ति शपथ व संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कालेज के प्रांगण में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति शपथ व संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सर्वोच्च भूमिका है और आज का युवा ही कल के भारत का भविष्य है। इसी तथ्य को आत्मसात करते हुए आज युवाओं को उनकी राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी से अवगत कराने हेतु इस शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम का शुभारम्भ साइंस कालेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा के सम्बोधन द्वारा किया गया। उन्होंने अपने सम्बोधन में नशा मुक्त भारत अभियान की इस वर्ष की थीम 'विकसित भारत का मन्त्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र' के बारे में बताते हुए इस अभियान के मुख्य उद्देश्य से अवगत कराया। उन्होंने बताया की इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनता तक पहुंचना और विभिन्न गतिविधिओं के माध्यम से मादक द्रव्यों के सेवन के बारे में जागरूकता फैलाना है।

छात्रों ने शपथ ग्रहण करते हुए कहा कि 'नशामुक्ति का अभियान, बने जन-जन की पहचान, हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, नशे से दूर रहना भाई। नशे की लत है ऐसी, जो कर दे जिंदगी नर्क जैसी। जब नशे का नाश होगा, तभी देश का विकास होगा।

प्राचार्य डा. परवेज अहमद खाँ ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सब जानते है कि नशा एक बुरी आदत है जो व्यक्ति के शरीर, दिमाग और भविष्य तीनों को बर्बाद कर देती है। यह केवल एक व्यक्ति की समस्या नहीं है, बल्कि पूरे समाज की समस्या है। आज, हम युवाओं के रुप में यह जिम्मेदारी लेते हैं कि हम इस बुराई के खिलाफ एकजुट होंगे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थिओं ने नशे जैसे सामाजिक अभिशाप से हमेशा दूर रहने तथा इस बुराई को जड़ से उन्मूलन करने हेतु संकल्प लिया।

आयोजित शपथ कार्यक्रम में महाविद्यालय संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कालेज ऑफ लॉ प्राचार्य डा. परवेज अहमद खान, कृष्णा कालेज ऑफ साइंस प्राचार्या डा. सीमा शर्मा, निदेशक योजना एवं विकास डा. एससी जैन ने सभी शपथ लेने वालों का उत्साहवर्धन किया और समाज के अन्य लोगों को भी इससे जोड़ने के लिए प्रेरित किया।

# डीएम ने गांधी उद्यान से तिरंगा रैली का किया शुभारम्भ

**बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा वृहद तिरंगा रैली का किया गया आयोजन**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के क्रम में बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित वृहद तिरंगा रैली का डीएम अविनाश सिंह ने बुधवार को गांधी उद्यान से शुभारम्भ किया। यह रैली गाँधी उद्यान से प्रारम्भ होकर, जिला जज आवास से सर्किट हाउस रोड से सर्किट हाउस चौराहा होते हुए आयुक्त कार्यालय में स्थित शहीद स्तम्भ पर समाप्त हुई।

इस अवसर पर डीएम द्वारा प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता, अखण्डता एवं देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया। तिरंगा रैली के माध्यम से नागरिकों में स्वतंत्रता संग्राम के महत्त्व, राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान एवं राष्ट्रप्रेम के प्रति जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षण संस्थानों, स्वयंसेवी संस्थाओं सामाजिक संगठनों, तथा आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, और देशभक्ति से ओत-प्रोत नारों के साथ रैली को सफल एवं ऐतिहासिक बनाया।



डीएम ने कहा कि हर घर तिरंगा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि यह देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। उन्होंने जनसामान्य से अपील की कि वे 15 अगस्त को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर देश प्रेम की भावना को और सशक्त करें। तिरंगा सेल्फी प्वाइंट पर खड़े होकर डीएम ने फोटो खिचवाई, साथ ही स्वयं तिरंगा के साथ सेल्फी लेकर जनमानस को सेल्फी अपलोड करने हेतु प्रेरित किया।

इस विशेष आयोजन का उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, देशभक्ति की भावना का संचार तथा तिरंगे के ऐतिहासिक महत्व को जन-जन तक पहुँचाना रहा।

रैली में मनोहर भूषण इण्टर कॉलेज, गुलाब राय इण्टर कॉलेज, सूरजभान इण्टर कॉलेज, केडीईएम इण्टर कॉलेज, कांति कपुर गर्ल्स इण्टर कॉलेज, सूरजमुखी इण्टर कॉलेज, गुरु गोविन्द सिंह इण्टर कॉलेज, लायन्स रोहिला इण्टर कॉलेज, राजकीय इण्टर कॉलेज, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, मैथोडिस्ट गर्ल्स इण्टर कॉलेज, रामभरोसे लाल इण्टर कॉलेज, बिशप मण्डल इण्टर कॉलेज, स्त्री सुधार इण्टर कॉलेज, द्रोपद्री कन्या इण्टर कॉलेज, कस्तूरबा नगर निगम बालिका इण्टर कॉलेज, डीएवी कालीचरण उ0मा0वि0, गांधी उ0मा0वि0, कुसूम कुमारी कन्या उ0मा0वि0, शांति अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज, मौलाना आजाद इण्टर कॉलेज, हाफिज सिद्दीकी पंजाबी हायर सेकेंडरी स्कूल, आरएन टैगोर इण्टर कॉलेज, महावीर प्रसाद कन्या इण्टर कॉलेज, गुरू नानक खालसा इण्टर कॉलेज के छात्र-छात्राओं सहित विद्यालयों के स्काउट गाइड-एनसीसी एवं एनएसएस के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

उक्त आयोजन में अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम आलोक कुमार, अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय, जिला विद्यालय निरीक्षक अजीत कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक, स्कूली बच्चे सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बहेड़ी में नगर पालिका प्रशासन ने निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर पालिका प्रशासन की ओर से हर घर तिरंगा अभियान के तहत बहेड़ी नगर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया, और देशभक्ति का उत्साह दिखाया।

तिरंगा यात्रा का आयोजन नगर पालिका से किया गया, जहां चेयरमैन रश्मि जायसवाल ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। यात्रा नगर पालिका से रवाना होकर नैनीताल रोड होते हुए मोहल्ला कानूनगोयान, रामलीला, होली चौराहा, पंजाबी कॉलोनी से होते हुए नगर पालिका परिसर में आकर समाप्त हुई।



इस अवसर पर लोगों ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य देशवासियों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाना है। इसी क्रम में देशभर में तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है, और लोगों से अपने घरों व प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने का आह्वान किया जा रहा है। तिरंगा यात्रा में चेयरमैन रश्मि जायसवाल, ईओ शीशी प्रभा, चेयरमैन पति अजय जायसवाल बॉबी, सैनिटरी इंस्पेक्टर अहमद हसन, सलीम चंदा, ताहिर पप्पू, मोहम्मद जाकिर, मोहम्मद हसन, जलीद आजाद ,ओम प्रकाश, रमेश सिंह समेत सफाई कर्मचारी और अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन की ओर से बुधवार को बहेड़ी नगर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। नगर के गन्ना उत्पादक महाविद्यालय से बलजिंदर सिंह मान ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। यात्रा गन्ना सोसाइटी पर समाप्त हुई। यात्रा के दौरान हिंदुस्तान जिंदाबाद के जयकारे गूंजते रहे।

इस अवसर पर किसानों ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य देश वासियों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाना है। इसी क्रम में देशभर में तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है, और लोगों से अपने घरों व प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने का आह्वान किया जा रहा है।



तिरंगा यात्रा में पदेश अध्यक्ष बलजिंदर सिंह मान, प्रदेश सचिव दानिश बाबा, प्रदेश प्रमुख योगेन्द्र कुमार यादव, प्रदेश सचिव, प्रदेश महा सचिव अनुज ठाकुर, सोनो खान, समीर खान, गुलाब रजा, नमन रस्तोगी, शाइन हैदर खान समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# एडम्स स्कूल में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन




**एसडीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, बच्चों में दिखा देश भक्ति का उत्साह**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर के एडम्स स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसने शहर में देशभक्ति का उत्साह जगा दिया। इस यात्रा का शुभारंभ एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर किया, और लोगों को देशभक्ति के लिए जागरूक किया।

तिरंगा यात्रा में शामिल बच्चों और एडम्स स्कूल के स्टाफ ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लिया। यात्रा के दौरान बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत नारे लगाए, और तिरंगे को गर्व के साथ लहराया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल भी मौजूद रहा, जिसने आयोजन को सुचारु और सुरक्षित बनाए रखा।

यात्रा का समापन तहसील परिसर में हुआ, जहां एसडीएम ने राष्ट्रगान के साथ इस कार्यक्रम को गरिमामयी ढंग से समाप्त किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रगान में हिस्सा लेकर देश के प्रति अपनी निष्ठा को दोहराया।

एडम्स स्कूल के प्रबंध निदेशक (एमडी) गुलरेज अली ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों, कार्यालयों और प्रतिष्ठानों की छतों पर तिरंगा झंडा लहराकर देशभक्ति का परिचय दें। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारी एकता और स्वतंत्रता का प्रतीक है। इसे गर्व के साथ लहराना हमारा कर्तव्य है। यह आयोजन न केवल स्वतंत्रता दिवस की भावना को जीवंत करने में सफल रहा, बल्कि शहरवासियों में एकता और देशप्रेम की भावना को भी बढ़ावा दिया। एडम्स स्कूल का यह प्रयास निश्चित रूप से सराहनीय है, और आने वाले समय में भी ऐसे आयोजनों की प्रतीक्षा रहेगी।

# मकबरे पर हमला जुल्म भी और सियासी साजिश भी: मौलाना अदनान रजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** नबीरा-ए-आला हजरत व ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी (आरएसी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अदनान रजा कधदरी ने एक बयान जारी कर कहा है कि फतेहपुर में मकबरे पर हमला मुसलमानों पर जुल्म भी है, और वोट चोरी से ध्यान भटकाने की सियासी साजिश भी। उन्होंने कहा कि षड्यंत्रकारी बेहद धूर्त है। वह एक तीर से दो निशाने लगाना चाहता है। वो शांति भंग करके सियासी फायदा उठाना चाहता है, और वोटों पर डाका डालने की साजिश को नफरत की धुंध में छुपाना चाहता है। नबीरा-ए-आला हजरत ने कहा कि मकबरे पर हमला करने वालों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए,। उन्होंने कहा कि यह हमला मुसलमानों पर ही नहीं, बल्कि देश के हर नागरिक पर किया गया है। हमले करने वालों की साजिश थी कि हिंदू-मुस्लिम दंगे करवाए जाएं, और उसका सियासी फायदा उठाया जाए। वो नफरत की आग में सियासी रोटियाँ सेकना चाहते थे। मौलाना अदनान रजा कादरी ने कहा कि पुलिस, प्रशासन, शासन और न्याय पालिका को चाहिए कि मस्जिदों, मजारों और मकबरों पर हमला करने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

# लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत एवं महापुरुष स्मारक समिति के संयुक्त तत्वावधान में विश्व अंगदान दिवस एवं लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की पुण्य तिथि धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अध्यक्षता अलका सक्सैना ने की व संचालन ममता मौर्य ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि विश्व अंगदान दिवस प्रत्येक वर्ष 13 अगस्त को मनाया जाता है। अंगदान महादान है, इसी के अंतर्गत नेत्रदान भी आता है। भारत में महर्षि दधीचि जैसे महादानी हुए। आप भी आज टोल फ्री नंबर 18001203648 पर बात कर अंगदान करने के लिए माता-पिता की सहमति लेकर पंजीकरण कराए। भारत में अंगदान के प्रति बहुत सी भ्रांतियां हैं। जागरूकता अभियान के तहत इन्हें दूर करने की कोशिश करनी चाहिए, क्योंकि जिंदगी मौत से जूझ रहे दो लाख लोग किडनी मिलने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। हमारे देश में विश्व स्तरीय अंग प्रत्यारोपण करने वाले सर्जन डॉक्टर मौजूद हैं। हर दस मिनिट में अंगो के प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा में एक नाम जुड़ जाता है। स्पेन, क्रोएशिया जैसे देशों में अंगदान का 30 प्रतिशत से अधिक है, जबकि भारत विश्व में आबादी के हिसाब से दूसरे नंबर पर है तब भी यह एक प्रतिशत से कम है। एक व्यक्ति अंगदान करके कम से कम आठ लोगों की जान बचा सकता है। कवि माधव मिश्र ने आगे कहा कि काशीविश्वनाथ मंदिर का 1780 में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर ने पुनर्निर्माण कराया। सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण कराया। सौ से ज्यादा मंदिरों का निर्माण कराने के साथ तीर्थ स्थलों पर धर्मशालाएं, कुंआ, बावड़ी, घाट तथा विकास के लिए सड़के बनवाई। गरीबों को अन्न क्षेत्र खोले। देवी अहिल्याबाई होलकर का जन्म 31 मई सन् 1725 ई को महाराष्ट्र के अहमदनगर के चौड़ी गांव में हुआ था। आपके पिता मांकोजी राव शिंदे तथा माता सुशीला शिंदे थीं। 1754 में भरतपुर के महाराजा सूरजमल के खिलाफ कुम्हेर के युद्ध में खांडेराव वीरगति को प्राप्त हुए, तब वह सती होना चाहती थीं लेकिन राजा मल्हारराव होलकर के समझाने पर होलकर राज्य को संभालने लगीं। 1766 में राजा मल्हारराव होलकर का भी निधन हो गया तब उन्होंने अपने बेटे मालेराव को गद्दी पर बैठाया लेकिन अप्रैल 1767 में बेटे के निधन के बाद 1767 से राज्य की जिम्मेदारी स्वयं संभालनी पड़ी। प्रजा के साथ हमेशा न्याय करती थीं। 13 अगस्त 1795 को स्वर्गवास हो गया। शत-शत नमन। कार्यक्रम में अलका सक्सैना, ममता मौर्य, राजेश कुमार (प्रधानाचार्य), वाणी वार्ष्णेय, भूमिका वार्ष्णेय, विपाशा दीप, रेनू शर्मा, वंदना मौर्य, अंशिका उपाध्याय, राधिका वार्ष्णेय, यशोदा भारद्वाज, आरती, हर्ष कुमार, भावना, निशा, डिम्पल, प्रियंका, खुशी, वंशिका, करिश्मा आदि मौजूद रहे।

# जोशों खरोश से निकली तिरंगा यात्रा अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने की शिरकत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** घर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को नगर के जेपीएन इण्टर कॉलेज से विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में छात्र-छात्राओं के साथ ही तहसील के अधिकारियों के साथ ही जनप्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

बुधवार की सुबह 11 बजे जेपीएन इण्टर कॉलेज से शुरू हुई तिरंगा यात्रा कस्बे के मुख्य मार्ग होती हुई बाईपास मार्ग पहुंची, जहां से बाजार रोड होकर कॉलेज आकर इसका समापन हुआ। इस तिरंगा यात्रा में एसडीएम उदित पवार, तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख



प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गंगवार, पालिका अध्यक्ष के प्रतिनिधि नीरेंद्र सिंह राठौर, नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी आर आर अंबेश, विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. लाल बहादुर गंगवार, अरविन्द शुक्ला, दिनेश सक्सेना, सभासद इरशाद अहमद अंसारी, परिषद के बड़े बाबू धीरेन्द्र कुमार उर्फ डी के, अधिवक्ता उपेन्द्र गंगवार, परिषद के सफाई प्रभारी अमर सिंह के साथ ही नगर पालिका परिषद के कर्मी और विद्यालय के छात्र-छात्राएं आदि शामिल रहे।

# हरदुआ किफायतुल्ला का रामनवमी और चेहल्लुम विवाद सुलटा, 18 अगस्त को लगेगा मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** पिछले कई दिनों से पुलिस और प्रशाशन की नींद उड़ा रहे क्षेत्र के गांव हरदुआ किफायतुल्ला के रामनवमी की शोभायात्रा और चेहल्लुम के जुलूस के एक ही दिन पढ़ने के मामले को पुलिस और प्रशाशन की कई दिनों तक चली मशक्कत के बाद इसे सुलटा दिया गया। अब 18 अगस्त को जहां चेहल्लुम का मेला लगेगा, वहीं 17 अगस्त को पहले रामनवमी की शोभायात्रा निकाली जाएगी, और उसके बाद रात में गांव में गश्त होगी।



कोतवाली में आयोजित दोनों पक्षों की बैठक में कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने दोनों पक्षों से वार्ता कर इसका हल निकालने के लिए दोनों ग्रामों के तजियादारों को बधाई दी। दोनों पक्षों के बीच हुए समझौते के मुताबिक अब ग्राम हरदुआ किफायतुल्ला में चेहल्लुम की गश्त 16 अगस्त की जगह एक दिन आगे यानि 17 अगस्त को होगी, और अगले दिन 18 अगस्त को हरदुआ तिराहे पर चेहल्लुम का मेला लगेगा। इसके साथ ही ग्राम में रामनवमी की शोभायात्रा 17 अगस्त को शाम 4 बजे से 6 बजे तक निकाली जाएगी, उसके बाद ग्राम में चेहल्लुम की गश्त की जाएगी। इसके साथ ही ग्राम रिछोला किफायतुल्ला में गश्त 16 और 17 अगस्त को होगी, और 18 अगस्त को सभी तख्त जुलूस के साथ मेला पहुंचेंगे। कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव की मौजूदगी में हुई इस वार्ता में हरदुआ किफायतुल्ला के प्रधान पति इरशाद अहमद, धीरेन्द्र कुमार उर्फ धरमू, अतीक अहमद, इरफान, अमित कुमार, मुमताज, रफीक, यासीन शाह, यशपाल, सुलेमान कलंदर, कमरुद्दीन, इंतजार, तस्लीम आदि शामिल रहे। एक दिन पहले कोतवाली में हुई बैठक में एसडीएम उदित पवार, नव नियुक्त सीओ नीलेश मिश्र और कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने मामले में दोनों पक्षों से वार्ता की थी, लेकिन कोई हल नहीं निकल पाया था। मामला सुलट जाने पर एसडीएम, सीओ और कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने दोनों पक्षों को बधाई देते हुए आपसी सौहार्द के साथ अपने-अपने पर्व मनाए जाने की अपील की। मामला सुलट जाने के बाद पुलिस और प्रशाशन ने राहत की सांस ली है।

# भाजपा नगर मंडल ने निकाली तिरंगा रैली, अंबेडकर पार्क से गन्ना समिति तक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा नगर में आयोजित तिरंगा यात्रा आंबेडकर पार्क से प्रारंभ होकर पौडा खेड़ा मंदिर से बाजार, नई सड़क और चंदौसी रोड होते हुए गन्ना समिति पहुंची वहां इसका समापन हुआ। मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन विजयभान सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर स्वतंत्रता दिवस से पूर्व पूरे देश में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

इसका उद्देश्य लोगों में राष्ट्रीयता और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना है। तिरंगा यात्रा के दौरान लोग राष्ट्रीय ध्वज को हाथ में लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम के उदघोष के साथ अपने भाव प्रकट कर रहे थे। इस तिरंगा यात्रा में शामिल होकर लोग अपने देश के प्रति अपने प्यार और सम्मान को प्रदर्शित कर रहे हैं।

यह यात्रा देश की आजादी के जश्न का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और लोगों को एकजुट करने का अवसर प्रदान करती है। तिरंगा यात्रा में परमेश्वर लाल सैनी, सुरेश सैनी, मंगल सेन सैनी, ऋषिपाल सिंह, चंद्रपाल सैनी,डा राजीव सैनी, गन्ना समिति के चेयरमैन विजयपाल सिंह, लवली यादव, राकेश कश्यप, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजपाल सिंह, सत्यवीर सिंह, सुनील लाठर, भूरे सिंह फौजी, राकेश यादव, निहाल सिंह, दानवीर शर्मा, देवेश शर्मा,अभिषेक पांडे,ब्रज रतन प्रजापति,सुमित गुप्ता,यश प्रताप, मेघपाल सिंह, डॉ गीता शर्मा, डॉ विश्वास शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अवनीश चौधरी, सुनील चौधरी, गोपाल यादव,आनंदी प्रसाद प्रजापति किशन लाल प्रजापति अंकुर भटनागर प्रेमपाल पासी, पूर्व मंडल अध्यक्ष केके गुप्ता,धर्मेंद्र गांधी, जिला मंत्री मुकुल पांडे अमित चौधरी सुमित चौधरी, शकील अहमद, उदयराज सिंह, सुरेंद्र शर्मा, नवनीत यादव, राजीव शर्मा मनोज प्रजापति अभिलाष गौड़ सचिन शर्मा विकास चौधरी नरेश ढाका युवा मोर्चा जिला मंत्री अभिषेक राठौर मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता एडवोकेट रवि पासी दयाराम मौर्य हेमंत शर्मा वीरपाल कोली अमित चौधरी टिंकू मौर्य कार्यक्रम संयोजक मंडल महामंत्री मनोज ठाकुर आदि रहे।

# तीन राजनीतिक दलों को चुनाव आयोग का नोटिस 21 अगस्त तक दाखिल करना होगा जवाब

**कांठ।** नगर सहित जिले के तीन राजनीतिक दलों को चुनाव आयोग ने नोटिस जारी किया है। इस मामले में 21 अगस्त तक पार्टी के अध्यक्षों या महासचिवों को शपथ पत्र के साथ जवाब दाखिल करना होगा।प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा की तरफ से तीनों दलों को नोटिस जारी किया है। इनमें महानगर के वार्ड नंबर 45 मोहल्ला बलदेवपुरी के पते पर राष्ट्रीय कांग्रेस ( बाबू जगजीवनराम) कार्यालय दर्ज है। इसी प्रकार नगर पंचायत कांठ के पते पर राष्ट्रीय किसान समाज पार्टी (यूनाइटेड) अंकित है। हाउस नंबर 248, सिहोरा गोविंद (गोविंद नगर), पोस्ट एवं थाना कटघर के पते पर यूथ सोशलिस्ट पार्टी का कार्यालय दर्ज है।आयोग ने राजनैतिक दलों के अध्यक्ष या महासचिव को अपने आवेदन के साथ शपथ पत्र और अन्य साक्ष्यों को 21 अगस्त तक मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ को भेजने को कहा है।इस मामले में दो और तीन सितंबर को मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष कार्यालय समय में उपस्थित होकर व्यक्तिगत रूप से अपना पक्ष रखा जा सकता है।नोटिस में कहा है कि निर्धारित तिथि के भीतर प्रत्यावेदन उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो यह माना जाएगा कि राजनीतिक दल को इस मामले में कुछ नहीं कहना है।

## एक नजर

# बाइक से पंजाब मजदूरी करने जा रहे युवक की सड़क हादसे में हुई मौत, पत्नी की हालत गंम्भीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र के गांव कुरतरा से पंजाब मजदूरी करने बाइक से जा रहे युवक की मेरठ में सड़क हादसे में मौत हो गई।जबकि पीछे बैठी उसकी पत्नी गंभीर घायल हो गई है।जिसको वही अस्पताल में भर्ती कराया गया है।मेरठ पुलिस ने शब पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।मौत की सूचना से युवक के घर में कोहराम मच गया।

मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव कुरतरा निवासी करन सागर (24) पंजाब में रहकर कई सालों से मजदूरी करता था।6 माह पहले करन की शादी हुई है।मंगलवार शाम के समय वह हर बार की तरह पत्नी के साथ बाइक के द्वारा पंजाब को निकला था। बुधवार सुबह करीब 4 बजे मेरठ के पास रोड पर ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में बाइक चालक करन सागर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।जबकि उसकी पत्नी गंभीर घायल हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। घायल पत्नी को अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।घर सूचना पहुंचने पर कोहराम मच गया।सुबह ही परिजन मेरठ के लिए रवाना हो गए है।पोस्टमार्टम के बाद देर शाम तक शब पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है।

# महिला को ब्लैकमेल कर संबंध बनाने की कोशिश

**शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** शारिरिक सम्बंध बनाने के लिए पड़ोसी युवक महिला को ब्लैकमैल कर रहा है, उसके नाम से फेक आईडी बनाकर अश्लील फोटो सोशल मीडिया अपलोड कर दिए हैं। शिकायत करने पर युवक और उसके घर वालों ने उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने युवक और पिता व भाईयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बहेड़ी कस्बे के एक मोहल्ले की महिला ने बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाले युवक ने अपने मोबाइल से उसके फोटो खींच लिए, इसके बाद उसके नाम से फेक आईडी बनाकर उन फोटो को सोशल मीडिया पर अश्लील बातें लिखकर पोस्ट कर दिया। वह उसे मैसेंजर पर भी अश्लील बातें लिखकर भेजता था। युवक उसे धमकी देता कि वह उसकी फोटो एडिट कर उसके रिश्तेदारों को भेज देगा।

महिला ने बताया कि आरोपी जब भी उसे अकेला देखता था तो उसके साथ छेड़छाड़ करता था। वह उसे ब्लैकमेल कर उससे शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बना रहा था। जब उसने और उसके पति ने विरोध किया तो जान से मारने की धमकी दी।

उसने पति के साथ आरोपी के घर जाकर शिकायत की तो युवक ने अपने घरवालों के साथ मिलकर उन्हें पीटा। पुलिस ने जफर शेरी पुत्र शफी अहमद, शफी अहमद पुत्र छुट्टन, शाहिद पुत्र शफी अहमद, शकीर अहमद पुत्र शफी अहमद निवासी मोहल्ला शाहजीनगर थाना बहेड़ी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# तहसीलदार ने दो गौशालाओं की किया निरीक्षण, मिली गन्दगी, लगाई फटकार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने बुधवार को विकास क्षेत्र भदपुरा की दो गौशालाओं को औचक निरीक्षण किया, जिसमें उन्हें भारी गन्दगी मिली, जिसपर उन्होंने गौशाला संचालकों की जमकर फटकार भी लगाई।

जिला प्रशासन के आदेशों पर बुधवार को तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह पहले ग्राम दलेलनगर स्थित गौशाला पहुंचे और उसका हाल देखा। गौशाला में मिली भारी गन्दगी देख तहसीलदार उखड़ गए, और उन्होंने संचालक की जमकर फटकार लगाई। उन्हें पशुओं को हरा चारा भी नहीं मिला। तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने इसके बाद सूरजपुर परौरिया की गौशाला का भी निरीक्षण किया। उन्हें यहां भी भारी गन्दगी मिली, जिसपर उन्होंने संचालक को तलब कर जमकर फटकार लगाई। तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने बताया कि वह इन दोनों गौशालाओं के निरीक्षण की रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजेंगे।

# सरकारी डॉक्टर और सर्राफा व्यापारी के बीच चल रहे सम्पत्ति विवाद की तहसीलदार ने कराई नपत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** बरेली-पीलीभीत हाईवे किनारे हरदुआ गांव के पास वेश कीमती भूमि पर कब्जे को लेकर सरकारी चिकित्सक और सर्राफा व्यापारी के बीच चल रहे विवाद का बुधवार को तहसीलदार और कोतवाल ने सुलटा दिया। तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह की अगुआई में पहुंची राजस्व कर्मियों की टीम ने भूमि की नपत कर निशान लगवा दिए। हाइवे किनारे वेश कीमती इस भूमि पर सरकारी चिकित्सक डॉक्टर दिनेश गंगवार और सर्राफा व्यापारी राम प्रकाश गुप्ता के बीच काफी दिनों से विवाद चला आ रहा था, जिसके चलते दोनों पक्ष कई बार आमने सामने आ गए थे, और एक दूसरे के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराए गए थे। हाल ही में कुछ दिनों पहले हुए विवाद में सर्राफा व्यापारी राम प्रकाश गुप्ता उनकी पत्नी बविता गुप्ता और पुत्र सूरज गुप्ता घायल हो गए थे, जिसकी रिपोर्ट राम प्रकाश गुप्ता ने सरकारी चिकित्सक डॉक्टर दिनेश गंगवार, उनकी पत्नी डॉक्टर अर्चना गंगवार, दुष्यंत सहित कई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बुधवार को तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह, राजस्व निरीक्षक लालाराम गंगवार, लेखपाल विजय कुमार, कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव भारी पुलिस बल के साथ स्थल पर पहुंचे, और भूमि की नपत कराए जाने के बाद निशान लगाए। राजस्व टीम द्वारा की गई निशान देही पर उन्होंने सर्राफा व्यापारी राम प्रकाश गुप्ता को अपना कार्य करने को कहा है।



समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# धमोरा के पांच गावों में नम आंखों से निकाला चेल्लूम का जुलूस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**शहजादनगर।** धमोरा गांव में बीते दिन चेल्लम के गमगीन माहौल में आलम के जुलूस को ग्रामीणों ने ढोल ताशों के साथ नम आंखों से शांति पूर्ण तरीके से विदा किया। इस दौरान शहजादनगर थाना लखनाखेडा गांव स्थित मैदान ए शहिदानें कर्बला में एक साथ पुरैना, नानकार,कमोरा, धमोरा से पांच गांवों के ताजिए ग्रामीणों ने रात्रि में गस्त की ओर घर-घर पहुंचे ताजियों पर लोगों ने नियाज दिलाई।

इस दौरान सभी लोग बीते दिन मंगलवार को लखनाखेडा स्थित कर्बला के लिए रवाना हुए। जिसके चलते धमोरा स्थित साप्ताहिक बाजार में एकत्र हुए। जहां सभी ने एक जुट होकर ढोल ताशों के साथ शहीदों की याद में मातम मनाया। जिसके बाद धीरे-धीरे कदमों से कर्बला की ओर रवाना हुए। जहां सैकडों की तादात में भीड़ एकत्र रही और सभी ने नम आखों से ताजियों को कांधा दिया और कर्बला तक पहुंचाया। जबकि क्षेत्र के एक ही कर्बला में पहुंचने वाले लखनाखेड़ा और पेगंबरपुर गांव के ताजियों को भी एक स्थान पर रखा गया। जिसको लेकर सभी ग्रामीणों ने भारी संख्या में मातम मनाया और सभी अलग अलग ग्रामीणों ने अपने अपने गांव के ताजियों को शहीद कर मैदान ए कर्बला में सुपुर्दे खाक कर दिया और अपने शहीदों को याद किया।

इस दौरान कर्बला में लगी मेले में दुकानों से बच्चों ने झूलों और हलवा पराठे की दुकानों के साथ-साथ मिठाइयों का जमकर लुफ्त उठाया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस प्रशान मौजूद रहा ताकि कोई भी किसी दूसरे समुदाय के लोग न झगड़े। इस दौरान सभी गांवों की चेहल्लुम कमेटी की टीमें अलर्ट रही।

## नो एंट्री में निकल रहे ओवरलोड डंपर ने पिकअप में मारी टक्कर, हुई क्षतिग्रस्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नो ऐटंरी मे तेज रफ्तार से निकल रहे रेत से ओवर लोड डंपर ने पीकअप मे जोरदार टक्कर मारदी जिस्से पीकअप क्षतिग्रस्त हो गई सुचना मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल स्थल पर पहुंच गई ओर डंपर को अपने कब्जे मे ले लिया नगर के स्वास्थ्य केन्द्र के सामने बुधवार की सुबहा नो बजे के करीब पट्टी कला से रेत भरकर लारहे ओवरलोड डंपर ने पीकअप ने जोर दार टक्कर मार दी जिस्से पीकअप क्षतिग्रस्त होगई पीकअप मे टक्कर लगते ही घटनास्थल पर अफरा तफरी मच गई मौके पर तमाम लोगो की भीड़ जमा होगई गनी मत रही आस पास खड़े ई रिक्शाओ को डंपर ने अपनी चपेट मे नही लिया जिस्से बड़ा हादसा होने से टल गया मौके पर मौजूद लोगो ने डंपर को घेर लिया सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई ओर डंपर को अपने कब्जे मे लेलिया नगर मे नो ऐटंरी मे रेत से भरे ओवर ओवरलोड वाहन रुकने का नाम नही ले ओवर लोड वाहन नो ऐटंरी मे नगर से तेज रफ्तार निकलते है जिसकी वजह आये दिन घटनाए घटती रहती है पुलिस नो ऐटंरी मे निकल रहे रेत से भरे ओवर लोड वाहनो के खिलाफ कोई कार्रवाई नही करती जिसकी वजह से इन वाहनो चालको के होसले बुलन्द है। जिसकी वजह आये एक्सीडेंट होते रहते है।

## श्री गुरु रामदास इंटरनेशनल स्कूल में निकाली तिरंगा रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** नगर के श्री रामदास इंटरनेशनल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के पूर्व तिरंगा रैली का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन विद्यालय की प्रधानाचार्य गुरप्रीत कौर ने झंडी दिखाकर किया।

विद्यालय की छात्र-छात्राएं हाथों में तिरंगे झंडे, देशभक्ति नारों के साथ पूरे उत्साह से रैली में शामिल हुए।

रैली में देशभक्ति नारो से वातावरण गूंज उठा इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का आयोजन भी हुआ। जिसमें रंगोली अनुच्छेद लेखन भी रहा विद्यालय के संस्थापक मनजीत सिंह एवं प्रबंधक तजिंदर कौर अपने बच्चों को स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के बारे में प्रेरक बातें बताई और उन्हें देश के प्रति कर्तव्य निभाने का संकल्प दिखाए पूरे कार्यक्रम में देशभक्ति और उत्साह का अद्भुभत संगम देखने को मिला। नवनीत कुमार,दीप शिखा, प्रीति दिवाकर, अनम, प्रतिभा, स्नेहल, दिव्या, स्नेहा, अमनदीप कौर, निशी, सोनम, खुशबू, आयुषी आदि रैली में शामिल रहे।

## सैफनी में हो रही रासलीला में दूसरे दिन नाग नाथन का मंचन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर में स्थित बुधवार को दूसरे दिन महाभारत कालीन प्राचीन माता बेला भवानी सिद्ध शक्ति पीठ धाम पर चल रही रासलीला में भगवान कृष्ण ने नाग नाथन का मंचन खेला गया जोकि बहुत ही सुंदर दृश्य रहा रासलीला पंडाल में सैकड़ों श्रद्धालु रहे जिसमें आचार्य नितिन भारद्वाज ने पूजा अर्चना मुख्य अतिथि उपेंद्र मिश्रा द्वारा कराई रासलीला में उपस्थित विवेक वशिष्ठ,गौरव भटनागर, राजा जोशी, आकाश शर्मा, नरेश कुमार शर्मा, सूरज माली आदि मौजूद रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत वकीलों ने निकाली भव्य यात्रा

■ हर घर तिरंगा अभियान के तहत वकीलों ने निकाली भव्य यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** आजादी के अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को नगर में उपजिलाधिकारी अमन देओल के नेतृत्व में बार वेलफेयर एसोसिएशन और सीनियर बार वेलफेयर एसोसिएशन के वकीलों ने स्वार बाजपुर रोड पर भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। यात्रा में वकीलों द्वारा राष्ट्भक्ति की भावनाओं पर जोर दिया गया। यात्रा का शुभारंभ उपजिलाधिकारी कार्यालय से शुरु हुआ। तिरंगा यात्रा ब्लॉक मुख्यालय, नगर के बिलासपुर तिराहे से होते हुए नगर के मुख्य बाजार व कोतवाली गेट से गुजरते हुए तहसील परिसर में एसडीएम कार्यालय पर पहुंचकर संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा में वंदेमातरम्, भारत माता की जय के नारे लगाए गए। वहीं तिरंगा यात्रा में स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को याद किया गया। तिरंगा यात्रा में वकीलों का उद्देश्य क्षेत्रीय जनता के लिए और अधिक देशभक्ति की भावना को प्रबल करना था। तिरंगा यात्रा में उपजिलाधिकारी अमन देओल, बार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र नाथ गौस्वामी, सीनियर बार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष गुरनाम सिंह संधू, ताहिर हसन खां, सिराज अहमद, राशिद खां प्रथम, मोहम्मद जुनैद, नौशाद आलम, राशिद खान, पंकज कुमार जोशी, इरशाद अहमद, रेहान खां, पवन कुमार, आदि वकील व प्रलेखक नवाब दूला खां मोहसिन शामिल हुए।

## नगरपालिका परिषद की ओर से तिरंगा रैली का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** बुधवार को नगरपालिका परिषद की ओर से एक भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का आयोजन अधिशासी अधिकारी वंदना शर्मा , अध्यक्षा साहिबा सरफराज, अध्यक्ष पति प्रतिनिधि हाजी सरफराज आलम और वरिष्ठ लिपिक धनीराम सैनी जी की उपस्थिति में किया गया।

रैली नगर पालिका परिषद कार्यालय से शुरू होकर नगर के मेन रोड और गलियों से होते हुए नगर पालिका के जलकल परिसर में समाप्त हुई। रैली में नगर पालिका परिषद का समस्त स्टाफ और कर्मचारियों ने भाग लिया और अपने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर देशभक्ति का प्रदर्शन किया। रैली के दौरान वातावरण देशभक्ति से भर गया और सभी ने एकजुट होकर तिरंगा यात्रा में भाग लिया।

## सागरपुर गांव में एक घर में बीती रात दो लाख की हुई चोरी चोरों के हौसले बुलंद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी /रामपुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सागरपुर में हुई लाखों की चोरी मिली जानकारी अनुसार सागरपुर निवासी राशिद बड़ौदा में मजदूरी का काम करता है।

राशिद की पत्नी नफीसा ने बताया कि बुधवार की रात अपनी देवरानी शाहना सहित अपने बच्चों के साथ अपने घर के आंगन में सो रही थी तभी अचानक अज्ञात चोर घर में घुस आए जब मैंने खटर पटर की आवाज सुनी तो मेरी आंख खुल गई मुंह पर डाटा बांधे दो चोरों को देख मेरी चीख निकल गई।

चीख को सुनकर आस पास के लोग इकट्ठे होते देख अज्ञात चोर छत से कूदकर भाग गए जिसमें एक सोने का हार ,झाले,कुंडल व चांदी की तीन जोड़ी पायल, हथफूल और 80 हजार रुपए सहित लगभग 2 लाख की चोरी कर ले गए गांव बालों ने काफी दूर तक तलाशा लेकिन चोर हाथ न आ सके जिसकी सूचना पुलिस को दी।

सूचना पाकर पुलिस ने मौके पर पहुंच पीड़िता से जानकारी ले।

## मनोज कुमार मिश्र बने नरपत नगर पुलिस चौकी के प्रभारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र मैं मसवासी चौकी पर तैनात उप निरीक्षक मनोज कुमार मिश्रा को नगर पंचायत नरपत नगर की नवसृजित पुलिस चौकी का प्रभारी नियुक्ति किया है। नवनियुक्त चौकी प्रभारी ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने मसवासी पुलिस चौकी पर तैनात उप निरीक्षक मनोज कुमार मिश्रा को नगर पंचायत नरपत नगर की नवगठित पुलिस चौकी का प्रभारी नियुक्त किया है उन्होंने अपना कार्यभार नरपत नगर पहुंचकर ग्रहण कर लिया है।

# बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा ने निकाली तिरंगा रैली



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा घर-घर तिरंगा रैली निकाली गई। रैली का शुभ-आरंभ किले से किया गया जबकि समापन रजा डिग्री कॉलेज पर हुआ । देश भक्ति गानों की गूँज ने पूरा वातावरण राष्ट्र प्रेम से सराबोर हो गया। तिरंगा रैली में राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि इस रैली का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को भारत के स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में तिरंगा को घर लाने , उसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करना है। मैं इस राष्ट्रीय पर्व को घर- घर तक पहुंचाने के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करती हूँ, उनके राष्ट्रप्रेम और प्रेरणा का ही परिणाम है कि आज भारत का जन-जन व्यक्ति तिरंगा रैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहा है। हाथ में तिरंगा, दिल में देश का प्यार और होंठों पर ष्वन्दे मातरम्ष का उद्घोष यही हमारी पहचान है यही हमारा भारत है।

इस मौकध्े अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष वसीम खघन , राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी फैसल मुमताज, महामंत्री डॉ. यामीन, इमरान पाशा, जिला उपाध्यक्ष फसाहत अली खां, राजू , नूर आलम, लाल भाई, जिला मंत्री मुस्तकिम प्रधान मंडल अध्यक्ष इश्तियाक अहमद, रिजवान अहमद सहित मोर्चा के पद अधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने निकाली टैक्टर तिरंगा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत व सयुक्त किसान मोर्चा ने राष्ट्रीय आह्वान पर ग्रामीण क्षेत्र में ट्रेक्टर तिरंगा यात्रा निकाली।

इस दौरान सभी किसान जिला सलाहकार सलामत जान के आवास पर ग्राम गुलड पिपलसाना में एकत्र हुए और सभी किसान देश भक्ति का संदेश देते हुए टैक्टर यात्रा से रामपुर के लिए रवाना हुए।

इस दौरान लखविंदर सिंह गिल, अमीर अहमद, इमरान अली, महबूब अली, नन्हे मास्टर, भजन लाल, रेहान अली,शकील अहमद, कुलवीर सिंह, बलवीर सिंह, सूबा सिंह,सहित सभी पदाधिकारी व किसान मौजूद रहे।

# एनडीआरफ की टीम ने खोज निकाला नवयुवक का शव

■ सैजनी नदी में पशु चलाते समय कल डूब गया था विमल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** सैजनी नदी में कल डूबे नव यूवक के शव को आज एनडीआरएफ की टीम ने खोज निकाला।

कल तहसील के ग्राम हलूनागर निवासी गिरधारी लाल का पुत्र विमल (16 वर्ष )पशु चराने के लिए गांव के सैजनी नदी के पास गया था। विमल पशु चराने के लिए गया था और पिताजी खेत में ही खाद डालने का कार्य कर रहे थे पशु चलते चलते विमल सैजनी नदी में किसी तरह चला गया और डूब गया। इसकी सूचना उप जिलाधिकारी आनंद कुमार कनौजिया को मिली उन्होंने तुरंत तहसीलदार सीमा गंगवार को घटना स्थल पर भेजा गया। स्थानीय गोताखोरों की मदद से काफी ढूंढने का प्रयास किया स्थानीय गोताखोरों को कोई भी सफलता नहीं मिली। उसके बाद प्रशासन की ओर से एनडीआरएफ के गोताखोरों को बुलाया गया उन्होंने आज फिर सर्च अभियान चलाकर खोजवीन शुरू कर दी और कल से लापता विमल के शव को नदी से खोज निकाला शव मिलते ही विमल के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया।

## व्यापार मंडल ने निकाली तिरंगा बाईक रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली ने अपनी समस्त टीम और सारे व्यापारी और जनता के साथ मिलकर बाइक रैली के रूप में तिरंगा यात्रा निकाली यह तिरंगा यात्रा 79वे अमृत महोत्सव के रूप में मनाया गया जिसमें सभी वर्ग के व्यक्ति मौजूद थे यह तिरंगा यात्रा हमारे देश की गंगा जमनी तहजीब को दर्शाते हुए स्वार की जनता अपने देश के अमन और शांति और खुशहाली को दर्शाते हुए ये तरंगा यात्रा अपने आप में हमारे देश के लिए शान और वांन है इस तरंगा यात्रा को देखकर ऐसा लगता है कि हमारे देश में हिंदू मुस्लिम सब एक हैं और यह जज्बा हमेशा कायम रहेगा हमारा देश सर्वोपरी है सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा इस मौके पर अध्यक्ष अनवर अली,प्रदेश संगठन मंत्री शिवौतार सक्सेना उर्फ मन्नू,उपाध्यक्ष अजेन्द्र राठौर, आसिफ, हाशिम शान, मुशर्रफ अली, अजीज मियां, फुरकान अली, साजिद पाशा, रेहान अली, गुड्डू हाफिजजी, कदीर अंसारी इरफान अली, रईस अहमद, चाचा गगन सचदेवा,मिंटू सिंह, मतलूब अहमद,सब्बू अंसारी महबूब अली, आरिफ अली, मेहफूज प्रधान पप्पू प्रधान शाकिर अली अंजार अहमद, अकील अंसारी, दानिश अंसारी, शकील सलमानी,मोहब्बे अली, समीर,अनवर अली,कपड़े वाले जलीस अहमद, मकसूद अहमद, नासिर अहमद, इलियास अहमद, हामिद अहमद,भूरा अली, मकसूद चप्पल वाले, मेहंदी हसन, मसरूर अली,सलीम अल्वी,इरफान अहमद,अरशद अली,बंटी खान आदि मौजूद रहे।

# बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र में राज्य मंत्री ने निकाली तिरंगा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री ने बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली तहसील क्षेत्र के ग्राम रास डांडिया मे गन्ना समिति मिलक के अध्यक्ष रजनीश पटेल के भाजपा कार्यालय से प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख के नेतृत्व में एक भव्य तिरंगा यात्रा का का उद्घाटन हुआ।

तिरंगा यात्रा में जिला पंचायत के वार्ड 34 के क्षेत्रवासी भारी संख्या में मोटरसाइकिल और कारों से मौजूद रहे।

रास डांडिया से शुरू होकर हल्दुआ, हरदासपुर, सिलई बड़ा गांव, सिंहपुरा, कजियापुरा, हरसू नगला, गधइया, मुझियाना, कपनेरी भंवरका, रास होते हुए वापस डांडिया कार्यालय पर पहुंचकर संपन्न हुई।

तिरंगा यात्रा में हाथों में तिरंगा लेकर लोग चल रहे थे। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार, रजनीश पटेल, रवि गंगवार, नंदकिशोर गंगवार, लाखन सिंह, नरेंद्र गंगवार प्रधान, रामपाल प्रधान, शुभांक प्रकाश गंगवार, रामकिशोर मौर्य आदि थे।

# नगर पंचायत अध्यक्ष व ईओ ने नगर मे निकाली तिरंगा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गोयल व अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार ने नगर मे पंचायत मे तिरंगा यात्रा निकाली पूरा नगर देश भक्ती धुनो तरानो से गूज उठा बन्दे मातरम व भारत माता के जय कारे भी लगाए गूज यात्रा का शुभारंभ नगर पंचायत कार्यालय से नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गोयल व ईओ सचिन कुमार ने किया गया। सभासद व नगर पंचायत कर्मी नगर पंचायत कार्यालय पर एकत्र हुए यात्रा नगर पंचायत से शुरू होकर चाऊपुरा मेन मार्केट मेन चौराहा काशीपुर मार्ग होते हुए नगर पंचायत कार्यालय परिसर पर जाकर समाप्त हुई जगह जगह यात्रा का भव्य स्वागत किया गया नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि प्रत्येक नागरिक के मन मे राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत होनी चाहिए साथ ही उन राष्ट्रभक्तो वीर शहीदो को स्मरण करने का भी समय है जिनकी शहादत ही हमारी स्वतंत्रा का प्रमुख कारण है यात्रा मे राजीव कुमार शर्मा, अतुल कुमार, बृजनंदन सागर, डॉक्टर अनिल सागर, सोमपाल अनिल दिवाकर, शुभाश सागर, कमल कुमार चन्द्रा, जितेंद्र चन्द्रा भगवती प्रसाद देवल योगी वर्मा, प्रदीप कुमार सागर सहित सेकडो की संख्या मे लोग मौजूद रहे।

# तिरंगा यात्रा में देश भक्ति गीतों व भारत माता की जय के गूंजे उदघोष

## ज्ञान भारती, ब्लॉक कार्यालय, नोबेल, एसआरएस, नार्दन इण्डिया से निकली रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** बुधवार को नगर क्षेत्र में तिरंगा यात्राओं की धूम मची रही। कई स्थानों से निकाली गई तिरंगा यात्रा में देशभक्ति तराने गूंजते रहे तो वहीं ससम्मान राष्ट्रीय ध्वज लहराता रहा। वातावरण में देशभक्ति के नारे गूंजते रहे।

नगर के ज्ञान भारती इण्टर कॉलेज व पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से निकाली गई तिरंगा यात्रा को प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान, कस्बा चौकी इंचार्ज अतवीर सिंह चौहान, कॉलेज के प्रधानाचार्य पीजी गोस्वामी, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य जीपी सिंह व प्रबंधक/नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रोहताश कुमार शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नगर के नोबल पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बुधबाजार से तिरंगा यात्रा प्रारंभ की और प्रमुख मार्गो पर घूमी। इस दौरान प्रबंधक राजीव उपाध्याय, निदेशक शुभम उपाध्याय आदि समेत स्टॉफ के सदस्य मौजूद रहे। ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी व भाजपा जिला उपाध्यक्ष चौ.विरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में नगर के ब्लॉक






कार्यालय से तिरंगा यात्रा निकाली गई। रैली में सैकड़ों कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता और आम नागरिक तिरंगा हाथ में लिए जोश और उत्साह के साथ शामिल हुए। रैली ब्लॉक से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए रेलवे स्टेशन की ओर रवाना हुई। इस दौरान 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम्' और 'जय हिंद' के उद्घोष गूंजते रहे। इस मौके पर बीडीओ प्रतिभा अग्रवाल, आयुष चौधरी, शशि चौहान, रामरतन सिंह जाटव, डॉ.उत्तम सिंह प्रजा. पति, महेश प्रधान, मनमोहन सिंह सैन, प्रमोद कुमार, अंकुश पाल, शीशपाल, सतेन्द्र, ओमकार आदि मौजूद रहे। नगर के हसनपुर रोड स्थित ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल में तिरंगा यात्रा का आयोजन उत्साह, गर्व और देशभक्ति के वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की डायरेक्टर डॉ.पूनम पंडित ने राष्ट्रध्वज फहराकर किया। इस मौके पर डॉ. पराग पंडित, रंजीत सिंह, शेखर, दीपिका, प्रशांत, वीरेश, अभिषेक आदि मौजूद रहे। एसआरएस इण्टरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने इंदिरा चौक से स्टेशन तिराहे तक 'एकता में विविधता' थीम पर तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा में 125 फिट तिरंगा आकर्षण का केन्द्र बना रहा। इस अवसर पर प्रबंधक निदेशक वीरेन्द्र सिंह, निदेशक पुनीत सिंह, प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र चतुर्वेदी, कोआर्डिनेटर साक्षी सिंह आदि मौजूद रहे। नगर के बस्ती स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय से तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसका शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी आरती गुप्ता ने किया। इस मौके पर प्रधानाचार्या रेखा रानी समेत स्टॉफ के सदस्य मौजूद रहे। नगर के नार्दन इण्डिया पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने ग्राम धनौरी, सदरपुर, बागड़पुर आदि में तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान देशभक्ति गीतों व नारों से वातावरण गूंज उठा। इस मौके पर प्रबंधक व समाजसेवी राकेश मोहन गर्ग ने देश के अमर शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। ग्रामीणों ने तिरंगा यात्रा पर पुष्प वर्षा की। इस मौके पर प्रधानाचार्य मनोज गोयल, सिविल कुमार, योगेन्द्र वर्मा, वकार अली, अतुल सैनी, पूनम राठौर, शीलचंद आदि मौजूद रहे। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित कई सरकारी व गैर सरक. ारी विद्यालयों में तिरंगा यात्रा निकाली गई।

# तिरंगा यात्रा में दिखी देशभक्ति की झलक

## युवा पीढ़ी को बताए आजादी का महत्व:डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि देश को आजादी दिलाने वाले वीर सपूतों की याद में निकाली जा रही तिरंगा यात्रा का मकसद युवा पीढ़ी को देश के इतिहास के बारे में जागरूक करना है।

मिनी स्टेडियम से हर घर तिरंगा व हर घर स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत नगर पालिका द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसका शुभारंभ डीएम निधि गुप्ता वत्स, चेयरमैन शशि जैन, एसपी अमित कुमार आनंद ने हरी झंडी दिखाकर किया। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि युवा पीढ़ी को देश के वीर सपूतों के बारे में जानकारी होना जरूरी है। एसपी अमित कुमार आंनद ने कहा कि आज जो हम आजाद हवा में सांस ले रहे है उसके लिये हमारे देश के वीरों ने अपने प्राणों की आहूति दे दी थी। हमें अपने आजादी को संजोये

### स्वतंत्रता दिवस पर घरों पर फहराये तिरंगा: शशि

रखना है। किसी के बहकावे में न आये तथा आपस में भाई चारे के साथ रहे। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त पर हर घर तिरंगा लहराना चाहिये। आम जनता का यह कर्तव्य है कि आजादी का जश्न धूमधाम से मनाये। चेयरमैन शशि जैन ने कहा कि 15 अगस्त पर हम सभी को वीर शहीदों की याद में अपने घर पर तिरंगा लगाना है। जिला प्रशासन व नगर पालिका द्वारा आयोजित यह तिरंगा यात्रा हमारें अंदर देशभक्ति की भावना को प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक के दिल में देश के प्रति प्रेम होना जरूरी है। यात्रा में सबसे आगे छात्र-छात्राएं झांकिया लेकर चल रहे थे। वह भारत माता के जयकारें भी लगा रहे थे। ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने कहा कि तिरंगा यात्रा के साथ नगर में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी नगर पालिका द्वारा किया जा रहा है। उन्हें जहां देश के प्रति अपने कर्तव्य के बारे में बताया जा रहा है वहीं घर व आस-पास सफाई रखने की सीख भी दी जा रही है ताकि बीमारियों से बचा जा सके।



अमरोहा। तिरंगा यात्रा में शामिल डीएम व एसपी।

# अज्ञात वाहन से कुचलकर तेंदुए की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** अज्ञात वाहन की टक्कर से सड़क पार कर रहा तेंदुआ गंभीर रूप से घायल हो गया। वन विभाग की टीम को मौके पर पुलाया गया। उपचार के दौरान तेंदुए ने दम तोड़ दिया।

हादसा बुधवार तड़के नेशनल हाईवे पर थाना क्षेत्र की सीमा में गांव झनकपुरी के पास हुआ। सड़क पार कर रहे तेंदुए को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में वह बुरी तरह जख्मी हो गया। तड़के में खेतों की ओर जा रहे ग्रामीणों व वाहन चालकों ने हाईवे से गुजरते समय तेंदुए को सड़क किनारे बेसुध हालत में पड़ा देखा। लोगों ने तुरंत ही इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचते हुए वन विभाग की टीम को बुला लिया। रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू करते हुए जख्मी तेंदुआ को पिंजरे में बंद कर तुरंत जटी वन स्थित डीएफओ कार्यालय लाया गया। पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने उपचार शुरू किया। लेकिन, दोपहर में करीब चार बजे तेंदुए की मौत हो गई। इसके बाद यहीं पर तेंदुआ के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। तीन सदस्य टीम ने पोस्टमार्टम किया। तेंदुए के शरीर में अंदरूनी चोटों के साथ पेट में भी अधिक रक्तस्राव होने से मौत की पुष्टि हुई। पोस्टमार्टम के बाद जटी वन परिसर में ही नियमानुसार तेंदुए के शव को जला दिया गया

# सड़क हादसे में घायल स्कूटी सवार की मौत

## इलाज को ले जाते रास्ते में तोड़ा दम

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए युवक की उपचार को ले जाते समय मौत हो गई।मौत की सूचना से परिजनों को. हराम मचा है।

कोतवाली क्षेत्र के गजरौला मार्ग पर मंगलवार की शाम दिल्ली के पहाड़गंज निवासी राकेश पुत्र वेद प्रकाश गुप्ता 45 वर्षीय अपनी स्कूटी से रहरा थाना क्षेत्र के गांव छपना में अपनी बहन के घर आ रहे थे। जैसे ही उनकी स्कूटी गजरौला मार्ग पर आगापुर पुलिया के निकट पहुंची तो पीछे से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही स्कूटी सवार राजेश सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। राहत जिलों की सूचना पर मौके पर पहुंची 112 डायल पुलिस ने घायल को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। लेकिन हॉयर सेंटर पहुंचने से पहले ही रास्ते में घायल की मौत हो गई। मौत की सूचना जैसे ही परिजनों को मिली तो घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। क्षतिग्रस्त स्कूटी को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। मृतक राजेश अपने पीछे पत्नी आरती एक बेटी एक बेटा को रोते बिलखते छोड़ गया है। परिजनों के द्वारा अभी कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है।

# ट्रक की टक्कर से तालाब में पलटी ट्रैक्टर-ट्राली

## मजदूर हुआ बुरी तरह जख्मी



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के अलीगढ़ मार्ग पर आगे चल रहे सीमेंट लदे ट्रक ने ट्रैक्टर ट्राली में जोरदार टक्कर मार दी। ट्रैक्टर तालाब में पलट गया ट्रैक्टर पर बैठा मजदूर बुरी तरह घायल हो गया। घायल को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। जहां उसका उपचार किया गया।

बुधवार की सुबह रहरा थाना क्षेत्र के गांव बुरावली निवासी फहीम पुत्र जरीफ अपने ट्रैक्टर ट्राली में नगर के सीमेंट स्टोर से सीमेंट लादकर रहरा थाना क्षेत्र के गांव मदारीपुर दुकान पर जा रहा था। ट्रैक्टर पर नगर के मोहल्ला हिरन वाला निवासी मजदूर इमरान पुत्र शरीफ भी बैठा हुआ था। जैसे ही उनकी ट्रैक्टर ट्राली अलीगढ़ मार्ग पर हथियाखेड़ा गांव के निकट स्थित तालाब के पास पहुंची तो पीछे से आ रहे तेज गति ट्रक ने आगे चल रहे सीमेंट लदे ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही सीमेंट लदी ट्रैक्टर ट्राली तालाब में पलट गई। ट्रैक्टर पर बैठा मजदूर इमरान बुरी तरह घायल हो गया। ट्रैक्टर ट्राली में भरी सीमेंट के 300 कट्टे भी पानी में भीग गये। ट्रैक्टर ट्राली को पलटा देख मौके पर रहागीरों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। ट्रक चालक मौके से ट्रक लेकर फरार हो गया फिलहाल अभी कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है।

# 7.27 लाख रुपये नौ प्रतिशत ब्याज से करने होंगे अदा

## सोलर कम्पनी को उपभोक्ता फोरम ने दिया आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** दस किलो वाट का सोलर सिस्टम एक सप्ताह बाद ही ठप हो गया। शिकायत करने के बाद भी कंपनी ने ठीक नहीं कराया और न ही पैसे वापस किए। अब उपभोक्ता फोरम ने कंपनी को सोलर सिस्टम के 7.27 लाख रुपये नौ प्रतिशत ब्याज के साथ अदा करने का आदेश दिया है। इतना ही नहीं 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। एक महीने के भीतर भुगतान नहीं करने पर 12 प्रतिशत ब्याज भी देना होगा।

शहर के मोहल्ला कालाकुआं निवासी व्यापारी नेता मनोज टंडन की मुख्य बाजार में रेडीमेड कपड़े की दुकान है। 19 जून 2021 को उन्होंने अपने घर पर 10 किलोवाट का सोलर सिस्टम लगवाया था। जिसकी कीमत 7 लाख 27 हजार 800 रुपये अदा की थी। 30 जून 2021 को कंपनी ने सोलर सिस्टम इंस्टॉल किया। शर्तों के मुताबिक पैनल की वारंटी 25 व सोलर इनवर्टर की वारंटी दो साल थी। प्लांट लगाने के लिए मनोज टंडन ने आठ प्रतिशत ब्याज पर 5.80 लाख रुपये का बैंक से लोन लिया था। लेकिन, एक सप्ताह बाद ही पैनल ने काम करना बंद कर दिया। मनोज टंडन ने कंपनी व डिस्ट्रीब्यूटर से शिकायत की लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद अगस्त 2021 में कंपनी ने सोलर सिस्टम रिपेयर करा दिया। सर्दियों के कारण सोलर पैनल चलाने की जरूरत नहीं पड़ी। इसके बाद मार्च 2022 में सोलर सिस्टम ने फिर से काम करना बंद कर दिया। 31 अगस्त 2022 को उन्होंने इस बावत कंपनी व डिस्ट्रीब्यूटर को नोटिस भेजा लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। आखिर में व्यापारी नेता मनोज टंडन ने जिला उपभोक्ता फोरम की शरण ली। केस की सुनवाई के दौरान फोरम ने कंपनी को सेवा में कमी का दोषी पाया। सोलर पैनल की कीमत 7 लाख 27 हजार 800 रुपये निर्णय की तिथि से एक माह के अंदर अदा करने का आदेश दिया। साथ ही आर्थिक व मानसिक क्षतिपूर्ति के लिए 15 हजार तथा वाद व्यय के रूप में 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# बच्चों से भरी बस पलटने से बची

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** थाना क्षेत्र के गांव में दूसरे वाहन को बचाने के चक्कर में स्कूल के बच्चों से भरी हुई बस पलटने से बाल बाल बच गई। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोगों की मदद से बच्चों को बाहर निक. ाला गया। बुधवार की सुबह 7:30 बजे एक निजी स्कूल की बस बच्चों को स्कूल लेकर जा रही थी, गांव चकनवाला शरीफपुर सुमाली रोड पर सामने से आ रहे दूसरे वाहन को बचाने के चक्कर में बस खेत में जा घुसी। बच्चों की चीख पुकार सुनकर ग्रामीणों ने भाग कर बच्चों को किसी तरह बस से बाहर निक. ाला और ट्रैक्टरों की मदद से बस को खेत से बाहर निकलवाया। जिसके



बाद बस में बच्चे सवार हुए और अपने स्कूल पहुंचे। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ खेत स्वामियों ने सड़क की भूमि पर मिट्टी डालकर कब्जा कर रखा है जिससे सड़क संकरा हो रही है और आवागमन में दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों का यहां तक भी कहना है कि कई बार उन्होंने विभाग को शिकायत भी की है मगर उसके बाबजूद भी अभी तक समस्या का कोई निदान नहीं हुआ है।

# बाढ़ पीड़ितों को विधायक ने पहुंचाई मदद

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** विधायक राजीव तरारा के पिता पूर्व विधायक तोताराम कार्यकर्ताओं के साथ खादर के बाढ़ ग्रस्त गांवो में पहुंचे और बाढ़ पीड़ितों की मदद की।

बता दें कि तहसील क्षेत्र के खादर स्थित दारानगर, टीकोवाली, शीशोवाली, ढ़ाकोवाली, मंदिर वाली भुड्डी, रूस्तमपुर, मुक. ारमपुर, देवीपुरा, विसावली, सुल्तानपुर, रमपुरा आदि समेत लगभग तीस गांवो में बाढ़ आने से ग्रामीणों के समक्ष परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विधायक राजीव तरारा लगातार क्षेत्र के ग्रामीणों की मदद के लिये प्रयासरत हैं। बुधवार को विधायक राजीव तरारा के पिता पूर्व



विधायक तोताराम ने खादर क्षेत्र के गांवो में पहुंचकर ग्रामीणों को राहत सामग्री वितरित की। पूर्व विधायक तोताराम ने कहा कि ग्रामीणों की मदद के लिये लगातार प्रयास किया जाएगा। इस दौरान उनके साथ निहार त्यागी, सतवीर सिंह, सत्यपाल सिंह, सीताराम कश्यप, सचिन त्यागी समेत मण्डी धनौरा की एसडीएम विभा श्रीवास्तव, तहसीलदार मूसाराम थारू आदि मौजूद रहे।

# पशु चराने गए छात्र का शव पेड़ से लटका मिला

## पुलिस ने पीएम को भेजा शव

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** पशु चराने गये छात्र का शव पेड़ पर लटका मिलने से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाये है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव भीमाठीकरी निवासी कुवरसैन का 14 वर्षीय बेटा रूपेश बुधवार की दोपहर बाद पशु चराने के लिए जंगल गया था। जब गांव के अन्य लोग पशु चराने के लिए जंगल गये तो देखा कि एक शव जंगल में प्लास्टिक की रस्सी के सहारे पेड़ पर लटका हुआ है। धीरे-धीरे यह सूचना आसपास के गांवों में फैल गई। इसके बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतारा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाएं है। मृतक की पहचान भीमाठीकरी निवासी 14 वर्षीय रुपेश के रूप में हुई। रूपेश गांव के ही उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा आठ का छात्र था। वह 6 बहन भाइयों में सबसे छोटा था। छात्र की मौत से मां शकुंतला देवी समेत परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। कोतवाल दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। परिजनों द्वारा दी गई तहरीर एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी

# विद्युत विभाग के वरिष्ठ लिपिक के साथ मारपीट करके किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** युवकों द्वारा मोबाइल पर तेज आवाज में गाने बजाने का विरोध करने पर दो युवकों ने अधिशासी अभियंता के कार्यालय में तैनात वरिष्ठ लिपिक के सिर में कड़ा मारकर और मारपीट करके घायल कर दिया। घटना की तहरीर पुलिस को दी गयी है।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ लिपिक राजीव कुमार चांदपुर से रोडवेज बस द्वारा फाजलपुर स्थित विद्युत कार्यालय में ड्यूटी करने के लिए आ रहे थे। बस में दो युवक मोबा. इल पर तेज आवाज में गाने सुन रहे थे। वरिष्ठ लिपिक ने उनसे आवाज कम करने को कहा, जिस पर युवकों ने वरिष्ठ लिपिक के साथ मारपीट करके और सिर में कड़ा मारकर घायल कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया, हालांकि समाचार लिखे जाने तक मुक. दमा आदि दर्ज होने की सूचना नहीं थी।

# वार्ड सभासद उपचुनाव में दयावती ने मारी बाजी

## 383 वोट हासिल कर शानदार जीत दर्ज की

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या 16 के सभासद पद के लिए हुए उपचुनाव का नतीजा भाजपा खेमे के लिए खुशी की लहर लेकर आया। दिवंगत सभासद राजबाला सैनी की सास दयावती ने भाजपा समर्थित प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरकर 383 मत हासिल कर शानदार जीत दर्ज की। इस तरह न सिर्फ उन्होंने वार्ड 16 में भाजपा का परचम लहराया, बल्कि अपनी पुत्रवधु की अधूरी जनसेवा की विरासत को भी अपने हाथों में ले लिया।

चुनाव अधिकारी बीडीओ नरेंद्र कुमार गंगवार ने बताया चुनाव में कुल 603 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इनमें से 27 मत रद्द कर दिए गए, जबकि दो मतदाताओं ने चारों प्रत्याशियों में किसी को भी वोट नहीं दिया। नतीजों में भाजपा प्रत्याशी दयावती 383 मतों के साथ पहले स्थान पर रहीं। दूसरे स्थान पर निर्दलीय प्रत्याशी गुरविंदर कौर ने 117 मत प्राप्त किए, जबकि पुष्पा को 56 और संगीता को 18 मत मिले। जीत के बाद दयावती ने भावुक होते हुए कहा, यह जीत मेरे लिए सिर्फ एक चुनावी सफलता नहीं, बल्कि बहू की अधूरी सेवा यात्रा को पूरा करने का संकल्प है। जनता का आशीर्वाद और विश्वास ही मेरी असली ताकत है। नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने दयावती की जीत को जनता का भाजपा की विकास नीतियों पर भरोसा बताया। उन्होंने कहा, यह सिर्फ एक वार्ड की जीत नहीं, बल्कि विकास की राजनीति की जीत है। मतगणना केंद्र के बाहर से लेकर पूरे वार्ड में भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और मिठाई बांटकर जीत का जश्न मनाया। नारों की गूंज में माहौल पूरी तरह भगवामय हो गया। इस दौरान पूर्व सभासद देशराज सैनी, राजेन्द्र सैनी, अशोक सैनी, राजेन्द्र सैनी, जगत सिंह, विवेक सिंह, कपिल ठाकुर, चंद्रवीर सैनी, गौरव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# भारत में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी को मंजूरी

● 31 अगस्त तक फाइनल बिडिंग प्रपोजल देना होगा




**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन ओलिंपिक संघ (आईओए) ने बुधवार को भारत की कामनवेल्थ गेम्स 2030 होस्ट करने की बिड को मंजूरी दे दी है। यह मंजूरी स्पेशल जनरल मीटिंग में दी गई है। मेजबानी के लिए भारत ने मार्च महीने में एक्सप्रेशन आफ इंटरेस्ट समिट किया था। अब भारत को 31 अगस्त से पहले फाइनल बिड के लिए प्रपोजल देना होगा। कनाडा के रेस से बाहर हो जाने के बाद भारत के लिए 2030 कामनवेल्थ गेम्स की मेजबानी पाने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। हाल ही में कामनवेल्थ स्पोर्ट्स के डायरेक्टर डैरेन हाल के नेतृत्व में एक टीम ने अहमदाबाद स्थित आयोजन स्थलों का दौरा किया था। इतना ही नहीं, कामनवेल्थ स्पोर्ट्स के अधिकारियों ने गुजरात सरकार के अधिकारियों से मीटिंग भी की थी। इस महीने के अंत में एक और डेलिगेशन के अहमदाबाद पहुंचने की संभावना है। इस दौरे के बाद कामनवेल्थ स्पोर्ट्स की जनरल एसेंबली नवंबर के आखिर में होस्ट कंट्री तय करेगी। इससे पहले भारत ने 2010 के कामनवेल्थ गेम्स की मेजबानी की थी। भारत 2010 में दिल्ली में कामनवेल्थ गेम्स का आयोजन कर चुका है। पिछले साल 2036 ओलिंपिक के लिए दावेदारी की थी ꣘ के अलावा, भारत 2036 के ओलिंपिक गेम्स की मेजबानी की तैयारी भी कर रहा है। पिछले साल नवंबर में भारत ने ओलिंपिक गेम्स-2036 की मेजबानी हासिल करने के लिए दावेदारी पेश की थी। 2032 तक के ओलिंपिक मेजबान तय हो चुके हैं। 2032 की मेजबानी आस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन शहर को दी गई है। जबकि 2028 के ओलिंपिक लास एंजिलिस में होने हैं। ाारत अब तक 3 मल्टी स्पोर्ट्स गेम्स की मेजबानी कर चुका है। इनमें 2010 में कामनवेल्थ गेम्स, 1982 और 1951 के एशियन गेम्स शामिल हैं।

# बिना खेले नंबर-2 पर रोहित

## आईसीसी रैंकिंग

● बाबर आजम के खराब खेल से मिला फायदा, गिल नंबर-1 पर कायम, कोहली चौथे नंबर पर



**दुबई, वार्ता।** बुधवार को जारी हुई आईसीसी वनडे रैंकिंग में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बिना मैच खेले ही नंबर-2 बल्लेबाज बन गए हैं। रोहित के 756 रेटिंग पाइंट्स हैं। भारतीय कप्तान को वेस्टइंडीज दौरे पर पाकिस्तानी बैटर बाबर आजम के खराब प्रदर्शन का फायदा हुआ है। बाबर 3 मैचों की सीरीज में 56 रन ही बना सके हैं।

इससे वह दूसरे नंबर से खिसककर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। बल्लेबाजों की लिस्ट में शुभमन गिल नंबर-1 पर हैं। उनके 784 रेटिंग पाइंट्स हैं। रोहित शर्मा ने 5 महीनों से कोई इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है। पिछली बार वे 9 मार्च 2025 को न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में उतरे थे, अगर बाबर का ऐसा ही खेल जारी रहा, तो विराट कोहली भी उन्हें पीछे कर देंगे। साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टी-20 में 83 रनों की विस्फोटक पारी खेलने वाले टिम डेविड 6 स्थान के उछाल के साथ 10वें स्थान पर आ गए हैं। यह टिम डेविड के करियर की बेस्ट रैंकिंग है।

भारत के अभिषेक शर्मा 829 रेटिंग पाइंट्स के साथ नंबर-1 पर हैं, जबकि तिलक वर्मा (804 रेटिंग पाइंट्स) इंग्लैंड के फिल साल्ट (791 पाइंट्स) को पीछे छोड़कर नंबर-2 पर आ गए हैं। एक दिन पहले मंगलवार, 12 अगस्त को दूसरे मैच में आस्ट्रेलिया के खिलाफ 41 बाल पर शतक बनाने वाले 22 साल के साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस को टी-20 बैटर्स की रैंकिंग में 80 स्थान का फायदा हुआ है। ब्रेविस ने नाबाद 125 रन की पारी खेली थी।

वे 21वें नंबर पर पहुंच गए हैं। टेस्ट आलराउंडर्स में जडेजा टॉप पर कायम भारत के रवींद्र जडेजा लगातार 179 हफ्तों से नंबर-1 टेस्ट आलराउंडर बने हुए हैं। उनके 405 रेटिंग पाइंट्स हैं। ताजा रैंकिंग में टॉप-10 ऑलराउंडर्स में कोई बदलाव नहीं हुआ है। भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टेस्ट की बालर्स रैंकिंग में नंबर-1 बने हुए हैं। न्यूजीलैंड के गेंदबाज मैट हेनरी को टेस्ट की बालिंग रैंकिंग में एक स्थान का फायदा हुआ है। वे 846 रेटिंग पाइंट्स के साथ नंबर-3 पर आ गए हैं। उन्होंने आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस (838 अंक) को पीछे छोड़ा। हेनरी ने करियर बेस्ट रेटिंग पाइंट्स हासिल किया है। उन्होंने जिम्बाब्वे केखिलाफ 16 विकेट झटके थे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### आयुष म्हात्रे करेंगे मुंबई टीम की कप्तानी

**मुंबई, वार्ता।** आयुष म्हात्रे आगामी सोमवार से शुरु होने वाले बुची बाबू टूर्नामेंट में मुंबई टीम की कप्तानी करेंगे। तमिलनाडु क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित यह बहु-दिवसीय टूर्नामेंट 18 अगस्त से नौ सितंबर तक चेन्नई में खेला जाएगा। मुंबई ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के संक्षिप्त और अंडर-19 टीम की कप्तानी करते हुए प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले युवा आयुष म्हात्रे को 17 सदस्यीय टीम की कमान सौंपी है। टीम में सरफराज खान और मुशीर खान भी शामिल हैं। **मुंबई टीमः** आयुष म्हात्रे (कप्तान), मुशीर खान, दिव्यांश, सरफराज खान, सुवेद (उपकप्तान), प्रग्नेश , हर्ष, साईराज, आकाश, आकाश आनंद (विकेट कीपर), हार्दिक तमोरे (विकेटकीपर), श्रेयस गुरव, यश डिचोलकर, हिमांशु सिंह, रॉयस्टन डायस, सिल्वेस्टर व इरफान उमैर।

### अखिल भारतीय बुचीबाबू क्रिकेट टूर्नामेंट 18 से

**चेन्नई, वार्ता।** गत विजेता हैदराबाद सहित कुल 16 टीमें चेन्नई में 18 अगस्त से 9 सितंबर तक आयोजित होने वाले अखिल भारतीय बुचीबाबू आमंत्रण क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग ले रही हैं। टेक स्पोर्ट्स द्वारा प्रायोजित इस टूर्नामेंट में विज.ताओं को तीन लाख रुपये और उपविजेता को दो लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी, तमिलनाडु क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अशोक सिगमणि और सचिव आर आई पलानी ने कल रात यहां संवाददाताओं को यह जानकारी दी। इस टूर्नामेंट में, जिसमें पिछले साल 12 टीमें शामिल थीं, इस साल 16 टीमें होंगी और सभी मैच चेन्नई में होंगे। पिछले दो वर्षों से यह ग्रामीण स्तर पर खेल को बढ़ावा देने के लिए जिलों में आयोजित किया जाता रहा है। ग्रुप चरण के मैच तीन दिवसीय होंगे।

# यूपी योद्धा ने सुमित सांगवान को कप्तान व आशु सिंह को उप कप्तान नियुक्त किया

● कप्तान के रूप में सुमित सांगवान की नियुक्ति उनके मेट पर उत्कृष्ट प्रदर्शन को दर्शाती है

लखनऊ, वार्ता। जीएमआर स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली यूपी योद्धा ने आगामी प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 के लिए स्टार डिफेंडर सुमित सांग.वान को टीम का कप्तान और आशु सिंह को उप-कप्तान नियुक्त किया है।

सुमित (26) और आशु (27) दोनों ने सीजन 7 में यूपी योद्धा के साथ नए युवा खिलाड़ी (एनवाईपी) के रूप में अपनी यात्रा शुरू की और तब से टीम के रक्षात्मक ढांचे के स्तंभ बन गए हैं। होनहार नवोदित खिलाड़ियों से लीडर्स तक का उनका उदय, जीएमआर स्पोर्ट्स के दीर्घकालिक दृष्टिकोण का प्रमाण है, जो सिस्टम के भीतर से खिलाड़ियों को विकसित करता है, जो निष्ठा, प्रदर्शन और निरंतर विकास पर केंद्रित है।

सुमित सांगवान अपनी चपलता, समय और सामरिक बुद्धिमत्ता के लिए जाने जाते हैं। पिछले कुछ सीजन में वह लगातार लीग के शीर्ष डिफेंडरों में शुमार रहे हैं। कप्तान के रूप में उनकी नियुक्ति न केवल उनके मैट पर उत्कृष्ट प्रदर्शन को दर्शाती है, बल्कि आगे बढ़कर प्रेरित करने और नेतृत्व करने की उनकी क्षमता को भी दर्शाती है। योद्धाओं के एक और दिग्गज, आशु सिंह मुख्य रूप से एक कवर डिफेंडर के रूप में खेल रहे हैं। आशु ने अपनी अथक कार्य गति, निस्वार्थ खेल और दबाव में संयम से प्रभावित किया है। सुमित के साथ उनकी साझेदारी यूपी योद्धाओं की रक्षा रणनीति की नींव रही है। मुख्य कोच जसवीर सिंह ने दोनों के सफर की प्रशंसा करते हुए कहा कि सुमित और आशु असाधारण खिलाड़ी और सच्चे योद्धा हैं। अपने पहले मैच से ही, उन्होंने प्रतिबद्धता, अनुशासन और टीम-प्रथम मानसिकता का प्रदर्शन किया है। उन्होंने वर्षों के निरंतर प्रदर्शन और समर्पण के माध्यम से यह जिम्मेदारी अर्जित की है। अपने पेशेवर पदार्पण से ही फेंचाइजी का हिस्सा रहे कप्तान और उप-कप्तान के साथ, योद्धाओं को इस सीजन में अनुभव और युवा ऊर्जा का मिश्रण करके चैंपियनशिप का गौरव हासिल करने का पूरा भरोसा है।

# कोहली टी-20 में टॉप-5 से बाहर

● वार्नर आगे निकले, टॉप-10 में 2 ही भारतीय शामिल, क्रिस ग्रेल अब भी नंबर-1 बल्लेबाज



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के विराट कोहली को पीछे कर आस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में नंबर-5 पर पहुंच गए। उन्होंने मंगलवार को इंग्लैंड की द हंड्रेड लीग में फिफ्टी लगाई और कोहली को पीछे किया। वार्नर के नंबर-5 पर पहुंचने के साथ टॉप-5 रन स्कोरर में अब कोई भी भारतीय बाकी नहीं रहा। विराट के अलावा केवल रो. हत शर्मा ही टॉप-10 रन स्कोरर में शामिल भारतीय बैटर हैं। दोनों ही प्लेयर्स ने इंटरनेशनल टी-20 से संन्यास ले लिया है, ऐसे में सिर्फ आईपीएल खेलकर दोनों का इस रिकार्ड लिस्ट में आगे निकलना बहुत मुश्किल लग रहा है।

### टी-20 क्रिकेट के टॉप रन स्कोरर

**1. क्रिस गेल**- 22 शतक के साथ नंबर-1 -वेस्टइंडीज के विस्फोटक क्रिस गेल के नाम अब भी टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकार्ड है। इनमें इंटरनेशनल, आईपीएल और दुनियाभर की ए-ग्रेड लीग के रन शामिल हैं। गेल टी-20 में 22 शतक लगाने वाले भी दुनिया के इकलौते बैटर हैं। उनके 14,562 रन के आंकड़े को कोई नया बैटर तोड़ सकता है।

**2. कायरन पोलार्ड**- शतक कम, फिफ्टी ज्यादा- वेस्टइंडीज के ही विस्फोटक फिनिशर कायरन पोलार्ड टॉप रन स्कोरर में दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने इंटरनेशनल और आईपीएल से तो संन्यास ले लिया है, लेकिन वे अब भी अमेरिका और साउथ अफ्रीका की लीग खेल रहे हैं। इसलिए वे भी गेल के रिकार्ड तोड़ सकते हैं। फिनिशर की पोजिशन निभाने के कारण पोलार्ड के नाम शतक तो 1 ही है, लेकिन फिफ्टी 63 हैं।

**3. एलेक्स हेल्स**- दुनियाभर की लीग खेलते हैं। इंग्लैंड के एलेक्स हेल्स भी इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन लीग क्रिकेट खेल रहे हैं। वे 13,814 रन बना चुके हैं और जल्द ही 15 हजार रन का आंकड़ा भी पार कर सकते हैं। उनके नाम 7 सेंचुरी और 87 फिफ्टी हैं।

**4. शोएब मलिक**- बगैर सेंचुरी के टॉप स्कोरर-टॉप-10 रन स्कोरर में शामिल पाक के इकलौते खिलाड़ी शोएब मलिक के नाम टी-20 में बगैर सेंचुरी लगाए सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकार्ड है। वे भी इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन पाकस्तान सुपर लीग का हिस्सा अब भी हैं।

**5. डेविड वार्नर**- 100 प्लस फिफ्टी लगा चुके- आस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर ने मंगलवार को ही टॉप-5 रन स्कोरर में एंट्री की। उन्होंने द हंड्रेड लीग में फिफ्टी लगाई और विराट कोहली को पीछे छोड़ा।

# 'बार्बी' अवतार में उतरीं वीनस विलियम्स



**मुंबई वार्ता।** अग्रणी वैश्विक खिलौना और पारिवारिक मनोरंजन कंपनी मैटल, इंक-, टेनिस आइकन, उद्यमी और समान वेतन की पैरोकार वीनस विलियम्स के सम्मान में भारत में रिलीज़ होने वाली पहली बार्बी इंस्पायरिंग वुमैन डॉल को गर्व से प्रस्तुत कर रही है। यह डॉल भारतीय बाजार में इस विश्वव्यापी रूप से पसंद की जाने वाली श्रृंखला की शुरुआत का प्रतीक है, जो उन उल्लेखनीय महिलाओं को श्रद्धांजलि देती है जिनकी उपलब्धियों ने इतिहास बदल दिया है और पीढ़ियों को प्रेरित किया है। 1959 से, बार्बी ब्रांड का उद्देश्य हर लड़की में असीम क्षमता को प्रेरित करना रहा है। 250 से ज्यादा करियर और अनगिनत सांस्कृतिक पलों के माध्यम से, बार्बी ने कल्पना को प्रज्वलित करते हुए समय को प्रतिबिंबित किया है। इंस्पायरिंग वुमैन सीरीज दुनिया भर की वास्तविक जीवन की रोल मॉडल - उन साहसी महिलाओं को सम्मानित करके इस विरासत को जारी रखती है जिन्होंने जोखिम उठाया, बाधाओं को तोड़ा और लड़कियों को दिखाया कि वे कुछ भी कर सकती हैं।

# इंडिया 'ए' टीम ने ऑस्ट्रेलिया 'ए' को हराया

● राधा यादव ने तीन विकेट व तितास साधु और मिन्नू मनी को दो-दो विकेट मिले



**ब्रिस्बेन, वार्ता।** राधा यादव (तीन विकेट), तितास साधु और मिन्नू मनी (2-2 विकेट) के बाद यास्तिका भाटिया (59) और शेफाली वर्मा (36) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंडिया ए महिला टीम ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ए को 48 गेंदें शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया। इसी के साथ इंडिया ए ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है।

215 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यास्तिका भाटिया और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 77 रन जोड़े। 11वें ओवर में सियाना जिंजर ने शेफाली वर्मा (36) को आउटकर ऑस्ट्रेलिया ए को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी धारा गुज्ज्जर ने यास्तिका भाटिया के साथ दूसरे विकेट के लिए 63 रनों की साझेदारी की। धारा गुज्ज्जर 31 गेंदों में 36 रन, तेजल हसबनिस (आठ) रन बनाकर आउट हुई। यास्तिका भाटिया ने 70 गेंदों में सात चौकों की मदद से 59 रनों की पारी खेली। तनुश्री सरकार (तीन), राधा यादव (19) और मिन्नू मनी एक रन बनाकर आउट हुई। इंडिया ए ने 42 ओवर में सात विकेट पर 215 रन बनाकर मुकाबला तीन विकेट से जीत लिया।

राघवी बिष्ट ने 34 गेंदों में दो चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 25 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया की ओर से लूसी हैमिल्टन और एला हेवर्ड ने दो-दो विकेट लिए। किम गार्थ, सियाना लजजर और टेस फ़ल्लटॉफ ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले इयान हीली ओवल मैदान पर मंगलवार रात खेले गये मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपने शुरुआती तीन विकेट 50 के स्कोर पर गंवा दिए। तालिया विल्सन (सात), एलिसा हीली (14) और कप्तान तालिया मैक्ग्रा नौ रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद अनिका लीरॉइड ने रेचल ट्रेनामैन के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट लिए 63 रन जोड़े। 24वें ओवर में रेचल ट्रेनामैन (51) रनआउट हुई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी निकोल फॉल्टम ने कुछ देर संघर्ष किया। फॉल्टम (18) रन बनाकर आउट हई। इसके बाद तो भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे ऑस्ट्रेलिया ए का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सका।

### यूपी कबड्डी लीग की वापसी, 25 दिसंबर से शुरू होगी

**लखनऊ, वार्ता।** 13 अगस्त, 2025, उत्तर प्रदेश - उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग अपने धमाकेदार आगाज के बाद और भी ज्यादा रोमांच, जोश और स्थानीय गौरव का वादा करते हुए वापस आ गई है। सीजन 2 गुरुवार, 25 दिसंबर, 2025 को शुरू होगा, जो राज्य के सबसे रोमांचक खेल मंचों में से एक - उत्तर प्रदेश की बेहतरीन कबड्डी प्रतिभाओं के लिए एक पेशेवर मंच - की वापसी का प्रतीक है। यह उपलब्धि लीग के पहले सीजन की गति को और बढ़ाती है, जिसने बार्क इंडिया के अनुसार 3 करोड़ से ज्यादा टीवी दर्शकों तक पहुंच बनाई और 30 करोड़ से ज्यादा डिजिटल इंप्रेशन अर्जित किए, जो मुख्य रूप से टियर 2 और टियर 3 शहरों के दर्शकों द्वारा संचालित थे। सीजन 2 नई फ्रेंचाइजी, ज्यादा मैचों तथा और भी ज्यादा प्रशंसक जुड़ाव के साथ उत्साह को और बढ़ाने के लिए तैयार है।

# विंडीज ने पाक को रौंदा, सीरीज जीती



● कप्तान साई होप ने नाबाद 120 रनों की तूफानी पारी खेली, सील्स ने छह विकेट हासिल किए

**टरूबा, वार्ता।** कप्तान शाई होप (नाबाद 120) की तूफानी पारी के बाद जेडेन सील्स (छह विकेट) के शानदार प्रदर्शन की वनडे मुकाबले में पाकिस्तान पर रिकार्ड 202 रनों से ऐतिहासिक जीत दर्ज कर 34 साल के बाद एकदिवसीय श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली। 295 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही उसने तीसरे ओवर में मात्र आठ रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिए। सैम अयूब,अब्दुल्लाह शफीक व कप्तान रिजवान को जेडेन सील्स को बिना खाता खोले ही पवेलियन भेज दिया। सील्स का अगला शिकार बाबर (नौ) बने। आगा सलमान ने अपनी टीम के लिए सर्वाधिक 30 रनों की पारी खेली। उन्हें गुडाकेश मोती ने अपनी गेंद पर कैच आउट किया। हसन नवाज (13) और नसीम शाह छह रन बनाकर आउट हुए। वेस्टइंडीज के गेंदबा.जों ने पाकिस्तान की पूरी टीम को 29-2 ओवर में 92 के स्कोर पर समेट कर पाकिस्तान के खिलाफ 34 साल बाद एकदिवसीय श्रृंखला में 202 रनों से जीत दर्ज की। मोहम्मद नवाज 23 रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज की ओर से जेडेन सील्स ने 7-2 ओवर में 18 रन देकर छह विकेट लिए। पुरुष एकदिवसीय क्रिकेट के इतिहास में किसी विंडीज गेंदबाज द्वारा यह तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। गुडाकेश मोती को दो विकेट मिले। रॉस्टन चेज ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम में मंगलवार को खेले गये हुए निर्णायक मैच में पाक ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी विंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने महज 10 रन के स्कोर पर ब्रैंडन किंग (पांच) का विकेट गंवा दिया।

# एशिया कपः क्या टी-20 में होगी गिल की वापसी?

यशस्वी जायसवाल की तरह ही भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल ने अंतिम बार टी-20 जुलाई 2024 में ही खेला था



**नई दिल्ली, वार्ता।** एशिया कप भारतीय टीम के लिए काफी अहम रहने वाला है। यह टूर्नामेंट टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारियों के साथ ही चयन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। ऐसे में हम भारत की पारी की शुरुआत करने के प्रबल दावेदारों पर एक नजर डालते हैं।

### अभिषेक शर्मा

जुलाई 2024 में जिम्बाब्वे के खिलाफ अभिषेक ने शून्य से अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर की शुरुआत की थी लेकिन जल्द ही उन्होंने शिखर तक का सफर तय कर लिया और वह आगामी टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए पारी की शुरुआत करने के प्रबल दावेदार हैं।

अभिषेक अक्टूबर 2024 से टी-20 में भारतीय टीम का नियमित हिस्सा हैं और अब तक खेले कुल 17 मैचों में 135 के स्ट्राइक रेट और दो शतकों की बदौलत 535 रन बना चुके हैं। अभिषेक ने एक शतक जिम्बाब्वे और एक दक्षिण अफीका के खिलाफ लगाया था।

### संजू सैमसन

सैमसन पिछले कुछ समय से भारत के टी-20 दल का नियमित हिस्सा रहे हैं। उन्होंने पिछले साल बांग्लादेश के खिलाफ एक और दक्षिण अफीका में दो शतक जड़े थे। सैमसन ने इस अवधि में अपने टी-20 रिकॉर्ड को सुधारा और अब 42 पारियों में सैमसन के नाम 25-32 की औसत से 861 रन हैं।

हालांकि इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टी-20 सीरीज में सैमसन कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए थे और पांच पारियों में उनके बल्ले से महज कुल 51 रन ही निकले थे। आईपीएल में सैमसन चोट से परेशान थे जिसके चलते वह नौ मैच ही खेल पाए। इस दौरान सैमसन ने 35-62 की औसत और 140-39 के स्ट्राइक रेट से कुल 285 रन बनाए। अब देखना है कि भारत अभिषेक और सैमसन की सलामी जोड़ी के साथ ही आगे बढ़ने का फ़ैसला करता है या नहीं।

### यशस्वी जायसवाल

जायसवाल को भारत के लिए टी-20 खेले एक वर्ष से अधिक बीच चुके हैं लेकिन टेस्ट प्रारूप में उन्होंने अपनी जमकर छाप छोड़ी है। जायसवाल ने भारत के लिए अंतिम टी-20 जुलाई 2024 में श्रीलंका में खेला था। हालांकि इसके बाद जायसवाल ने भारत के लिए केवल टेस्ट प्रारूप ही खेला है। जायसवाल ने अब तक टी-20 करियर में कुल 23 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 36-15 की औसत से 723 रन बनाए हैं। जायसवाल पिछले टी-20 वर्ल्ड कप में भी भारत का हिस्सा थे लेकिन रोहित शर्मा के साथ विराट कोहली के भारत की पारी का आगाज करने के चलते उन्हें एक भी मुकाबला खेलने का मौका नहीं मिला। अभिषेक की तरह ही बाएं हाथ के बल्लेबाज जायसवाल अपनी आक्रामक शैली के लिए जाने जाते हैं ऐसे में आगामी टी-20 वर्ल्ड कप की दावेदारी से उन्हें दरकिनार नहीं किया जा सकता। आईपीएल 2025 में भी जायसवाल सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज़ों की सूची में सातवें स्थान पर थे। उन्होंने 14 पारियों में छह अर्धशतक और 159-71 के स्ट्राइक रेट के साथ 559 रन बनाए थे।

### शुभमन गिल

जायसवाल की तरह ही भारतीय टेस्ट कप्तान गिल ने अंतिम बार टी-20 जुलाई 2024 में ही खेला था। हालांकि गिल ने टी-20 वर्ल्ड कप के ठीक बाद जिम्बाब्वे दौरे पर भारतीय टीम की अगुवाई भी की थी। भारतीय टेस्ट कप्तान के रूप में भी गिल ने अपनी पहली सीरीज में प्रभावशाली प्रदर्शन किया और वह प्लेयर ऑफ द सीरीज भी बने। आईपीएल 2025 में गिल ने गुजरात टाइटंस को तीसरी बार प्लेऑफ में पहुंचाने में अहम भूमिका अदा की थी।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 14 अगस्त 2025

# सहभागी प्रक्रिया बने

फैसले जब कभी भी प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत पर आधारित होते हैं, तो उनका मकसद किसी खास सामाजिक उद्देश्य को पूरा करना होता है या किसी विशिष्ट गलती को सुधारना होता है। प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा कर रही महिला रोगियों और मृतक दाताओं के रिश्तेदारों को लाभार्थियों के रूप में प्राथमिकता देने संबंधी राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (एनओटीटीओ) की हालिया सलाह लिंग संबंधी धारणा को नए सिरे से परिभाषित करने का एक रास्ता है। एनओटीटीओ के दशकीय आंकड़ों (2013-23) को अगर देखें, तो पता चलता है कि अंग प्रत्यारोपण के मामले में लैंगिक असमानता है। एनओटीटीओ के मुताबिक, 2023 में, सभी जीवित दाता प्रत्यारोपणों में महिलाओं की हिस्सेदारी 63 फीसदी थी, फिर भी प्रत्यारोपण के लिए अंग प्राप्त करने वालों में उनकी हिस्सेदारी महज 24 फीसदी (हृदय के लिए) और 47 फीसदी (फेफड़े के लिए) के बीच थी। वर्ष 2023 में किडनी प्रत्यारोपण की लाभार्थियों में सिर्फ 37 फीसदी महिलाएं थीं, जबकि लिवर प्रत्यारोपण में महिलाओं की हिस्सेदारी 30 फीसदी थी। अग्न्याशय प्रत्यारोपण में, कुल लाभार्थियों में महिलाओं की हिस्सेदारी 26 फीसदी तक ही थी। ब्रिटिश मेडिकल जर्नल के विश्लेषण से पता चला है कि पिछले पांच सालों के दौरान भारत में हुए 56,509 जीवित अंगदानों में से 36,038 में महिलाओं का योगदान रहा, और सिर्फ 17,041 मामलों में ही उन्हें प्रत्यारोपण का फायदा मिला। एनओटीटीओ ने अपनी सलाह में कहा कि यह सिफारिश अंग प्रत्यारोपण के प्राप्तकर्ताओं के बीच लैंगिक असंत.ुलन को दूर करने की एक कोशिश है ताकि प्रतीक्षारत महिला रोगियों के लिए आवंटन संबंधी मानदंडों में अतिरिक्त अंक प्रदान करने का प्रावधान किया जा सके। यूं तो यह कदम निश्चित रूप से सराहनीय है, लेकिन यह प्रक्रियागत परेशानियों में लिपटा हो सकता है। वर्तमान में, स्वास्थ्य कारणों को छोड़कर, अंग आवंटन संबंधी प्रोटोकॉल किसी एक प्राप्तकर्ता को दूसरे प्राप्तकर्ता के मुक.ाबले तरजीह देने की इजाजत नहीं देते हैं। लिहाजा, महिलाओं और/या पूर्व दाताओं के निकट संबंधियों को प्राथमिकता देने का कोई प्रावधान नहीं है। एनओटीटीओ की सलाह के बाद से, यह भी सवाल उठे हैं कि 'निकट संबंधियों' की परिभाषा में किसे शामिल किया जाना चाहिए और प्रत्यारोपण के लिए शव के अंग दान करने वाले सभी परिवारों (1995 से) को लाभार्थी माना जाएगा या नहीं। इस सलाह को अमल में लाने वाले लोगों के बीच मुख्य डर इस बात का मालूम होता है कि यह कदम बिना बारी (आउट-ऑफ-टर्न) आवंटन को सुविधाजनक बनाने का एक और चोर दरवाजा बन सकता है, खासकर वैसी स्थिति में जब भारत में अंग निकालने वाले रैकेट का भंडाफोड़ जारी है। हालांकि, किसी जरूरी चीज को गैरजरूरी चीज के साथ बाहर फेंक देने का कोई मतलब नहीं है। खासकर, जब पितृसत्तात्मक मानदंडों वाले समाज में ज्यादा समावेशी होने के इरादे से काम किया जा रहा हो तो। यह महत्वपूर्ण है कि कार्यान्वयन में शामिल रहने वाले विभिन्न एजेंसियों को साथ लेकर एनओटीटीओ इस कदम को एक सहभागी प्रक्रिया बनाए। अब जबकि मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम के तहत उचित कार्यान्वयन सुनिश्चित करना और इन सबसे सबसे भी ऊपर, अंगों के सीमित भंडार तक पहुंच को व्यापक बनाना महत्वपूर्ण है, तो यह जरूरी है कि स्वास्थ्य मापदंडों के आधार पर अंग प्रत्यारोपण की सबसे ज्यादा जरूरत वाले व्यक्ति को अंग से वंचित न करने के सिद्धांत का हमेशा पालन किया जाए।

## उन्हें ऐसी बकवास नहीं करनी चाहिए



पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बयान कोई पाकिस्तान से पानी की एक बूंद भी नहीं छीन सकता, जैसी धमकियों का भारत पर कोई असर नहीं होगा, ब्रह्मोस है हमारे पास, उन्हें ऐसी बकवास नहीं करनी चाहिए, बहुत हो गया, भारत बनाम पाकिस्तान के बीच संभावित क्रिकेट मैंच मैं देखने नहीं जा रहा हूं, मेरी अंतरात्मा, मेरा दिल इसकी इजाजत नहीं देता, हमें उस देश के लोगों के साथ क्रिकेट क्यों खेलना है, जो हमें हर दिन धमकी दे रहे हैं, आप पानी देना बंद कर चुके हैं, पानी से बड़ी कोई जरूरत है क्या, आपने बॉर्डर बंद कर दिए, आपने व्यापार बंद कर दिए, कितना नुकसान होगा, 300 -400 करोड़, मेरा जमीर गवारा नहीं करता।

**-असदुद्दीन ओवैसी, सांसद, एआईएमआईएम**

# हर घर तिरंगा: राष्ट्रभक्ति का जनांदोलन और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक





योगेश कुमार गोयल

भारत के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे की शान और उसकी महिमा केवल कपड़े के तीन रंगों में नहीं बल्कि करोड़ों भारतीयों की भावनाओं, सपनों और बलिदानों में बसी हुई है। तिरंगा केवल तीन रंगों और एक चक्र का संयोजन नहीं, भारत की आत्मा, पहचान और गौरव का प्रतीक है। यह केवल एक ध्वज नहीं, स्वतंत्रता, एकता और राष्ट्रीय गर्व का जीवंत प्रतीक है। इसमें वह शक्ति है, जो देश के हर नागरिक को एकता के सूत्र में बांध सकती है। केसरिया रंग त्याग और साहस, सफेद रंग शांति और सत्य, तथा हरा रंग समृद्धि और विकास का संदेश देता है। अशोक चक्र न्याय, प्रगति और निरंतर गतिशीलता का प्रतीक है। तीन साल पहले शुरू हुई हर घर तिरंगा पहल आज केवल एक सरकारी अभियान नहीं बल्कि एक विशाल जन आंदोलन में बदल चुकी है, जिसने देश के कोने-कोने में देशभक्ति की ऐसी लहर पैदा कर दी है, जिसकी गूंज हर दिल में सुनाई देती है। वर्ष 2022 में जब 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरुआत हुई थी, तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि यह एक विशाल जनांदोलन का रूप ले लेगा। इस वर्ष इस पहल का चौथा संस्करण 2 अगस्त से शुरू होकर 15 अगस्त तक पूरे देश में जोश और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

**अभियान की शुरुआत और उद्देश्य**

वर्ष 2022 में भारत जब अपनी स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे कर रहा था, केंद्र सरकार ने आजादी का अमृत महोत्सव के तहत एक अनोखी पहल की थी हर घर तिरंगा। इस पहल का उद्देश्य केवल ध्वज फहराना भर नहीं था बल्कि हर नागरिक को अपने राष्ट्रीय ध्वज से एक व्यक्तिगत और भावनात्मक जुड़ाव महसूस कराना था। उससे पहले तिरंगा केवल सरकारी भवनों, स्कूलों या विशेष अवसरों पर ही फहराया जाता था। आम नागरिकों के घरों में इसे फहराना उतना प्रचलित नहीं था लेकिन इस अभियान ने इसे जन-जन तक पहुंचाया और लोगों को अहसास दिलाया कि तिरंगा केवल सरकारी पहचान नहीं बल्कि हम सबकी पहचान है। वर्ष 2022 में भारतीय ध्वज संहिता 2002 में भी ऐतिहासिक संशोधन किए गए, जिससे तिरंगे को दिन के साथ-साथ रात में भी पर्याप्त रोशनी में फहराने की अनुमति मिली। पहले नियम था कि तिरंगा केवल सूर्योदय से सूर्यास्त तक ही फहराया जा सकता है लेकिन 20 जुलाई 2022 के संशोधन के बाद, अब इसे रात में भी फहराया जा सकता है, बशर्ते यह खुले स्थान पर पर्याप्त रोशनी में हो। साथ ही, हाथ से काते या बुने हुए कपड़े के अलावा मशीन से बने कपास, पॉलिएस्टर, ऊन, रेशम और खादी के झंडे को भी अनुमति दी गई।

**अभियान का विस्तार और रिकॉर्ड उपलब्धियां**

2022 का अभियान अभूतपूर्व रहा। संस्कृति मंत्रालय के अनुसार, 23 करोड़ से अधिक परिवारों ने उस वर्ष अपने घरों में तिरंगा फहराया था और लगभग 6 करोड़ लोगों ने हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपनी सेल्फी विद तिरंगा अपलोड की थी। डाक विभाग ने इस अभियान को अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए ताकि देश के सबसे सुदूर और दुर्गम क्षेत्रों में भी राष्ट्रीय ध्वज उपलब्ध हो सके। 2023 में यह अभियान और व्यापक हुआ। उस वर्ष 10 करोड़ से अधिक तिरंगा सेल्फी अपलोड की गई। यही नहीं, चंडीगढ़ में 5,885 लोगों की भागीदारी के साथ राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए दुनिया की सबसे बड़ी मानव श्रृंखला का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया गया। यह न केवल अभियान की सफलता थी बल्कि दुनिया को यह संदेश भी था कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज करोड़ों दिलों को एक सूत्र में बांध सकता है। 2024 में भी यह उत्साह बरकरार रहा। 5 करोड़ से अधिक लोगों ने अपनी सेल्फी विद तिरंगा वेबसाइट पर साझा की।

अब 2025 में यह अभियान अपने चौथे संस्करण में प्रवेश कर चुका है, जो 2 अगस्त से 15 अगस्त तक चल रहा है। संस्कृति मंत्रालय ने इस वर्ष भी नागरिकों से अपील की है कि वे तिरंगा स्वयंसेवक बनकर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें, उन्हें अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करें और देशभक्ति की भावना को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाएं।

**एक राष्ट्रगान, एक झंडा, एक राष्ट्र**

हर घर तिरंगा केवल ध्वज फहराने का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह एक राष्ट्रगान, एक झंडा और एक राष्ट्र की भावना का विस्तार है। यह हमें याद दिलाता है कि भले ही हम अलग-अलग भाषाएं बोलते हों, अलग-अलग संस्कृतियों में जीते हों लेकिन हमारा राष्ट्रीय ध्वज हमें एकता के सूत्र में पिरोता है। इस वर्ष का अभियान हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता और स्वच्छता के इस संगम को जीवंत करता है, जहां तिरंगा राष्ट्रीय गर्व का प्रतीक है और स्वच्छता हमारे जीवन मूल्यों व संस्कारों का दर्पण। यह केवल सरकारी अभियान नहीं बल्कि प्रत्एक नागरिक का व्यक्तिगत संकल्प है कि हम अपने घर, मोहल्ले और देश को स्वच्छ रखें ताकि आने वाली पीढ़ियां भी गर्व से इस धरा पर जीवन जी सकें। स्वच्छ वातावरण में लहराता तिरंगा न केवल स्वतंत्रता का संदेश देगा बल्कि यह भी जताएगा कि हमने आजादी के साथ जिम्मेदारी निभाना भी सीखा है।

**सम्मान और मर्यादा का संहिता-पत्र**

राष्ट्रीय ध्वज के महत्व को समझना उतना ही आवश्यक है, जितना उसे फहराना। भारतीय ध्वज संहिता 2002 राष्ट्रीय ध्वज से संबंधित सभी कानूनों, परंपराओं और दिशा-निर्देशों का संकलन है। तिरंगे का अनुपात हमेशा 3:2 होना चाहिए और तीनों पट्टियां (केसरिया, सफेद और हरी) समान चौड़ाई की होनी चाहिए। तिरंगे को हमेशा सम्मान के साथ प्रदर्शित किया जाना चाहिए, क्षतिग्रस्त या मैला झंडा फहराना अपमानजनक है। इसे किसी भी अन्य ध्वज के साथ एक ही मस्तूल पर नहीं फहराया जा सकता, न ही इसे उल्टा प्रदर्शित किया जा सकता है। राष्ट्रीय ध्वज का उपयोग सजावट, परिधान, वस्त्र या किसी वस्तु को ढ़कने के लिए नहीं किया जा सकता। यह जमीन, पानी या फर्श को स्पर्श नहीं करना चाहिए। किसी वस्तु को लपेटने के लिए ध्वज का उपयोग नहीं किया जा सकता। क्षतिग्रस्त होने पर इसे गरिमा के साथ नष्ट किया जाना चाहिए।

**जन भागीदारी और सामाजिक संदेश**

हर घर तिरंगा एक खास सामाजिक बदलाव लाया है। यह अभियान बच्चों और युवाओं को राष्ट्रीय ध्वज के महत्व, उसके इतिहास और उससे जुड़े बलिदानों के बारे में जागरूक कर रहा है। स्कूलों, कॉलेजों, समाजिक संगठनों और आवासीय कॉलोनियों में तिरंगा रैलियां, चित्रकला प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम इस पहल का हिस्सा बन गए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सेल्फी विद तिरंगा एक देशव्यापी ट्रेंड बन चुका है, जिससे डिजिटल माध्यम से भी देशभक्ति का संदेश फैल रहा है। जब यह तिरंगा घर-घर लहराता है तो यह न केवल हमारी पहचान को प्रकट करता है बल्कि हमें यह भी याद दिलाता है कि इस स्वतंत्रता के पीछे अनगिनत बलिदानों का इतिहास है। हर घर तिरंगा अभियान ने साबित कर दिया है कि यदि उद्देश्य पवित्र हो और भावनाएं सच्ची तो कोई भी पहल जन-जन की आवाज बन सकती है। आज यह पहल केवल स्वतंत्रता दिवस का हिस्सा नहीं बल्कि एक राष्ट्रीय परंपरा बनने की ओर अग्रसर है। जब 140 करोड़ भारतीय अपने घरों, गलियों, शहरों और गांवों में एक साथ तिरंगा फहराते हैं तो यह केवल एक दृश्य नहीं बल्कि राष्ट्र की आत्मा का उत्सव होता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# लोकतंत्र की लूट में मीडिया की बेशर्म भूमिका

**टीवी चैनलों की आय का 70-80 प्रतिशत हिस्सा सरकारी विज्ञापनों से आता है, जिसके कारण मीडिया सत्ता के खिलाफ खुलकर बोलने में हिचकता है। सवाल यह है कि क्या 2014 से पहले भी मीडिया सरकार का ऐसा ही भोंपू था जैसा आज है? क्या उस समय इन मीडिया घरानों को विज्ञापन का लालच नहीं था? याद कीजिए उस अन्ना आंदोलन का दौर जिसके कंधे पर सवार होकर भाजपा आज सत्तारूढ़ है। उस समय तो इसी मीडिया ने सत्ता विरोधी माहौल देश में पैदा किया था।**



निर्मल रानी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा चुनाव के दौरान होने वाली व्यापक धांधलियों को लेकर चुनाव आयोग पर जोरदार हमला बोला गया है। उन्होंने इस तरह के अनेक प्रमाण पेश किए जिससे यह साफतौर पर साबित होता है कि देश में बड़े स्तर पर वोटों की चोरी की जा रही है। राहुल गांधी द्वारा 7 अगस्त 2025 को वोट चोरी से सम्बंधित एक विशाल प्रेस कॉन्फ्रेंस करने के बाद https://votechori.in नाम से एक वेबसाइट लांच की गई तथा साथ ही यूजर मिस्ड कॉल हेतु 9650003420 नंबर भी घोषित किया गया। इस नंबर या वेबसाइट पर जाकर देश के आम लोग फॉर्म भरकर इस अभियान से जुड़ सकते हैं।

यह अभियान मुख्य रूप से भारतीय चुनावों में मतदाता सूची में हेराफेरी, फर्जी वोटर्स और चुनाव आयोग की कथित मिलीभगत पर केंद्रित है। वेबसाइट का मुख्य लक्ष्य जनता को वोट चोरी के खिलाफ एकजुट करना है। इसमें चुनाव आयोग से डिजिटल मतदाता सूचियों को सार्वजनिक करने की मांग की गई है, ताकि जनता और राजनीतिक दल इनकी जांच कर सकें। राहुल गांधी का सीधा आरोप है कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी चुनावी प्रक्रिया पर व्यवस्थित तरीके से हमला कर रही है और चुनाव आयोग इसमें शामिल है। सत्ता व चुनाव आयोग का यह गठजोड़ एक व्यक्ति, एक वोट के सिद्धांत को कमजोर कर रहा है।


चुनाव आयोग को कटघरे में खड़ा करने के बाद बजाए इसके कि वह राहुल गांधी के आरोपों की जांच करने की बात करता और देश के मतदाताओं को यह विश्वास दिलाने की कोशिश करता कि देश में चुनाव निष्पक्ष संपन्न होते हैं। उल्टे चुनाव आयोग ने अपनी वेबसाइट ही बंद कर दी? क्या ऐसा इसलिए नहीं किया गया कि मतदाता चुनाव आयोग से ऐसी धांधलियों के सम्बन्ध में सवाल न पूछ सकें? जिसका जवाब दे पाना शायद अब चुनाव आयोग के लिए संभव नहीं? चुनाव आयोग द्वारा वोट चोरी से सम्बंधित धांधलियों से चूंकि फायदा भाजपा को मिला है और उसी की सत्ता में बार बार वापसी हो रही है इसलिए भाजपा का चुनाव आयोग के पक्ष में दलीलें देना और चुनाव आयोग के बजाए राहुल गांधी को ही कटघरे में खड़ा करना अनैतिक परन्तु कुछ स्वाभाविक सा प्रतीत होता है। परंतु जिस तरह देश का गोदी मीडिया भी वोट चोरी के इस भ्रष्ट तंत्र के साथ खुलकर खड़ा है और चुनाव आयोग व भाजपा से भी अधिक बढ़कर वोट चोरी जैसे इस घोर राष्ट्रविरोधी कृत्य की पैरोकारी कर रहा है उसे देखकर देश आश्चर्यचकित हो रहा है।

राहुल गांधी द्वारा वोटर लिस्ट के माध्यम से की जा रही अंधाधुंध वोट चोरी के आरोपों के बाद इंडियन एक्सप्रेस की टीम ने इस मामले की पड़ताल के लिए बेंगलुरु सेंट्रल लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली महादेवपुरा विधानसभा के कुछ इलाकों का दौरा किया। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने 7 अगस्त 2025 को अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह दावा किया था कि महादेवपुरा विधानसभा के अंतर्गत कुछ क्षेत्रों में 1,00,250 वोटों की चोरी हुई, जिसमें डुप्लीकेट वोटर्स, फर्जी पते और अन्य अनियमितताएं शामिल थीं। इंडियन एक्सप्रेस ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि उनकी टीम ने महादेवपुरा के कुछ पतों की जांच की, जहां राहुल गांधी ने फर्जी वोटरों के होने का दावा किया था।

उदाहरण के लिए, एक मामले में 80 वोटरों के एक ही पते पर रजिस्ट्रेशन होने की बात सामने आई थी। इसके अतिरिक्त, बीबीसी व अन्य मीडिया संगठनों की टीम ने भी महादेवपुरा क्षेत्र में उस घर की पड़ताल की, जहां एक कमरे के मकान में कथित तौर पर 80 वोटर रजिस्टर्ड थे परन्तु भाजपा व चुनाव आयोग के साथ गोदी मीडिया भी कदम ताल कर रहा है। दरअसल गोदी मीडिया की सच्चाई इससे भी ज्यादा खतरनाक है। सत्ता की डफली बजाने वाला अधिकांश मीडिया देश के अडानी व अंबानी जैसे बड़े उद्योग घराने की मिलकियत बन चुके हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आवारा कुत्तों की समस्या और सुप्रीम कोर्ट की चिंता



रजनीश कपूर




गत 11 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों की समस्या पर स्वतरू संज्ञान लेते हुए यह आदेश जारी किया कि दिल्ली सरकार और स्थानीय निकायों को अगले छह से आठ सप्ताह के भीतर सभी आवारा कुत्तों को सड़कों से हटाकर आश्रय स्थलों में स्थानांतरित करें, उनकी नसबंदी करें और टीकाकरण सुनिश्चित करें। कोर्ट ने स्थिति को बेहद गंभीर बताते हुए कहा कि बच्चों और बुजुर्गों को आवारा कुत्तों के हमलों से बचाना अत्यंत आवश्यक है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में इस साल जनवरी से जून तक 35,198 कुत्तों के काटने के मामले दर्ज किए गए, जिनमें 49 रेबीज के मामले भी शामिल हैं। रेबीज, एक जानलेवा बीमारी है और भारत वैश्विक रेबीज मृत्यु दर का 36 प्रतिशत हिस्सा लेता है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम में तत्काल प्रभाव से कुत्तों को पकड़ने, उनकी नसबंदी और टीकाकरण करने और उन्हें आश्रय स्थलों में रखने की प्रक्रिया शुरू की जाए।

इसके साथ ही, कोर्ट ने एक हेल्पलाइन स्थापित करने और आश्रय स्थलों में सीसीटीवी निगरानी सुनिश्चित करने का भी आदेश दिया। पशु प्रेमी, जो जानवरों के कल्याण के प्रति संवेदनशील होते हैं, उन्हें इस निर्णय को एक सकारात्मक कदम के रूप में देखना चाहिए। यह आदेश केवल कुत्तों को सड़कों से हटाने की बात नहीं करता, बल्कि उनके लिए एक सुरक्षित और मानवीय वातावरण प्रदान करने पर भी जोर देता है। नसबंदी और टीकाकरण जैसे कदम न केवल कुत्तों की आबादी को नियंत्रित करेंगे, बल्कि उनके स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाएंगे। सड़कों पर रहने वाले कुत्ते अक्सर भोजन, पानी और चिकित्सा सुविधाओं की कमी से जूझते हैं, जिसके कारण वे आक्रामक हो सकते हैं। आश्रय स्थलों में उन्हें नियमित भोजन, चिकित्सा देखभाल और सुरक्षित स्थान मिलेगा, जो उनके जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाएगा। वहीं सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सरकार को कई महत्वपूर्ण कदम उठाने होंगे। यह न केवल दिल्ली-एनसीआर के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक मॉडल बन सकता है। कोर्ट ने शुरूआत में 5,000 कुत्तों के लिए आश्रय स्थलों के निर्माण का आदेश दिया है। दिल्ली में अनुमानित 10 लाख आवारा कुत्तों को देखते हुए, यह संख्या अपर्याप्त हो सकती है। सरकार को बड़े पैमाने पर आधुनिक आश्रय स्थल बनाने होंगे, जो स्वच्छता, भोजन और चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित हों। इन आश्रय स्थलों में पशु चिकित्सकों और प्रशिक्षित कर्मचारियों की नियुक्ति आवश्यक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 70 प्रतिशत से अधिक कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण रेबीज को नियंत्रित करने में प्रभावी है। दिल्ली सरकार को एक त्वरित और व्यापक अभियान चलाना होगा, जिसमें गैर-सरकारी संगठनों और पशु कल्याण संगठनों का सहयोग लिया जाए। गोवा का मिशन रेबीज इस दिशा में एक सफल उदाहरण है, जिसने रेबीज को नियंत्रित करने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। इसके अलावा कोर्ट ने एक हेल्पलाइन स्थापित करने का निर्देश भी दिया है, जो कुत्तों के काटने की शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करे। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि यह हेल्पलाइन 24/7 सक्रिय रहे और शिकायत मिलने पर चार घंटे के भीतर कार्रवाई हो। रेबीज और कुत्तों के काटने से बचाव के लिए जनता को जागरूक करना आवश्यक है। सरकार को स्कूलों, कॉलेजों और समुदायों में जागरूकता अभियान चलाने चाहिए, जिसमें लोगों को बताया जाए कि रेबीज से बचने के लिए तुरंत चिकित्सा सहायता लेना कितना महत्वपूर्ण है।

साथ ही, लोगों को सड़कों पर कुत्तों को भोजन न देने के लिए प्रेरित करना होगा, क्योंकि यह उनकी आबादी को बढ़ाने का कारण बनता है। वर्तमान में, पशु जन्म नियंत्रण नियम, 2023 के तहत नसबंदी के बाद कुत्तों को उसी स्थान पर छोड़ना अनिवार्य है। यह नियम कई बार प्रभावी नहीं होता, क्योंकि यह आक्रामक कुत्तों को नियंत्रित करने में बाधा बनता है। सरकार को इन नियमों में संशोधन करना चाहिए ताकि खतरनाक कुत्तों को आश्रय स्थलों में रखा जा सके। यह सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी होगी कि इस प्रक्रिया में कुत्तों के साथ कोई क्रूरता न हो। आश्रय स्थलों में कुत्तों को पर्याप्त भोजन, पानी और चिकित्सा सुविधाएं मिलनी चाहिए। पशु कल्याण संगठनों को इस प्रक्रिया में शामिल करना महत्वपूर्ण है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कुत्तों के साथ मानवीय व्यवहार किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों की समस्या को हल करने और रेबीज को नियंत्रित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यदि इसे प्रभावी रूप से लागू किया जाए तो इस समस्या पर काफी हद तक नियंत्रण किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि दुनिया भर में केवल नीदरलैंड ही एक ऐसा देश है जहां पर आपको आवारा कुत्ते नहीं मिलेंगे।

नीदरलैंड सरकार ने एक अनूठा नियम लागू किया। किसी भी पालतू पशु की दुकान से खरीदे गए महेंगी नसल के कुत्तों पर वहां की सरकार भारी मात्रा में टैक्स लगती है। वहीं दूसरी ओर यदि कोई भी नागरिक इन बेघर पशुओं को गोद लेकर अपनाता है तो उसे आयकर में छूट मिलती है। इस नियम के लागू होते ही लोगों ने अधिक से अधिक बेघर कुत्तों को अपनाना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे नीदरलैंड की सड़कों व मोहल्लों से आवारा कुत्तों की संख्या घटते-घटते बिलकुल शून्य हो गई। दुनिया भर के पशु प्रेमी संगठनों ने इस कार्यक्रम को सबसे सुरक्षित और असरदार माना है। इस कार्यक्रम से न सिर्फ आवारा कुत्तों की जनसंख्या पर रोक लगती है बल्कि आम नागरिकों को भी इस समस्या से निजाद मिलता है। हमारे देश ऐसा कब होगा यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



























